ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 03 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-33, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित




**सेंसेक्स** 73,806.15 ▲ +1,305.85

**डॉलर** 82.849 ▼ -0.061

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)


**आज का अनुमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 17.0 | 26.0 |
| धनबाद | 34.0 | 20.0 | 27.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 20.0 | 29.0 |
| पलामू | 34.0 | 19.0 | 26.0 |


संपादकीय — अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की ... 06

रिहाना ने इंडिया छोड़ने से पहले जीता दिल ...10 — देश-विदेश





## एक नजर

### दुमका की घटना से आहत हूं : सरयू राय



**रांची।** दुमका में स्पेनिश महिला के साथ हुए अमानवीय सामूहिक दुष्कर्म की खबर से मर्माहत हूं। झारखंड में इस किस्म के अपराध पर लेश मात्र भी मुरौव्वत नहीं होनी चाहिए। जितने भी दोषी हैं सभी को गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि झारखंड का मान मर्दन करने वालों को सबक मिल सके। इसके साथ ही आगे ऐसी घटना करने की हिम्मत न हो सके।

### केंद्रीय सरना समिति की बैठक में सरहुल पूजा धूमधाम से करने का निर्णय

**रांची।** कचहरी स्थित आरआईटी बिल्डिंग में शनिवार को केंद्रीय सरना समिति की बैठक हुई। बैठक में रांची में सरहुल पूजा महोत्सव 2024 को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 10 अप्रैल को उपवास और केकड़ा-मछली पकड़ना होगा। 11अप्रैल को चैत्र तृतीया शुक्ल पक्ष की पूजा और दोपहर एक बजे से सरहुल की शोभायात्रा भव्य रूप से निकाली जाएगी। 12 अप्रैल को फुलखोंसी कार्यक्रम होगा। तिर्की ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों का सबसे बड़ा त्योहार है। यह त्योहार चैत्र के महीने में होता है। आदिवासी सरहुल त्यौहार को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाते है। सरहुल महीने से ही आदिवासियों के नए साल की शुरुआत होती है। केंद्रीय सरना समिति केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल पूजा महोत्सव को बिहार की तर्ज पर राजकीय पर्व घोषित करें और तीन दिनों की राजकीय अवकाश घोषित करें।

### 'जंगली' रेस्तरां ने मनाई 20वीं वर्षगांठ, ग्लास हाउस का हुआ अनावरण

**रांची।** दुर्गेश साहू की सोच, जंगली रेस्तरां, एक पाक प्रकाशस्तंभ के रूप में अपनी 20वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह दुनिया भर के पारखी लोगों के लिए अद्वितीय जंगली व्यंजनों को लाने के लिए सीमाओं को पार कर रहा है। एक निडर साहसी और उत्साही प्रकृति प्रेमी साहू द्वारा 2004 में स्थापित, 'जंगली' रेस्तरां झारखंड के अदम्य परिदृश्यों में उनकी जड़ों और अनुभवों को श्रद्धांजलि देता है। मशहूर रेस्तरां 'जंगली' ने रांची में अपनी छत पर एक शानदार ग्लास हाउस का भी अनावरण किया है। दुर्गेश साहू ने कहा कि वे अपने पिता स्वर्गीय नंदलाल प्रसाद से प्रेरित होकर 'जंगली' रेस्तरां शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जंगली ने इंडिया टुडे ट्रैवल+, आउटलुक ट्रैवलर, डिस्कवरी इंडिया, टाइम्स ऑफ इंडिया, ट्रैवल एक्सपी एचडी जैसे प्रतिष्ठित मीडिया आउटलेट्स से प्रशंसा हासिल की है।

# भारतीय जीवन पद्धति और मिट्टी में बहुत ताकत है : अर्जुन मुंडा

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश में दूसरी हरित क्रांति संबंधी वैज्ञानिक प्रयासों में पारिस्थितिकी संतुलन और मिट्टी के टिकाऊ स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। जल, जंगल, जमीन और प्राकृतिक जीवन व्यवस्था से न्यूनतम छेड़छाड़ करते हुए कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास होगा। श्री मुंडा शनिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), रांची में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का उद्‌घाटन करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन पद्धति और भारतीय मिट्टी में बहुत ताकत है। इस ताकत और यहां की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों को बचाए रखने के लिए सजगता के साथ अगली कृषि क्रांति के लिए सबको काम करना होगा। पहली हरित क्रांति के फायदे मिले, किंतु हम यह ध्यान नहीं रख पाए कि रासायनिक उर्वरकों के ज्यादा प्रयोग से मिट्टी को कितना नुकसान हुआ और आने वाली पीढ़ी के लिए हम मिट्टी को उसके प्राकृतिक स्वरूप में संरक्षित नहीं रख पाए। जहां हमारा उदर भर रहा है, वहीं बीमारियां भी आ रही हैं। केंद्रीय कृषि ने कहा कि वैश्विक तापक्रम में वृद्धि और जलवायु परिवर्तन से पूरी दुनिया प्रभावित है, किंतु हम सबों को देखना है कि अपने-अपने क्षेत्र में हम इससे निपटने के लिए क्या कर सकते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर मिलेट्स हमारी प्राचीन परंपरा, पर्व त्योहार और पूजन पद्धति का अंग रहे हैं। उन्हें हम विस्मृत कर रहे थे, किंतु प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष की अवधारणा प्रस्तुत कर पूरी दुनिया को इन फसलों को बचाने व बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने झारखंड को पूरा सम्मान देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत बिरसा भगवान की जन्मस्थली और उलिहातू से की।

### भाजपा ने अन्नपूर्णा देवी पर दूसरी बार भी जताया भरोसा

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने एक बार फिर अन्नपूर्णा देवी पर भरोसा जताया है। अन्नपूर्णा देवी अभी केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री हैं जिन्होंने साल 2019 में तब के झाविमो उम्मीदवार बाबूलाल मरांडी को बड़े अंतर से हराया था। अब मरांडी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। कई सालों तक राष्ट्रीय जनता दल में अहम पदों पर रही अन्नपूर्णा देवी ने साल 2019 में ही भाजपा का दामन थामा था। पार्टी ने उन पर भरोसा जताया था और तब उम्मीदवार बनाया था। वर्ष 1998 में अपने पति एकीकृत बिहार के मंत्री रहे रमेश प्रसाद यादव की मौत के बाद अन्नपूर्णा देवी ने राजनीति में प्रवेश किया था। 1998 में वह विधानसभा का पहला उपचुनाव लड़ी थी और कोडरमा से विधायक बनी थीं। इसके बाद वर्ष 2000 में विधानसभा चुनाव, 2005 और 2009 का विधानसभा चुनाव जीती थीं। हालांकि वर्ष 2014 में भाजपा की डॉ नीरा यादव ने लगातार जीत का रथ रोक दिया था और पहली बार अन्नपूर्णा देवी को चुनाव में शिकस्त खानी पड़ी थी।

## दो दिवसीय 'चुनाव का पर्व, कला महोत्सव' का हुआ समापन

# मतदान प्रक्रिया में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के आड्रे हाउस में आयोजित 'चुनाव का पर्व, कला महोत्सव' का शनिवार को समापन हो गया। दो दिनों तक मतदान के प्रति युवा वर्ग को जागरूक एवं शिक्षित करने के लिए महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने समापन समारोह में पेंटिंग, रंगोली, क्विज, संगीत, नाटक आदि प्रतिस्पर्द्धा में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे समय में कोई बताने वाला नहीं था कि कैसे वोटर लिस्ट में नाम जोड़ना है, कैसे वोटर आईडी कार्ड प्राप्त करना है। लेकिन, आप सभी उस समय में जी रहे रहे हैं, जब भारत निवार्चन आयोग द्वारा हर व्यक्ति को चुनाव के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि मतदान की प्रक्रिया में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि 'चुनाव का पर्व, कला महोत्सव' में मतदान के प्रति युवा वर्ग को जागरूक एवं शिक्षित करने के लिए महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन किया गया एवं निर्वाचन संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा की गईं। मॉक पोल द्वारा भी युवा वोटरों को मतदान प्रक्रिया के बारे में बताया गया, ताकि वैसे युवा जो अठारह वर्ष से कम आयु के हैं, 18 वर्ष होते ही मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी से अवगत हो जाएं, वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा लें और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। रांची उपायुक्त ने कहा कि आनेवाले दिनों में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा और भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं से इस तरह के कार्यक्रम में और भी अधिक संख्या में शामिल होने की बात की।

# सीआईडी ने दो साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में कुमुद रंजन और एजाज अनवर शामिल है। कुमुद बिहार के नालंदा और एजाज हजारीबाग का रहने वाला है। इनके पास से तीन मोबाइल, तीन सिम, एक लैपटॉप, दो आधार कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड और दो डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं।

डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में 14 जनवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में पीड़ित को टेलीग्राम के माध्मय से संपर्क किया गया, जिसमें एक लिंक पर लॉग इन कर मूवीज रेटिंग करने का पार्ट टाइम जॉब ऑफर किया गया। इसके बाद उन्हें विभिन्न टेलीग्राम प्रोफाइल में जोड़कर मूवीज रेटिंग करने का दबाव बनाया जाने लगा। टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिए गए टास्क को पूरा करने पर शुरू में उनके पेटीएम खाते में कुछ रुपए क्रेडिट हुए। इसके बाद उन्हें भुगतान की ओर से प्राप्त रुपयों को आईसीआईसीआई बैंक के जरिये निवेश करने पर बोनस प्राप्त होने का लालच देकर विभिन्न अकाउंट में डिपोजिट कराया गया। मूवीज रेटिंग के टास्क को करने के लिए उनसे अलग-अलग बैंक खाताओं में रुपए डिपोजिट कराये जाते थे। उन्हें यह भी आश्वासन दिया गया कि 30 मूवीज की रेटिंग पूरी होने पर सारे रुपये कमीशन के साथ वापस कर दिए जाएंगे। 30 मूवीज की रेटिंग पूरी होने पर उनके पेटीएम खाते में कुछ रुपए क्रेडिट हुए। इससे वह झांसे में आ गए और रुपये डिपोजिट करते रहे। झांसा में लेने के लिए इनके एकाउंट में कुछ पैसे डाले गए। लेकिन, बाद में पैसे डालना बंद कर दिया गया और इस तरह से इनके साथ कुल 28 लाख 94 हजार 505 रुपये का साइबर ठगी कर ली गई।

## ट्रैफिक समस्या को लेकर एसडीओ ने की बैठक

# व्यवस्था सुधारने को आपसी समन्वय से काम करें : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

ट्रैफिक जमा समस्या और बाजार व्यवस्था को लेकर एसडीओ जोहन टुड्डू ने अपने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमे स्थानीय अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। एसडीओ ने जाम, बस व टेंपो स्टैंड, बरही चौक के खराब पड़े सीसीटीवी, नो पार्किंग जोन, यातायात संकेतक, चुंगी वसूली आदि सहित विभिन्न बिंदुओं पर सबों से मंतव्य लिया. साथ ही लोगो से व्यवस्था सुधारने के लिए आपसी समन्वय स्थापित करने पर बल दिया. जिस पर सभी ने अपने विचार और सुझाव दिए. विचारोपरांत बाजार को बरहीडीह स्थित अर्धनिर्मित बाजार शेड, एनएच डाक बंगला के समीप ऑटो स्टैंड, सीसीटीवी संचालित करने, बस स्टैंड प्रारंभ करने सहित स्वच्छता बनाए रखने पर निर्णय लिया गया. जिसे स्थानीय विधायक से विचार विमर्श करने के बाद मूर्त रूप देने का काम किया जायेगा. बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा खलखो, एलआरडीसी अजय भगत, असलम ऊर्फ टिंकू आलम आदि सहित अनुमंडलकर्मी मौजूद थे।

## लोस चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

# भयमुक्त वातावरण में स्वच्छ और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध : नीरज



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

कुछ ही दिनों में लोक चुनाव की औपचारिक घोषणा होने वाली है. इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी है. शिक्षण और प्रशिक्षण का दौरा जारी है. इसी क्रम में शनिवार को चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार रामनारायण यादव महाविद्यालय में अनुमंडल पुलिस कर्मी के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. बतौर मुख्य प्रशिक्षक डीजीपी मुख्यालय के डीएसपी नीरज कुमार ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को चुनाव के दौरान पुलिस के अधिकार और कर्तव्य की जानकारी दी. साथ ही सभी से इसे कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया कि भयमुक्त वातावरण में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है. डीएसपी ने बताया की लोक सभा चुनाव के मद्देनजर यह प्रशिक्षण प्रत्येक जिले में आयोजित कर पुलिस कर्मियों को आवश्यक जानकारी और उनके कर्तव्य बोध से अवगत कराया जा रह है. इस दौरान चुनाव संबंधित विशेष कानूनी प्रावधानों, संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों, चेकिंग नाका, मतदान केंद्रों पर की जानी वाली कार्रवाई आदि विभिन्न विन्दुओ पट जानकारियां दी गई. लोक प्रतिनिधित्व एक्ट, भारतीय दंड संहिता आदि अधिनियम सहित आदतन अपराधियों पर निरोधात्मक कार्यवाही करने की बात कही गई. इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन वालो पर होने वाले कारवाई की भी जानकारी दी गई. प्रशिक्षण में बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, बरकट्ठा थाना प्रभारी सुजीत चौधरी, सुशील कुमार, राहुल कुमार सिंह, आशिफ खान सहित अनुमंडल के विभिन्न थाना के पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी शामिल हुए.

## आजसू पार्टी ने किया मिलन समारोह का आयोजन

# झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता आजसू पार्टी में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** प्रखंड के दोवाड्डु पंचायत के बुढ़ागुजु गांव में शनिवार को आजसू पार्टी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बुढ़ागुजु के अलावे सालगाढीपा, गाम्हारटीकरा, तेलेंदा, दोवाड्डु पंचायत के विभिन्न गांवों के झामुमो के सैकड़ों महिला पुरुषों ने आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। जिसमे फागु उरांव, दिलीप उरांव, राजु उरांव, कुंजल उरांव, सचिन उरांव रोशन उरांव, दिनेश उरांव, विमल उरांव, बीरबल उरांव मृत्युंजय लोहरा, मेघन सिंह मुंडा, चंद्र मोहन सिंह मुंडा, नारायण सिंह मुंडा, कांदु उरांव, सावित्री देवी, दूलिया देवी, रीना देवी चिंता देवी, चांगो देवी, रबिन्द्र सिंह, काशीनाथ सिंह, चंद्र मोहन सिंह मुंडा, बाणेश्वर रजक, गोपाल हजाम, निमाई हजाम, महादेव उरांव, चंपा उरांव समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। सभी ने कहा कि सुदेश महतो के द्वारा क्षेत्र किए जा रहे विकास कार्य तथा सिल्ली को अव्वल बनाने के उनके प्रयास से प्रेरित होकर हम सब आजसू पार्टी में शामिल हुए। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश कुमार महतो, केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं बुद्धिजीवी के विजय चंद्र महतो ने सभी नये कार्यकताओं को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।विधायक ने समारोह को सम्बोधित करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए की जा रही कार्यों की जानकारी दी।

### तपकारा गोलीकांड के बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

**खूंटी।** झारखंड पार्टी की ओर से दो मार्च को तपकारा गोलीकांड में मारे गए झारखंड आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। खूंटी के जोजोटोली बस्ती में शनिवार को बलिदानियों की याद में किए गए पत्थलगड़ी स्थल की साफ सफाई कर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे झारखंड पार्टी के जिला महासचिव योगेश वर्मा ने कहा कि झारखंडियों की अस्मिता, धर्म, संस्कृति एवं जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योच्छावर करने वाले बलिदानियों का सपना आज भी अधूरा है। उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए झारखंड पार्टी संघर्ष करेगी। उन्होंने आंदोलनकारी और बलिदानियों को चिह्नित कर उनके स्वजनों को सरकारी सुविधा प्रदान करने की मांग की। बताया गया कि झारखंड पार्टी के संस्थापक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व वाली आदिवासी महासभा के कार्यक्रम में हुए इस गोलीकांड में बलिदान हुए पांच बलिदानियों को खूंटी के जोजोटोली में ही दफनाया गया था।

# हिंडालको इंडस्ट्रीज ने मनाई 75वीं वर्षगांठ



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी/सिल्ली**

हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मुरी में शुक्रवार के दिन अपने 75वाँ वर्षगांठ पूरी होने के उपलक्ष में अपने सभी कर्मचारियों के साथ जन्मगाँठ पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक महोत्सव के साथ एवं सभी के लिए भोज का वृहद आयोजन किया गया था जिसमें कर्मचारियों ने जमकर लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम में मुंबई कॉरपोरेट से आए हुए संस्थान के बिजनेस हेड सौरभ खेडेकर मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में कर्मचारियों को संबोधन करते हुए उन्होंने समस्त मुरी परिवार को इस 75वाँ वर्षगांठ में उपलब्धि के लिए सभी का आभार व्यक्त किया साथ ही साथ उन्होंने कहा कि मुरी आप लोगों के कर्मठता और मेहनत से उत्पादन के क्षेत्र में अपनी पहचान बन चुका है। इस अद्वितीय समय में हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। आप लोगों के सहयोग से हम लोगों ने 75 वां वर्ष तक सफलता से संजीव रहने का साहस का परिचय दिया है। हमारी यात्रा में इस लंबी सफर में हमने उत्पादन के क्षेत्र में नवीनता और उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास किया है। और इसमें हमारी दुनिया भर के ग्राहकों और सहयोगियों का काफी सराहनीय योगदान रहा है। हम लोगों ने 75 वर्षों तक बनी रही दृढ़ संबंधों और समर्पण के माध्यम से सफलता की नई ऊंचाइयों को हासिल किया है एवं हमलोग भविष्य में आने वाले आधुनिक समय में भी इसी तरह से उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुरी प्लांट के हेड रवि नारायण मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भविष्य में मुरी प्लांट अपने उत्पादन के लिए जाना जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### नवदुर्गा मंदिर पूजा समिति एवं मंदिर निर्माण समिति की बैठक में कमिटी का हुआ गठन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के बुढ़ाआम में नवदुर्गा मंदिर पूजा समिति एवं मंदिर निर्माण समिति की बैठक हुई बैठक में कमिटी गठन किया गया। जिसकी अध्यता राजकिशोर महतो ने की बैठक आगमी सवर्जनिक नवदुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर पूजा समिति सह मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया। मुख्य संरक्षक फनी भूषण महतो संरक्षक महेंद्र महतो जिसमें अध्यक्ष सोनाराम महतो उपाध्यक्ष उपेंद्रनाथ महतो रामप्रसाद मोदक सचिव संजय कुमार दत्ता, उप सचिव दीपक गोराई, कोषाध्यक्ष विभूति गोराई, उप कोषाध्यक्ष रोहिना ठाकुर के आलावा महिला समिति से भी कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष नेबूबाला देवी सचिव बेबी देवी कोषाध्यक्ष सविता देवी, उप कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी, हेमांवती देवी शामिल है। इनके अलावा 10 कार्यकारी सदस्यों में राजकिशोर महतो, घासीराम महतो, ठाकुर दास मुंडा, मुकेश महतो, महावीर लोहरा, शिव शंकर प्रसाद, शशि रंजन महतो, अशोक महतो, तरुण महतो, बलराम महतो, श्रावण महतो, दीपक गोराई, महावीर मुंडा, दिनेश महतो बबलू लोहरा रामू मोदक, मुकेश कुमार महतो, राजेश महतो, गौरा महतो, सोहन घटवार, सामू मोदक जीवन मोदक, गणेश महतो, प्राबिन महतो, तारकेश्वर महतो, सुभाष महतो, आदि शामिल हैं।

### प्रभापुंज पब्लिक स्कूल में मुफ्त डॉक्टरी परामर्श और जांच शिविर का आयोजन



**चान्हो।** प्रखण्ड स्थित राजीव नगर प्रभापुंज पब्लिक स्कूल में फ्री जांच और डॉक्टरी सलाह शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। पीपुल केअर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रांची और गप्रभापुंज पब्लिक स्कूल राजीव नगर के सयुंक्त प्रयास से प्रभापुंज पब्लिक स्कूल में फ्री डॉक्टरी परामर्श और जांच शिविर लगया गया जिसमें लगभग 93 लोगों ने जांच कराकर डॉक्टरी सलाह लिया ।जिसमें उक्त होस्पिटल से संबंधित डॉक्टरों में डॉक्टर आशुतोष (जनरल फिजिसियन)डॉ सपना (महिला रोग विशेषज्ञ)और डॉक्टर रजनीश (डेंटिस्ट) अपने अन्य स्टाफों के साथ सेवा दिए। डॉ आशुतोष व स्कूल के डायरेक्टर शालीक राम पांडेय ने कहा कि समय समय पर इस तरह के शिविर का आयोजन करके लोगो के बीच जागरूकता और गरीबों को सही इलाज हो इसके लिए ऐसे सामाजिक कार्यों को अधिक- अधिक होना चाहिए।इसी उधेश्य की पूर्ति के लिए यह कार्यक्रम हुवा और आगे और बेहतर और अधिक सुवीधा के साथ ऐसे कार्यक्रम किये जायेंगे।

### पंचायत समिति सदस्यों ने वनभोज का किया आयोजन



**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन स्वर्ण रेखा नदी तट पर पूरे सिल्ली प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने आपस में मिलकर वनभोज का आयोजन किया। आयोजन को लेकर पूर्व में ही सभी सदस्यों ने आपस में बैठक कर तिथि निर्धारण की थी। वनभोज के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी विचार विमर्श किया। क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण एवं वर्तमान सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने को लेकर भी चर्चा किया। वन भोज में मुरी पूर्वी के पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, बड़ा चागडु के श्री मुंडा, दोवारू के तुलसी मुंडा, कोचों के भीम महतो,हाकेदाग के लखीराम बेदिया, गोराडीह के चैती देवी, पतराहातू के शशांक दुबे, बनता हजाम के विशोखा देवी, बनता उत्तरी के छुटू सिंह मुंडा, बंता दक्षिणी के सुचांद महतो,लुपंग के कविता देवी एवं ज्योति कुमारी, सिल्ली के नीतू देवी, पिस्का पंचायत के अनिल कुमार, बिसिरिया के मनोहर महतो, मुरी पश्चिम के बुधराम महतो एवं टुटकी पंचायत के कमलेश कुमार मौजूद रहे।

### खूंटी में 'आई एम वेरिफाइड वोटर' अभियान कल से

**खूंटी।** जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में शनिवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि आई एम वेरिफाइड वोटर अभियान का शुभारंभ चार मार्च से किया जाएगा। यह अभियान तीन सप्ताह तक चलेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में पूर्वाह्न 10 बजे से चलाया जाएगा। मतदाता स्वयं अपने मतदान केंद्र में जाकर अपना नाम मतदान केंद्र में उपलब्ध मतदाता सूची में दर्ज है अथवा नहीं, इसकी जांच कर सकेंगे। यदि मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है या अन्य त्रुटि हो, तो प्रपत्र 6 एवं 8 संबंधित बीएलओ को समर्पित करेंगे।

### उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**सिमडेगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलो के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 04 मार्च 2024 से सोशल मीडिया अभियान आई एम वेरीफाइड वोटर के संचालन से संबंधित जानकारी देते हुए, उन्हें लोगों के बीच वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर एपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर के साथ अपनी सोशल मीडिया पर अपलोड करने के संबंध में जानकारी दी। साथ ही उपायुक्त ने मतदान के दिन मतदान के प्रयोग के लिए आवश्यक प्रमाण के रूप में 12 प्रकार के आइडेंटिटी कार्ड वैकल्पिक दस्तावेज के अंतर्गत चिन्हित है, इस से संबंधित जानकारी मतदाताओं को देने की बात कही। चूंकि देखा गया है कि कई बार मतदाता सूची में नाम है परंतु एपिक कार्ड नहीं है, इस कारण लोग मताधिकार का प्प्रयोग नहीं कर पाते हैं।

सेंसेक्स 73,806.15 ▲ +1,305.85
डॉलर 82.849 ▼ -0.061

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 17.0 | 26.0 |
| धनबाद | 34.0 | 20.0 | 27.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 20.0 | 29.0 |
| पलामू | 34.0 | 19.0 | 26.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 03 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-33, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय — अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की ... 06 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रिहाना ने इंडिया छोड़ने से पहले जीता दिल ...10 — देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,500

चांदी (1 किलो) 76,200

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# बच्ची का 3 टुकड़ों में बंटा शव बरामद, नरबलि की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
झारखंड के धनबाद जिला अंतर्गत तोपचांची थाना क्षेत्र के रंगाडीह गांव की रहने वाली दो साल की बच्ची का तीन टुकड़ों में बंटा शव बरामद किया गया है। वह 14 दिनों से लापता थी। शनिवार को राजगंज थाना क्षेत्र के महतोटांड स्थित बरडार जोरिया में एक पारंपरिक पूजा स्थल के पास अलग-अलग हिस्सों में बंटे शव की बरामदगी से सनसनी फैल गई है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि जादू-टोना के चक्कर में बच्ची की बलि दी गई है। बच्ची के परिजन और ग्रामीण उत्तेजित हैं। वे मौके पर पहुंची पुलिस के सामने हंगामा करने लगे। बताया



गया कि रंगाडीह गांव के गुजर महतो की बच्ची लक्ष्मी कुमारी 17 फरवरी से लापता थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पा रहा था। शनिवार को किसी ने सूचना दी कि राजगंज थाना क्षेत्र के महतोटांड स्थित बरडार जोरिया में एक बच्ची का क्षत-विक्षत शव पड़ा है।

आसपास के इलाकों में खबर फैली तो लापता बच्ची के परिजन वहां पहुंचे। उन्होंने लाश की शिनाख्त की है। जहां बच्ची का शव मिला है, वहां पारंपरिक पूजा स्थल देवान थान है। झाड़ियों में एक पत्थर पर सिंदूर, जनेऊ, चावल और मिट्टी की हांडी मिली है। शव के बगल में एक मिट्टी की हांडी फोड़ी गई है। हत्या से पहले बच्ची का मुंडन किया गया था। गांव वालों का कहना है कि डायन या जादू-टोना के चक्कर में बच्ची की बलि दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्पेनिश महिला से गैंगरेप मामले में 4 गिरफ्तार

## झारखंड विधानसभा में भी जोरशोर से उठा मुद्दा, विपक्ष हुआ हमलावर

**मानवता और झारखंड को किया शर्मसार**

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**
झारखंड के दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्पेन की एक महिला के साथ गैंगरेप की वारदात में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। मेडिकल जांच में महिला से रेप से पुष्टि हुई है। मामले की जांच के लिए जरमुंडी के एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई है। यह मामला शनिवार को झारखंड विधानसभा में भी उठा। भाजपा विधायक अमित मंडल ने सदन में कहा कि यह पूरे राज्य के लिए शर्मनाक घटना है। यह घटना बताती है कि राज्य की विधि-व्यवस्था कितनी खराब है।



उन्होंने दुमका के एसपी को तत्काल पद से हटाने की मांग की।

**दुमका से भागलपुर के लिए निकले थे दंपति :** यह वारदात शुक्रवार रात की है। महिला अपने पति के साथ इंडिया टूर पर आई है। दोनों स्पेन से पाकिस्तान और बांग्लादेश होते हुए झारखंड के दुमका पहुंचे थे। दोनों अलग-अलग बाइक पर दुमका होते हुए भागलपुर के लिए निकले थे। रास्ते में हंसडीहा बाजार से पहले कुंजी-कुरुमाहाट नामक जगह पर टेंट लगाकर रुके थे। इसी दौरान सात लोग पहुंचे और महिला के साथ गैंगरेप किया। पति-पत्नी के साथ मारपीट भी की गई है। उन्होंने दंपति से पैसे और सामान भी छीन लिए। ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर



स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना ने राज्य की प्रतिष्ठा को अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी धूमिल किया है। सरकार को साढ़े तीन करोड़ झारखंड वासियों के मान-प्रतिष्ठा से कोई मतलब नहीं है। इन्हें लूटपाट एवं अपने परिवार की तिजोरियों को भरने से मतलब है।
**बाबूलाल, झारखंड भाजपा अध्यक्ष**



हमारा झारखंड फिर हुआ शर्मसार! ना विधि, ना व्यवस्था, अपराधियों का मनोबल है अपने चरम पर, ऐसे में आखिर कौन पर्यटक आएगा हमारे राज्य? अगर लूट और झूठ से झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को फुर्सत मिले तो बहन-बेटियों की सुरक्षा पर ध्यान दे सरकार! इस संगीन जुर्म के दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो।
**अमर बाउरी, नेता प्रतिपक्ष झारखंड**

## एक नजर

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कल जाएंगे गिरिडीह

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन चार मार्च को पारसनाथ की धरती गिरिडीह जायेंगे। इसके मद्देनजर विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार को गिरिडीह समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

### प. सिंहभूम से 5 किलो का एक आईईडी बरामद

**प.सिंहभूम।** चाईबासा के टोन्टो थाना के हुसिपी और राजाबासा के बीच जंगली - पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने पांच किलो का एक आईईडी बरामद किया है। बरामद आईईडी को सुरक्षाबलों ने घटनास्थल पर ही डिफ्यूज कर दिया है। एसपी आशुतोष कुमार ने शनिवार को बताया कि नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की योजना को एक बार से विफल कर दिया है।

### छात्र की मौत, केरल के राज्यपाल ने कुलपति को निलंबित किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बीवीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्धार्थ की मौत के संबंध में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के लिए शनिवार को केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति एमआर ससींद्रनाथ को निलंबित कर दिया। छात्र का शव 18 फरवरी को वायनाड स्थित उनके कॉलेज में फँदे से लटका मिला था। खान ने, जो राज्य में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं, यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने अब केरल उच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह सिद्धार्थ की मौत की विस्तृत जांच के लिए उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश या पूर्व न्यायाधीश को नियुक्त करें।

**लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी**

# भाजपा ने 195 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की

**34 केंद्रीय और राज्यमंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष भी लड़ेंगे चुनाव**

**जयंत सिन्हा व गौतम गंभीर ने चुनाव नहीं लड़ने का पहले ही कर दिया था ऐलान**

**प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी से लड़ेंगे चुनाव**
**लोहरदगा से सुदर्शन भगत का टिकट कटा**



गीता कोड़ा — नया चेहरा | समीर उरांव — नया चेहरा | मनीष जायसवाल — नया चेहरा | सुदर्शन भगत — कटा टिकट

**आरएनएम। नई दिल्ली/रांची**
लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची शनिवार को जारी कर दी। मालूम हो कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री की मौजूदगी में मैराथन बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर विस्तार से मंथन हुआ था। इसके बाद ही स्पष्ट हो गया था कि एक-दो दिनों में भाजपा की पहली सूची आ सकती है। जारी सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष का नाम शामिल है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने 16 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 195 लोकसभा सीटों पर उम्मदीवारों के नाम तय कर दिए हैं। प्रधानमंत्री ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

**झारखंड से 11 सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा**

**राजमहल**- ताला मरांडी
**पलामू**- वीडी राम
**जमशेदपुर**- विद्युत चरण महतो
**चाईबासा**- गीता कोड़ा
**खूंटी**- अर्जुन मुंडा
**लोहरदगा**- समीर उरांव
**हजारीबाग**- मनीष जायसवाल
**रांची**- संजय सेठ
**गोड्डा**- निशिकांत दुबे
**कोडरमा**- अन्नपूर्णा देवी
**दुमका**- सुनील सोरेन

# झारखंड की दो राज्यसभा सीटों पर चुनाव के लिए तैयारी पूरी

## कल चुनाव आयोग करेगा अधिसूचना जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच झारखंड में दो राज्यसभा सीटों के लिए 21 मार्च को चुनाव होगा। हालांकि, इस संबंध में अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। इसके लिए अगले सोमवार 4 मार्च को चुनाव की घोषणा होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक 21 मार्च को राज्यसभा की दो सीटों के लिए मतदान की अधिसूचना जारी होते ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो 11 मार्च तक चलेगी। 12 मार्च को स्क्रूटनी होगी और 14 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नतीजे 21 मार्च को मतदान के दिन देर शाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही विधानसभा सचिव के समक्ष नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।



### उम्मीदवारों को लेकर मंथन जारी

दो रास सीटों पर चुनाव होना है, उन पर कांग्रेस और बीजेपी का कब्जा है। कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू और बीजेपी के समीर उरांव का कार्यकाल इस साल 3 मई को खत्म हो रहा है। इधर, इस चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने के लिए एनडीए और यूपीए के अंदर कई उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, हालांकि अभी तक उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

### ▸▸ वोट बिगाड़ सकता है एनडीए

जानकारी के मुताबिक, एनडीए की ओर से मंगलवार तक उम्मीदवार के घोषणा होने की संभावना है, जबकि यूपीए की ओर से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष को रिपोर्ट भेज दी है। कांग्रेस और झाममोके बीच बैठक के बाद उम्मीदवार के नाम की घोषणा जल्द की जाएगी। ऐसी संभावना है कि एनडीए की ओर से चुनाव में दो से अधिक यानी तीन उम्मीदवार उतारे जा सकते हैं। इसके पीछे की वजह वोटों का गणित बिगाड़ना है। सियासी हलचल के बीच सोमवार को अधिसूचना जारी होते ही राज्यसभा चुनाव का बिगुल बज जाएगा।

# सीएनटी में धारा-49 को खत्म करने की रची जा रही साजिश : मुख्यमंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सातवें यानी अंतिम दिन शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सीएनटी में धारा 49 को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। सीएनटी एक्ट खत्म हुआ तो आदिवासी मूलवासी खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वन अधिकार कानून में संशोधन करने जा रही है जिसका हमलोगों ने विरोध किया है। केंद्र को इसको लेकर पत्र भी लिखा है। केंद्र सरकार ग्राम सभा को भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। राज्य की इस दशा का जिम्मेवार भाजपा ही है। यह लोग केवल आदिवासी मूलवासी के विकास की बात करते हैं। जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता है। कोयलांचल को लेकर भी एक संशोधन का बिल लाया है केंद्र सरकार कोयलांचल से रैयतों का अधिकार खत्म करने जा रही है। केंद्र सरकार कोलांचल में लीज को लेकर नया नीति लाने जा रही है, जो रैयतों के लिए ठीक नहीं है। भाजपा को आदिवासियों के बारे में बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है।

# उग्रवादियों ने पिठौरिया में 5 वाहनों को फूंका

■ डीआईजी ने वारदात स्थल का निरीक्षण ■ उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी गठित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादियों ने क्रशर में खड़े तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजी को फूंकने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार देर रात की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद डीआइजी अनुप बिरथरे, सिटी एसपी राजकुमार मेहता और वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। साथ ही मौजूद अधिकारियों को कई निर्देश दिये। मिली जानकारी के अनुसार पिठौरिया थाना के सना स्टोन डिपॉजिट क्रेशर में चार-पांच की संख्या में हथियार बंद उग्रवादी पहुंच कर खुलकर ताडंव किया। क्रशर में ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

### कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान लगातार दे रहा था धमकी

क्रशर के संचालक वारिस अंसारी ने कहा कि फोन के जरिए हम लोग को सूचना स्टाफ ने दी। इसके बाद हम लोग क्रशर पहुंचे। वारिस अंसारी ने कहा कि इसके बाद प्रशासन को घटना की सूचना दी। क्रशर संचालक अंसारी ने बताया कि 28 फरवरी को क्रशर के स्टाफ रामचन्द्र के मोबाइल नर उग्रवादी कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नाम पर धमकी भरा फोन आया था। उस दौरान कहा गया था कि मालिक को बोल देना यहां पर काम बंद कर दे और संगठन से बात करें। इसके बाद हम लोगों ने थाना को इसकी सूचना दी थी। इससे पूर्व भी पिछले वर्ष जनवरी में भी कृष्ण यादव उर्फ सुल्तान के नाम से कुछ उग्रवादी क्रशर में घुसकर स्टाफ के साथ मारपीट करते हुए अपना लेटर पैड पर पांच लाख का लेवी का पर्चा दिया था। इस घटना में लगभग दो करोड़ का नुकसान हुआ है। डीआईजी ने बताया कि लेवी को लेकर पीएलएफआई की ओर से घटना को अंजाम दिया गया है। कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान की गिरफ्तारी के लिए कई रातू, कांके पिठौरिया, ओरमांझी थाना प्रभारियों को शामिल कर एक विशेष टीम का गठन किया गया है। साथ ही इनके समर्थकों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया है। कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान चान्हो का रहने वाला है। इसके खिलाफ कुर्की जब्ती करने का भी निर्देश दिया गया है।

# मप्र के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की पहली सूची के अनुसार प्रधानमंत्री वाराणसी से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह गांधीनगर, लखनऊ से राजनाथ सिंह, अमेठी से स्मृति ईरानी चुनावी मैदान में उतरेंगी। इसके अलावा मध्य प्रदेश की विदिशा सीट से पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। विदिशा से लोकसभा का टिकट दिए जाने पर शिवराज सिंह चौहान की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने पीएम, गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया।

**इंडिया**

# शीर्ष पदों पर निजी क्षेत्रों के प्रमुख एक बड़ी शुरूआत



सुनील बादल

खबर है कि निजी क्षेत्र के 25 विशेषज्ञ केंद्र में प्रमुख पदों पर कार्यभार संभालेंगे। ये प्रतिभाएं नरेंद्र मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं की सुगमता को और बेहतर बनाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने केंद्र सराकर के विभिन्न विभागों में तीन संयुक्त सचिवों और 22 निदेशकों/उप सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दी। आमतौर पर संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के पद अखिल भारतीय सेवाओं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस), भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) और समूह ए की अन्य सेवाओं के अधिकारियों के पास होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि इन विशेषज्ञों की सीधी भर्ती (सरकारी विभागों में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की नियुक्ति) की जा रही है। जिसका मकसद सरकार में नई प्रतिभाओं को शामिल करना है। सीधी भर्ती योजना का शुभारंभ 2018 में किया गया था। इसके तहत संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के स्तर पर भर्ती की जाती है। इन स्तरों पर अधिकारी नीतियां बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस प्रक्रिया से आने वाले अधिकारी बाद में सरकारी प्रणाली का अभिन्न अंग बन जाते हैं। कार्मिक मंत्रालय ने जून 2018 में पहली बार सीधी भर्ती के जरिए दस संयुक्त सचिव रैंक के पदों के लिए आवेदन जारी आमंत्रित किए थे। इन पदों के लिए भर्ती संघ लोग सेवा आयोग (यूपीएससी) ने की थी। अधिकारियों ने बताया कि आयोग ने अक्तूबर 2021 में फिर से केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में संयुक्त सचिव (3), निदेशक (19) और उप सचिव (9) के रूप में नियुक्ति के लिए 31 अभ्यर्थियों की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि अब तक दस संयुक्त सचिवों और 28 निदेशकों/उप सचिवों समेत निजी क्षेत्र के कुल 38 विशेषज्ञ सरकार से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि इस समय आठ संयुक्त सचिवों, 16 निदेशकों और नौ उप सचिवों सहित 33 ऐसे विशेषज्ञ प्रमुख सरकारी विभागों में काम कर रहे हैं।



कभी एक समय था जब यह माना जाता था कि सरकारी नौकरी वाले सबसे परखे हुए लोग होते है जिन्हें जब चाहे उत्तरदायी ठहराया जा सकता है और प्राइवेट लोग उत्तरदायी नहीं हो सकते जबकि विश्व स्तर पर आज यह साबित किया जा चुका है निजी या सरकारी नहीं बल्कि नियमों और तकनीक से किसी भी योग्य और प्रतिभाशाली व्यक्ति को उत्तरदायी बनाया जा सकता है। विकसित पश्चिमी देशों से लेकर मध्य पूर्व तक और अब भारत में भी यह प्रयोग सफल हुआ है। आज डिजिटाइजेशन के दौर में बैंको के कामकाज, यूपीआई भुगतान, स्कूल कॉलेज की फीस, बिजली का बिल से लेकर जमीन या जायदाद की रसीद ऑटोमेटिक या मोबाइल से संभव हुई है या यात्रा की बुकिंग चुटकियों में हो रही है जिससे भ्रष्टाचार तक कम हुआ है तो इसके पीछे वो लाखों युवा है जो विश्व के साथ भारत की विश्वस्तरीय कंपनियों में दिन रात काम कर रहे हैं। यूपीआई या ऑनलाइन पेमेंट में तो आज भारत दुनिया से आगे है। ये सारे असंभव लगते कार्य भारत के सेवा क्षेत्र में हुए निजीकरण के कारण संभव हुआ है। ऐसा नहीं कि सरकारी क्षेत्र में योग्य अधिकारी या लोग नहीं पर उनमें और निजी क्षेत्र के अधिकारियों में बहुत मामूली सा अंतर है वो यह कि वे सिद्धहस्त पेशेवर होते हैं और सरकारी क्षेत्र में नियमों से बंधे या पावर के अहंकार से भरे लोगों की बहुलता होती है। यह कहा जाए तो निजी और सरकारी क्षेत्र की एक अघोषित प्रतिस्पर्धा होगी जिससे निश्चित रूप से कार्यशैली में सुधार होगा और फैसले तेजी से लिए जाएंगे। अब देखना यह है कि जिस तरह के भ्रष्टाचार या अन्य आरोप सरकारी नौकरशाहों पर लगे वैसे अगर इनपर भी लगे या साबित हुए तो क्या होगा?

# जेएसएससी-पीजीटी परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी

## मुख्यमंत्री ने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता-2023 (स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगी-पीजीटी) के परिणाम जारी कर दिये हैं। आयोग ने रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के पदों पर मेधा सह विकल्प के आधार पर अनुक्रमांकवार रिजल्ट जारी किये हैं। आयोग शेष विषयों के परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी करेगा। छात्र परीक्षा के परिणाम जेएसएससी की अधिकारिक बेवसाइट पर चेक कर सकते हैं। जेएसएससी ने 18 अगस्त 2023 से 10 सितंबर 2023 तक स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता-2023 आयोजित की थी।

**चंपाई सोरेन ने सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई**

**मेधा सह विकल्प के आधार पर रिजल्ट जारी**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है। चंपाई सोरेन ने एक्स पर लिखा कि अपनी लगन एवं कड़ी मेहनत से स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेएसएससी-पीजीटी) में उत्तीर्ण हुए सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### वन्य प्राणी सुरक्षा पर करोड़ों खर्च, परिणाम सिफर

# पिठोरिया के पुसू जंगल में मिले दो और भालुओं के शव

**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया (रांची)**

पुसू जंगल में शनिवार को दो और भालुओं के शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। रेंजर जितेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर पिठोरिया के पुसू जंगल से दो भालुओं के शव व खाल बरामद किए गए हैं। बरामद शव एक माह पुराना हो सकता है। शव से नमूना लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

इधर, ग्रामीणों की मानें, तो जंगल में और भालुओं के शव होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार, जंगल में तलाशी ली जा रही है कि वहां और भालुओं के शव हैं या नहीं। प्रश्न यह है कि पिठोरिया के पुसू जंगल से इतने ज्यादा भालुओं के शव क्यों मिल रहे हैं। क्या उनका खान-पान प्रभावित हुआ है, या वे शिकारी के जाल में फंस जा रहे हैं? उनके अंदरुनी अंगों को बाहर तो नहीं बेचा जा रहा है। इन सभी सवालों के जवाब तो गहन फॉरेंसिक जांच के बाद ही सामने आ सकते हैं महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर लगातार प्रयास कर रही है और इस मद में करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन, इस धन का कितना सदुपयोग हो रहा है, इसकी पोल पिठोरिया में हुए भालुओं की लगातार मौत ने खोल दी है।



#### वैली सिटी के निर्माण का भी असर

पहाड़ों व जंगलों के बीच पिठोरिया वैली सिटी के निर्माण से वहां रहे वन्य जीवों को नुकसान पहुंच रहा है। अभी तक दर्जनों भालुओं की मौत हो चुकी है। स्थानीय और जानकार लोगों का कहना है कि वन अधिनियम के अनुसार वन क्षेत्र के 500 मीटर के बाद ही कोई भी निर्माण कार्य होना चाहिए। इसके बावजूद, जंगल से सटे क्षेत्र में निर्माण कार्य को मंजूरी कैसे मिली और किसने दी, इसकी जांच हो। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

दूसरी ओर, चार दिन पहले रेस्क्यू किया गया भालू अंततः जिंदगी की जंग हार गया है। क्षेत्र के रेंजर जीतेंद्र कुमार का कहना है कि हाल में एक भालू को रेस्क्यू किया गया था। उसकी भी मौत हो चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ भी कहा जा सकता है। पुसू जंगल में मिले दो भालुओं के शव के बारे में कहा कि फॉरेंसिक जांच के लिए कहा गया है। थाने में मामला दर्ज करने को भी कहा है।

जल्द ही मामले की पूरी जांच होगी। ग्रामीणों का कहना है कि पुसू जंगल में भालुओं के शव लगातार मिल रहे हैं, लेकिन वन विभाग की फॉरेंसिक टीम वहां नहीं पहुंच रही है। यह एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। पिठोरिया में पुसू गांव के पास जंगल सैकड़ों एकड़ में फैला हुआ है। पुसू जंगल में लकड़बग्घा, तेंदुआ, हिरण, मोर, भालू, खरगोश, शाही, पेंगोलीन, सांप जैसे वन्यप्राणियों का बसेरा है। यह प्रश्न भी खड़ा होता है कि अब तक इस क्षेत्र को वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र क्यों नहीं घोषित किया गया है? इस क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर क्यों खिलवाड़ किया जा रहा है? विभाग इनकी सुरक्षा को लेकर क्यों उदासीन रवैया अपनाए हुए है?

#### एलिफैंट कॉरिडोर है पुसू गांव

**पुसू जंगल में दो भालुओं के शव मिलने के बाद ग्रामीणों के जेहन में बंद हो रहे हाथियों के आने-जाने के रास्ते को लेकर भी सवाल कौंध रहा है। बता दें कि पिठोरिया का पुसू गांव एलिफैंट कॉरिडोर (जंगल में हाथियों के आने-जाने का सामान्य रास्ता) में पड़ता है। पुसू जंगल से हाथियों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद, इस क्षेत्र में निर्माण कार्य लगातार हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है की जिस ओर से हाथियों का आना-जाना होता है, उसी क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा है। अगर हाथियों के आने-जाने का रास्ता बंद हो गया, तो हाथी और ज्यादा उग्र हो जाएंगे। और, इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा।**

**डीएफओ, वन्य प्राणी श्रीकांत ने दो भालुओं की मृत्यु होने और फॉरेंसिक जांच के परिणाम आने पर ही मृत्यु के कारण की पुष्टि करने की बात कही। भालू की वेटनरी कॉलेज में जांच और इलाज भी कराया गया था, पर शरीर का तापमान बहुत था, जिससे उसे बचाया नहीं जा सका और अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटनास्थल पर पहले से ही भालू बड़ी संख्या में रहते हैं और आपसी संघर्ष के कारण ऐसी घटना की संभावना है।**

**श्रीकांत, डीएफओ वन्य प्राणी**

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री को श्री शिव बारात में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति, पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। साथ ही, मुख्यमंत्री को आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से शिव बारात की तैयारियों की जानकारी ली। इस मौके पर श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर के नंद किशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिङ्का सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जेसीआई पुरुषोत्तमपुर ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**रांची।** बदलते मौसम को देखते हुए जेसीआई रांची पुरुषोत्तमपुर ने बर्लिन जनरल अस्पताल के सौजन्य से शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रातू रोड स्थित गुरु कृपा पब्लिक स्कूल में किया। इस जांच शिविर में लगभग 150 लोगों की निःशुल्क कान नाक गला जांच, हियरिंग जांच, नेत्र जांच, दांत जांच, स्त्री एवं प्रसूति रोग की जांच की गई। साथ में सभी को ओआरएस भी दिया गया। जेसीआई पुरुषोत्तमपुर के अध्यक्ष उत्तम ओझा ने कहा कि इस मिशन का लक्ष्य शहर से लेकर गांवों तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करना है। ताकि, कोई भी स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रहे। शिविर में जेसीआई के ज्वाइंट सचिव सह कोऑर्डिनेटर अभिषेक पांडेय, सचिव मनोज कुमार, राजीव रंजन, स्कूल के निदेशक रत्नेश सोलंकी सहित बर्लिन जनरल अस्पताल के डॉक्टर एवं नर्स आदि शामिल थे।

**कैंप में सैकड़ों लोगों का हुआ निःशुल्क चेकअप**

### फिश फीड का प्रशिक्षण लेने मत्स्य कृषकों का दल मुंबई रवाना




**रांची।** 'एक्वाफीड प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी एंड फीडिंग मैनेजमेंट फॉर फ्रेश वाटर फिशेज' विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए झारखंड के मत्स्य कृषकों का 26 सदस्यीय दल शनिवार को मुंबई रवाना हुआ। इस दल का नेतृत्व मत्स्य प्रसार पदाधिकारी मंजू तिर्की कर रही हैं। इस दल में रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, गिरिडीह गुमला, पलामू, गोड्डा, देवघर तथा साहेबगंज के मत्स्य कृषक शामिल हैं। इनका प्रशिक्षण 4-8 मार्च तक मुंबई में चलेगा। इस संबंध में मत्स्य विभाग के निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने बताया कि राज्य में संचालित कल्याणकारी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन से मत्स्य उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुई है। इससे यहां स्थानीय स्तर पर मत्स्य आहार की आवश्यकता देखी जा रही है। आहार देने से मछलियां कम समय में ज्यादा तेजी से बढ़ती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत फीड मिल स्थापित किये जा रहे हैं। कृषकों को तकनीकी ज्ञान तथा स्थानीय पूरक सामग्रियों से फीड बनाने के तरीके जानने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने मुंबई भेजा गया है। ताकि, मत्स्य आहार का उत्पादन कर राज्य को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि फीड बनाने में मुख्य तौर पर धान का कोढ़ा, मक्का, सरसों खल्ली, मूंगफली खल्ली, सोयाबीन खल्ली आदि सामग्रियों का उपयोग किया जाता है।

### विक्रम हाजरा के साथ भावपूर्ण संगीतमय शाम 31 को



**रांची।** राज्य आर्ट ऑफ लिविंग (एओएल) चैप्टर आगामी 31 मार्च को गुरुनानक स्कूल हॉल, पीपी कंपाउंड में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय गायक विक्रम हाजरा के साथ एक भावपूर्ण संगीतमय शाम का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम झारखंड के वंचित जनजातीय स्कूलों और जनजातीय समाज के लिए धन जुटाने के लिए समर्पित होगा। आयोजन समिति ने बताया कि झारखंड में आदिवासी बच्चों के लिए दूरदराज के इलाकों में लगभग 20 मुफ्त स्कूल हैं, जिनमें 3000 से अधिक छात्र हैं। यह कार्यक्रम एओएल के परोपकारी कार्यों को और गति प्रदान करेगा। कार्यक्रम में प्रवेश पत्र के लिए भजन प्रेमी 9570395090 पर संपर्क कर सकते हैं। विक्रम हाजरा आध्यात्मिक गायन के क्षेत्र में सबसे मधुर आवाजों में से एक हैं। वह अंतरराष्ट्रीय एओएल फाउंडेशन के लिए कार्यक्रम निदेशक के रूप में भी कार्य करते हैं और संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी के साथ निकटता से जुड़े हुए हैं।

### जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच बांटें खुशियां : डॉ एसके निराला

**रांची।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, महिलौंग (टाटीसिलवे मार्ग, नामकुम) के डायरेक्टर सह छात्र क्लब चिकित्सक मंच के वरीय संरक्षक डॉ एसके निराला ने अपने जन्मोत्सव पर जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटी। उन्होंने पूजा-अर्चना की, केक काटा एवं द्वारिका हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजन कर मरीजों एवं जरूरतमंदों के स्वास्थ्य जांच कर फ्री दवाएं दी। इस अवसर पर डॉ निराला ने कहा कि अपने जन्मदिन पर जरूरतमंद लोगों के बीच खुशियां लाकर उत्सव मनाएं।मौके पर प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र सिन्हा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एंथोनी किस्कू, डॉ झबुलाल महतो, डॉ पीआर बाखला, डॉ एसके चौहान, डॉ एसके सोनू सहित अन्य चिकित्सकों ने टाटीसिलवे, आदर्शनगर, सूर्यनगर, महिलौंग ग्रामीण क्षेत्र से आए मरीजों की स्वास्थ्य जांच एवं एवं खान-पान रहन-सहन की जानकारियां दीं। मौके पर छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, दिवेश कुमार सिंह इंजीनियर ने डॉ निराला को लंबी उम्र, स्वास्थ्य लाभ एवं सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अस्पताल के सविता कंडुलना, अंजलि रजवाड़, शीतल महतो, शांति खालखो, सोनाली खलखो, संपर्क अधिकारी दिवा पासवान, विकास ताती, मंगल सिंह मुंडा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## एक नजर

### हरित भवन में ब्रह्माकुमारी का आध्यात्मिक कार्यक्रम

**रांची।** महाशिवरात्रि के पूर्व रविवार को हरमू रोड के चौधरी बागान स्थित हरित भवन में प्रातः 08:30 बजे से आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कर रहा है।

### बारह दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंगम मेले का हुआ उद्घाटन

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय नवाटोली केला बगान पिठोरिया में भव्य महाशिवरात्रि द्वादश ज्योतिर्लिंगम मेले का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी झारखंड के कार्यसमिति सदस्य मुनचन राय ने किया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय कांके पिठौरिया की संचालिका बीके राजमती, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, संपति देवी आदि कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### बेचन उरांव को मिला नेपाल प्रज्ञा मातृभाषा साहित्य पुरस्कार

**रांची।** नेपाल देश में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नेपाल के कुंडुख साहित्यकार एवं गोरखापत्र नयां नेपाल कुंडुख पेज के संयोजक बेचन उरांव को नेपाल प्रज्ञा मातृभाषा साहित्य पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। उन्हें एक लाख रुपया एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। यह पुरस्कार नेपाल प्रज्ञा प्रतिष्ठान की ओर से प्रतिष्ठान के कुलाधिपति भूपाल राई ने प्रदान किया।

इस मौके पर बेचन उरांव ने कहा कि साहित्य और मातृभाषा की रक्षा के लिए सभी को जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेपाल देश की नई बहुभाषी कुंडुख भाषा को गांव के विद्यालय में पढ़ाया जाना चाहिए, तभी इस भाषा की महत्व और अधिक बढ़ेगी।

# सुरक्षा के मापदंड से परे खतरनाक हैं स्लीपर बसें

**अमित कुमार। रांची**

लंबी दूरी के लिए रांची से प्रतिदिन चलने वाली सैकड़ों अंतराज्यीय स्लीपर बसें सुरक्षा को धत्ता बताकर बेरोक टोक चल रही हैं । स्लीपर बस की कई दुर्घटनाएँ देश भर से सामने आ चुकी हैं जिसमें आमने-सामने की टक्कर या बस पलटने पर कई यात्री मारे गए । इस दौरान हुई दुर्घटनाओं में सबसे अधिक नींद में सोये हुए व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। इस वजह से इसके परिचालन पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। बावजूद इसके झारखंड में सैकंड़ो की संख्या में स्लीपर बसें चलायी जा रही है। कांटाटोली बस स्टैंड से सबसे अधिक बसे चलती हैं । इसके अलावा धुर्वा, रातू रोड, आईटीआई बस स्टैंड, बूटी मोड़ सहित अन्य कई जगहों से बसें चलती हैं । एक्सपर्ट बताते है कि स्लीपर बसो में सफर कर रही सवारी नींद के वजह से स्थिर अवस्था में होते है और अचानक होने वाली दुर्घटना से उन्हें बचाव का कोई मौका नहीं मिलता है।



**एयर बैग के साथ उपर नीचे होंगे स्लीपर बर्थ :** केद्र सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए सेंट्रल व्हीकल मोटर एक्ट में बदलाव कर एक क्लोज एआइएस119 जोड़ा है। इसके तहत स्लीपर बस संचालको को एक मापदंड के अनुसार ही अपनी बसों का निर्माण कराना है, तभी उन गाड़ियों का परमिट पास किया जाएगा। इसमें गाड़ी के उपर और नीचे स्लीपर बोगी बनानी है साथ ही स्लीपर बर्थ में सुरक्षा के लिए बैल्ट और दुर्घटना के दौरान खुलने वाला एयर बैग सहित आगे पीछे दो गेट होना आनिवार्य है।

**राजधानी में धड़ल्ले से दौड़ रही है पुराने मॉडल की स्लीपर बसें :** नये नियम लागू होने के बाद भी राजधानी में आज भी एआइएस 52 नियमों के तहत जारी पैमाने पर चलने वाली अधिकांश बसों का परिचालन हो रहा है। नये नियम के तहत बनने वाली गाड़ियों का स्पष्टीकरण नहीं मिलने से जिला परिवहन विभाग द्वारा परमिट जारी नहीं किया गया है।

**अखिलेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी :** राजधानी से लंबी दूरी के लिए चलने वाले अधिकांश स्लीपर बसों में सिर्फ उपर ही स्लीपर बर्थ बने होते है, जिसका एक स्लीपर बर्थ पर दो लोगों का टैक्स देना होता है। हालांकि यह एमवीआई का मामला हो जाता है कि पुराने बसों का मापदंड अभी कैसा हो । उनकी रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई होगी।

#### किशोर मंत्री, अध्यक्ष एफजेसीसीआइ



2018 में झारखंड सरकार ने उन बसों को मान्यता दी थी। इसके बाद बनने वाले सभी बसें उसी मापदंड के अनुरुप है। लेकिन बसों की कंडीशन अच्छी होने की वजह से वे सभी बसें आज भी सड़कों पर दौड़ रही है। वर्तमान में नये मापदंड के अनुसार बसों को तैयार किया जा रहा है।

#### जब चलती-फिरती चिता बन गई थी स्लीपर बसें

बीते 8 नवंबर को गुरुग्राम से उत्तर-प्रदेश के हमीरपुर के लिए स्लीपर बस चली अचानक सवारियों को धुएं से घुटन और गर्मी महसूस होने लगी। जब तक बस को रोककर देखा गया, तब बाहर से बस आग की लपटों से घिरी थी। घटना के वक्त बस में करीब 50 सवारियां थी, जलती बस से बाहर निकलना आसान नहीं था। बस में धुआं भरने से लोगों का दम घुटने लगा था. कुछ लोग बस की खिड़की तोड़कर बाहर निकले और अपनी जान बचाई। गुरुग्राम में स्लीपर में आग लगने की कोई पहली घटना नहीं है, पिछले 2 वर्ष में ऐसी 5 घटनाएं सामने आई हैं. इन हादसों में 50 लोगों की जान चली गई, सैंकड़ों लोग घायल हुए। जून 2022 में कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में स्लीपर बस में दुर्घटना के बाद आग लग गई थी। इस हादसे में 7 लोगों की जलकर मौत हो गई थी।

## मेहनत और लगन से पढ़ाई करें विद्यार्थी : जीनत कौशर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शनिवार को फ्रेशर्स डे और फेयरवेल का आयोजन किया गया। मौके पर संस्थान के न्यू पारा मेडिकल एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। वहीं, पारा मेडिकल एवं फार्मेसी के विद्यार्थियों को फेयरवेल दिया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गीत व नृत्य पर संस्था के स्टूडेंट्स जमकर थिरके। कौंसिल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की सचिव श्रीमती जीनत कौशर थीं। उन्होंने कहा कि आप सभी स्टूडेंट मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपने कॉलेज का नाम रोशन करें। पैरामेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ नाजनीन कौसर ने कहा कि हमारा इंस्टीट्यूशन मुख्य रूप से शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं के रणनीतिक शिक्षण के माध्यम से एक अच्छा इंसान बनाने और एक सफल पेशेवर बनाने पर केंद्रित है। संस्थान की निदेशक डॉ शाहीन कौशर ने कहा कि मैं सभी नए विद्यार्थियों का अपने कॉलेज में तहे दिल से स्वागत करती हूं। आप सभी को शिक्षण संसाधनों, व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण विधियों से लैस करने में हर संभव प्रयास करूंगी।

## सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची में इमर्जिंग ट्रेंड्स इन साइंटिफिक रिसर्च पर व्याख्यान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के जंतु विभाग ने आईक्यूएसी अकादमिक सहयोग पहल के तहत इमर्जिंग ट्रेंड्स इन साइंटिफिक रिसर्च पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। वर्जीनिया टेक्निकल यूनिवर्सिटी के निदेशक प्रो (डॉ) सुनील कुमार सिन्हा ने अपने शोध कार्य एवं विचारों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने भूमिगत जल और उसके संरक्षण की उपयोगिता को डाटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के परस्पर उपयोग की महत्ता पर प्रकाश डाला और आने वाली पीढ़ियो को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को और प्रश्नों को गंभीरता पूर्वक सुना और सुलझाया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षाविदों के लिए संयुक्त शैक्षणिक अनुसंधान, संयुक्त




कार्यशालाओं और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए एक व्यापक साझेदारी की सुविधा प्रदान करना है भी था।

फादर डॉ नाबोर लकड़ा, प्रिंसिपल, सेंट जेवियर्स कॉलेज, डॉ भारती रायपत विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग, सेंट जेवियर्स कॉलेज और रेक्टर डॉ अलेक्स एक्का, प्रो डॉ. शिव कुमार, डॉ रितेश शुक्ला, डॉ प्रिया श्रीवास्तव, डॉ मनोज, डॉ पीपस, प्रो रितेश सिंह, प्रो कमलदीप, प्रो अजय, प्रो सेन, प्रो संयुक्ता कुमार प्रो मौली और विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रिंसिपल ने कहा, अच्छी तरह से शिक्षित एवं योग्य युवा को विकसित करना शिक्षा और उद्योग दोनों की जिम्मेदारी है। यह कार्यक्रम युवा शोधकर्ताओं को शिक्षाविदों को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों का विश्लेषण और मिलान करने के लिए आवश्यक कौशल सेट और योग्यता से लैस करने में मदद करेगा।

## श्री श्याम भंडारे में 3500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल का 102वां श्री श्याम भंडारा शनिवार को भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के गीतादेवी सरावगी, संतोष सरावगी, सुनील सरावगी, स्वाती, अनुराधा, श्याम, यश, पिंकी, शीतल, पुनीत, अंकिता, पियूष, ऋतिक सरावगी ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश, रिद्धि सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुड़जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। 'आओ आओ भोग लगाओ' बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमानश्री परिवार ने खाटू नरेश का मनोहर किया। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रद्धा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को सरावगी परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमानश्री सरावगी परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया।

#### श्री सुंदरकांड पाठ 5 को

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार (5 मार्च) को संध्या 4:30 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 92वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य द्वारा पाठ करवाया जाएगा। सुनील मोदी अपने परिजनों के साथ बजरंगबली की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी भक्तों को आमंत्रित किया है।

## रांची सदर अस्पताल में पहली बार टेप विधि से हर्निया का सफल ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सदर अस्पताल रांची के सर्जरी विभाग ने मार्च महीने की शुरुआत में ही एक नई उपलब्धि हासिल कर ली है। सदर अस्पताल में पहली बार टेप (टोटली एक्स्ट्रा पेरिटोनील) विधि द्वारा इंगुइनल हर्निया का ऑपरेशन किया गया है। झारखंड के किसी भी सदर अस्पताल में संभवतः पहली बार टीईपी या टेप विधि से ऑपरेशन हुआ है। इस विधि में बिना पेट के अंदर गए हुए, पेट की दीवार के परतों के बीच जगह बनाकर, हर्निया की थैली को छुड़ा कर उसे काट कर बांध देते है। इसके बाद प्रोलिन जाली बिछा दी जाती है। यह पूरी प्रक्रिया तीन अत्यंत छोटे छेदों द्वारा की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि टेप विधि से हर्निया का ऑपरेशन रांची के कोकर के रहने वाले 46 वर्षीय मरीज जय किशुन यादव की हुई है। वे काफी लंबे समय से दाहिने तरफ के हर्निया से परेशान





थे। उनके पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं था। उनका आपरेशन निःशुल्क हुआ है। बताया गया कि इस पूरी प्रक्रिया में सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक का विशेष योगदान रहा। कहा कि इससे पहले भी चार अलग-अलग लेप्रोस्कोपिक विधि से विभिन्न प्रकार के हर्निया के आपरेशन की शुरुआत सदर अस्पताल, रांची में की गई है। ऑपरेशन करने वाली टीम में लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार, निशचेतक डॉ दीपक, डॉ विकास वल्लभ तथा ओटी स्टाफ सरिता, शशि, लखन, सुशील, मुकेश, पूनम आदि शामिल थे। बताया गया कि टेप विधि अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी है। इस आपरेशन को करने के लिए हाई स्किल की जरूरत होती है। आम तौर पर निजी और कॉरपोरेट अस्पतालों में संपन्न मरीज ही इसे करवाते हैं। सामान्यतः यह आपरेशन महंगी होती हैं।

#### टेप विधि से ऑपरेशन के फायदे

- इसमें रक्तस्राव नगण्य होता है।
- दर्द बहुत कम होता है।
- मरीज अपनी दिनचर्या में बहुत जल्द (2-3दिनों में) वापस लौट जाते हैं।
- चीरा का कोई दाग नहीं रहता है।
- दोबारा हर्निया होने का खतरा ओपन विधि के मुकाबले बहुत कम होता है।

# विदेशी महिला के सामूहिक दुष्कर्म पर विपक्षी दलों का जोरदार हंगामा, दो बार सदन स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा बजट सत्र के अंतिम दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही दुमका में स्पेन की महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले को लेकर भाजपा विधायकों ने जोरदार हंगामा करते हुए वेल तक आ गये । जिसके बाद सत्ता पक्ष के विधायक भी नारेबाजी करने लगे, दोनों पक्षों के हंगामा को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने 12 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी, दोबारा जब सदन शुरू हुआ तो फिर दोनों पक्ष के विधायक हंगामा और नारेबाजी करने लगे, अध्यक्ष ने फिर २ बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया । दुष्कर्म मामले को लेकर भाजपा विधायकों ने दुमका एसपी को हटाने के साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की । वहीं, सत्ता पक्ष ने विपक्ष को इस मामले में राजनीति न करने की सलाह दी ।

## राज्य में कानून व्यवस्था चरमरायी,अपराधियों का बढ़ा मनोबल : बिरंची नारायण



11 बजे जब सदन कि कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने दुमका में विदेशी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया । भाजपा विधायक ने कहा कि जिस तरह मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने दुष्कर्मियों को फांसी देने का कानून बनाया है, वैसा ही कानून यहां भी बनाने की आवश्यकता है । इस मामले में भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गयी है और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है । अनंत ओझा ने स्पेन की महिला से सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना को दुनिया में भारत और झारखंड की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताते हुए कहा कि इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ।

## पीएम मोदी ने झारखंडियों को गाली दी : प्रदीप यादव



भाजपा विधायक जब दुष्कर्म का मामला उठा रहे थे, तभी कांग्रेस के प्रदीप यादव और झामुमो के सुदिव्य सोनू ने प्रधानमंत्री के बयान पर सदन में विशेष चर्चा कराने की मांग की । इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक वेल में नारेबाजी करने लगे । विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धनबाद आये थे । वहां वे पंचायत स्तर के नेता की तरह झारखंडवासियों को गाली देकर चले गये । इसपर सदन में चर्चा होना चाहिए । इसके बाद कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और उमाशंकर अकेला वेल में आ गये थे । इस दौरान दोनों पक्ष के विधायक हंगामा और नारेबाजी करना शुरू कर दिया । बीजेपी के भी विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे थे । हंगामे के कारण स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे तक और फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी ।

**घटना दुर्भाग्यपूर्ण - मंत्री मिथिलेश ठाकुर**

**दुमका दुष्कर्म मामले पर सरकार का पक्ष रखते हुए राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भी दुमका की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि मुख्यमंत्री को इस मामले में डीजीपी से बात कर उचित आदेश देना चाहिए ।**



**किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा । वहीं, दुमका में स्पेनिश महिला से दुष्कर्म की घटना पर कांग्रेस की महिला विधायकों ने कहा कि पूरी जानकारी लेने के बाद ही वह कुछ कहेंगी ।**

# पश्चिम बंगाल से दुमका होते हुए नेपाल जा रही थी पीड़िता

**दुमका।** जिले में स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में जिले के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने जानकारी दी है कि उक्त महिला पश्चिम बंगाल से दुमका के रास्ते नेपाल जा रही थी। रात हो जाने के कारण वह हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट गांव के पास सुनसान इलाके में रुक गयी। जहां सात युवकों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। साथ ही युवकों ने महिला और उसके पति के साथ मारपीट कर छिनतई भी किया है। एसपी ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवकों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अन्य सहयोगियों के नाम बताये हैं। इस मामले में एसआईटी का गठन कर दिया गया है और अन्य दोषियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। एसपी ने कहा कि वे और दुमका डीआईजी संजीव कुमार इस मामले पर नजर बनाये हुए हैं। एसपी ने बताया कि जब उन्होंने पीड़िता से पूछताछ की तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि इसमें कुल सात लोग शामिल थे। पीड़िता ने बताया कि युवकों ने उसके और उसके पति के साथ मारपीट भी की और करीब 10 हजार रुपए भी छीन लिए।

## घटना के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार, पूरे संथाल परगना के पुलिस को तत्काल बदलें



**दुमका।** सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र गोड्डा के हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्पेन की एक महिला यात्री के साथ दुष्कर्म की दुखद घटना घटी है। उन्होंने आगे लिखा कि जेएमएम और कांग्रेस सरकार ने पिछले 4 वर्षों में संथाल परगना में हर जगह बिना प्रशिक्षण के पुलिस अधिकारियों को तैनात कर हत्या, लूट और बलात्कार को बढ़ावा दिया है। आदिवासियों की आबादी घटती जा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से पूरे संथाल परगना की पुलिस प्रशासन को तुरंत बदलने और पुलिसकर्मियों को जेल भेजने की मांग की है।

## ऐसे मामले पर किसी को नहीं करनी चाहिए राजनीति : इरफान अंसारी



डॉ. इरफान अंसारी ने झारखंड की उपराजधानी दुमका में स्पेन की महिला से दुष्कर्म की घटना को दुखद बताते हुए कहा कि इस घटना के दोषियों को सजा दिलाने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से काम करेगी, लेकिन विपक्ष को ऐसे संवेदनशील मामलों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

# चुनाव की तैयारी की हुई समीक्षा कल से सोशल मीडिया पर अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार शनिवार को समाहरणालय में लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में चार मार्च से सोशल मीडिया अभियान #आई एम वेरिफाइड वोटर के संचालन के संबंध में चर्चा की गई। अभियान का प्रारम्भ संपूर्ण राज्य में सभी मतदान केन्द्रों पर चार मार्च को किया जाएगा। किसी भी चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता का नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में निबंधित होना अनिवार्य है। विगत चुनावों में कहीं-कही से ऐसे मामलें प्रकाश में आते है कि कोई मतदाता अपना फोटो मतदाता पहचान पत्र लेकर मतदान करने जाते है, लेकिन मतदाता सूची में संबंधित मतदाता का नाम निबंधित नहीं होने के कारण यह मतदान करने से वंचित रह जाता है। आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 में ऐसी एक भी



घटना न हो, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करनेके लिए सोशल मीडिया के माध्यम से #आई एम वेरिफाइड वोटर अभियान का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर अधिकारियों ने कई निर्देश पदाधिकारियों को दिये। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जेम्स सुरिन, अपर समाहर्ता (नक्सल), सुदर्शन मुर्मू, भूमि सुधार उप- समाहर्ता, मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, प्रक्षिमान उप-समाहर्ता त्रिभुवन सिंह एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं सम्बंधित सभी अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 'जन विश्वास महारैली में उमड़ेगा जनसैलाब'

**रांची।** पटना के गांधी मैदान में रविवार को होने वाली महागठबंधन की जनविश्वास महारैली में शामिल होने के लिए झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) के पदधारी व कार्यकर्ताओं का दल पटना पहुंच गया है। इस संबंध में राजद महिला प्रकोष्ठ, झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने बताया कि महागठबंधन की जन विश्वास महा रैली में झारखंड प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष सहित अन्य पदधारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। कहा कि जनविश्वास महारैली में जनसैलाब उमड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिहार एवं झारखंड में महागठबंधन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ रहा है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से आम जनता का मोह भंग हो चुका है। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को व्यापक जन समर्थन मिलेगा। रानी कुमारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गैर भाजपा-शासित राज्यों में महागठबंधन की सरकार को बेवजह अस्थिर करने में जुटी है।

# जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का किया ऐलान

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची/नई दिल्ली।** भाजपा की ओर से लोकसभा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के पहले ही शनिवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उन्हें चुनावी जिम्मेदारियों से मुक्त करने का अनुरोध किया, ताकि वह भारत और दुनिया भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। जयंत सिन्हा ने उन्हें हजारीबाग और देश के लोगों की सेवा का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। जयंत सिन्हा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुझे मेरे प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि मैं भारत और दुनिया भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने पर



**जयंत सिन्हा ने देश के लोगों की सेवा का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार भी व्यक्त किया**

अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं।हालांकि, चुनावी जिम्मेदारियों से मुक्त होने के बाद भी पार्टी के लिए काम करने का वादा करते हुए उन्होंने आगे कहा, मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा। मुझे पिछले दस वर्षों में भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। मुझे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा नेतृत्व द्वारा कई अवसर दिए जाने का आशीर्वाद मिला है। सभी के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता। जय हिन्द!

बता दें कि जयंत सिन्हा के पोस्ट से कई घंटे पहले पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर और पूर्वी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा सांसद गौतम गंभीर ने भी शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उन्हें राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्त करने का आग्रह किया था ताकि वह अपनी क्रिकेट की प्रतिबद्धताओं पर ध्यान दे सकें। गौतम गंभीर ने उन्हें लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद भी कहा था।

## न्यूज बॉक्स

### सदन में कांग्रेस विधायक ने उठाया एचईसी का मुद्दा

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में सरकारी संकल्प के दौरान खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने एचईसी का मुद्दा उठाया । उन्होंने कहा कि एचईसी कर्मियों को 20 माह से वेतन नहीं मिल रहा है । एचईसी की बदहाली के लिए केंद्र और भाजपा सरकार जिम्मेवार है । कच्छप ने अगर एचईसी बंद होता है तो खाली जमीन को रैयतों को वापस कर देना चाहिए । इसका जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर ने कहा कि इसमें सरकार कुछ नहीं कर सकती है। कंपनी को ही खाली और बिना इस्तेमाल होने वाली जमीन को वापस करना चाहिए । उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने नियम बनाया था कि जो कंपनी जमीन अधिकृत करेगी, अगर वह 5 साल तक इसका इस्तेमाल नहीं करती है तो उसे रैयतों को वापस कर देना होगा । विधायक राजेश कच्छप ने सदन में कहा कि अगर एचईसी बंद होता है तो राज्य सरकार इसे टेकओवर कर ले और खाली पड़े जमीन को रैयतों वापस कर दे।

### नए भवन में जल्द शुरू होगा न्यायिक कार्य : मंत्री

**रांची।** चक्रधरपुर में जल्द ही अनुमंडलीय न्यायिक भवन में कार्य आरंभ हो जायेगा, यह जानकारी भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने सदन में जानकारी दी । चक्रधर के झामुमो विधायक सुखराम उरावं ने सदन में यह मामला उठाते हुए कहा कि अनुमंडल बने 42साल हो गए , लेकिन अभी तक अनुमंडल मुख्यालय में न्यायिक कार्य के लिए लोगों को चाईबासाजाना पड़ता है, पिछले कुछ साल से अनुमंडल का अपना भवन बन कर तैयार है , लेकिन उसमें अभी कार्य आरंभ नहीं किया गया है। झामुमो विधायक के सवाल का जवाब देते मंत्री ने कहा कि कुछ कार्य अंतिम दौर में है, उसके समाप्त होते अगले वित्तीय वर्ष में आरंभ कर दिया जायेगा ।

### झारखंड विधानसभा में स्मार्ट मीटर का मुद्दा उठा

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सातवें और अंतिम दिन शनिवार को भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने राज्य में लग रहे स्मार्ट मीटर का मुद्दा उठाया। विधायक की ओर से मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर लगाये जाने के दौरान तार की खरीदारी और उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले बोझ पर बल दिया गया। इस दौरान विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि नया स्मार्ट मीटर लगाने के लिये उपभोक्ताओं को निजी खर्च से तार नहीं देना है। इस संबंध में बिजली वितरण निगम की ओर से समय समय पर कैंप और समाचार पत्रों में विज्ञापन और खबर के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गयी है। रांची में अब तक एक लाख 96 हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये है। वहीं, धनबाद जिला में भी दो हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं। अन्य किसी भी जिला में स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। विधायक की ओर से पूछा गया कि पुराने मीटर को एजेंसी के लोग साथ ले जाते है। इस पर विभाग ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय में पूराने मीटर को सौंप दिया जाता है, जिसके बाद एग्जीक्यूटिव इंजीनियर की ओर से पुराने मीटर और नया मीटर अधिष्ठापन का सत्यापन करती है।

### हेमंत को किताबें देने जाऊंगी : कल्पना सोरेन



**रांची।** कल्पना मुर्मू सोरेन ने अपने पति हेमंत सोरेन के 'एक्स' अकाउंट पर लिखा कि वे रविवार को श्री सोरेन को जेल में पढ़ने के लिए किताब देने जाएंगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी ने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा है- 'हेमंत जी ने पढ़ने के लिए किताबें मांगी हैं। कल उन्हें यह किताबें देने जाऊंगी। इससे पहले भी हेमंत जी ने झारखंड आंदोलन, मुंडारी, हो और कुड़ुख भाषा आदि से जुड़ी किताबें पढ़ने के लिए मंगाई थी।' लिखा है- 'हेमंत जी को किताबें पढ़ने का हमेशा से शौक रहा है। वह घर में अपनी किताबों को बहुत प्रेम से संजों कर रखते हैं। अन्य किताबों के साथ-साथ झारखंड और झारखंड आंदोलन से जुड़ी किताबें वह हमेशा विशेष रुचि ले कर पढ़ते रहे हैं। राज्य की बागडोर संभालने के बाद उन्होंने उनसे मिलने वाले सभी लोगों से 'बुके नहीं बुक' देने की अपील की थी।

### रिम्स में राज्य का पहला सर्जिकल स्किल लैब स्थापित



**रांची।** रिम्स के क्षेत्रीय नेत्र संस्थान में राज्य का पहला सर्जिकल स्किल एवं वेट लैब स्थापित किया गया है। रिम्स निदेशक प्रो (डा) राजकुमार ने शनिवार को इसका उद्घाटन किया। वेट लैब के संबंध में विभागाध्यक्ष डा सुनील कुमार ने बताया कि यह तकनीक विदेशों में डॉक्टरों की सर्जिकल ट्रेनिंग के लिए आमतौर पर इस्तेमाल की जाती है। इससे जूनियर डॉक्टर कभी भी इस लैब में कृत्रिम आंख या बकरी की आंख की मदद से शल्य क्रिया सीख सकते है। डॉ सुनील ने बताया कि शुरूआती दौर में नेत्र विभाग के जुनियर डॉक्टर इस लैब में शल्य क्रिया का अभ्यास कर सकेंगें और आने वाले समय में जिला स्तर पर पदस्थापित नेत्र सर्जनों के लिए भी वर्कशाप का आयोजन किया जायेगा ताकि वह भी इसका लाभ ले सकें। मौके पर नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार, डीन प्रो विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी के साथ विभाग के डा दीपक लकड़ा, डा राहुल प्रसाद के अलावा वरीय एवं कनीय चिकित्सक, नर्स और कर्मचारी उपस्थित थे।

## हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा और जुर्माना

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने हत्या के दोषी राहुल लाल को शनिवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त दो साल जेल काटनी होगी। राहुल पंडरा ओपी क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी का निवासी है। उस पर पंडरा ओपी के विद्यानगर निवासी कमल कुमार की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था। घटना चार मई, 2021 की है। घटनास्थल से पिस्टल, कारतूस और चाकू बरामद किया गया था। मृतक के भाई ने गोंदा थाना में पांच मई, 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से मामले के जांच अधिकारी दीपक कुमार सहित 14 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। इसमें से आठ गवाह घटना का समर्थन नहीं किया था। अदालत इन गवाहों को होस्टाइल घोषित कर दिया था।

# अवैध खनन में भगवान, टिंकल और कृष्णा साहा पर आरोप गठन 14 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साहिबगंज में हुए अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा के खिलाफ ईडी कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने 14 मार्च को आरोप गठन होगा। ईडी कोर्ट इन तीनों की डिस्चार्ज पिटिशन खारिज कर चुका है। आरोप गठन के बाद इनके मामले में ट्रायल शुरू होगा। मामले में भगवान भगत, टिंकल भगत एवं कृष्णा साहा एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने इसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है। कृष्णा साहा को इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिल चुकी है। भगवान एवं टिंकल भगत ईडी की न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। भगवान भगत अपनी कंपनियों के जरिए पत्थर का कारोबार करता था। वह मामले के एक अन्य आरोपित पंकज मिश्रा का काम देखता था। 8 जुलाई 2022 को ईडी की हुई छापेमारी में भगवान भगत के घर से 28.50 लाख रुपये मिले थे। भगवान




भगत एवं टिंकल भगत को ईडी ने 7 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के खास सहयोगी माने जाते हैं। टिंकल एवं कृष्णा भगत अवैध खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचाते थे। मामले में 5 जुलाई 2023 को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने अवैध खनन मामले में कृष्णा साहा को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने कृष्णा कुमार के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। कृष्णा कुमार साहा साहिबगंज जिले के बड़हरवा का निवासी है।

## आज हर व्यक्ति भाजपा से जुड़ कर राष्ट्र की सेवा करना

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी, रांची महानगर जिला के तत्वावधान में शनिवार को महानगर कार्यालय, रातू रोड में महानगर अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में मिलन समारोह संपन्न हुआ। मिलन समारोह में लोजपा नेत्री श्रीमती पूनम बाला एवं कांग्रेस नेत्री अंकिता वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया। सभी कार्यकर्ताओं को विधायक सीपी सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह एवं जिला अध्यक्ष वरुण साहू ने फूल-माला एवं भाजपा का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि 2024 चुनाव में भाजपा के समर्थन में आंधी चल रही है। आज देश का हर नागरिक मोदी जी के विकास कार्यों के साथ खड़ा होना चाहता है। यही कारण है की आज कांग्रेस की सैकड़ों महिलाओं ने पार्टी का दामन पकड़ा है।

# हमें पूरी गंभीरता और ताकत के साथ लड़ना है चुनाव : मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त को-ऑर्डिनेटरों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई तथा सभी लोकसभा क्षेत्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने ली। को-ऑर्डिनेटरो को गुलाम अहमद मीर ने सभी लोकसभा क्षेत्र में समन्वय समिति की बैठक बुलाने का निर्देश दिया और बैठक में सभी जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्षों, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष, पीसीसी डेलीगेट की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि हमें पूरी गंभीरता और ताकत के साथ चुनाव लड़ना है, ताकि लोकतंत्र के लिए खतरा बने दलों से जनता को मुक्ति दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी लोकसभा क्षेत्र में सामाजिक,



आर्थिक,जातिगत और अन्य सभी पहलुओं का विस्तार से मूल्यांकन जल्द से जल्द करना होगा और उसी के अनुरूप अपनी चुनावी तैयारी को मूर्त रूप देना होगा। इसके साथ ही हमें झारखंड की वर्तमान महागठबंधन सरकार के जरिये की गई विकास योजनाओं के बारे में भी जनता को बताना होगा। बैठक में विमर्श करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनावी बिगुल बज चुका है और हमें मिलकर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार को शिकस्त देना है।

# राज्यपाल ने 100 बार से ज्यादा रक्तदान कर चुके रक्तवीरों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**
**जमशेदपुर।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कई लोगों की ओर से एक सौ से अधिक बार रक्तदान कर मानवता के हित में मिशाल कायम किया जाना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि महान विभूति जमशेदजी नसरवानजी टाटा के जन्मदिन के अवसर पर 2000 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जमशेदजी नसरवान टाटा ने विषम परिस्थितियों में जिस उद्योग को स्थापित किया वह व्यापक रूप धारण कर लिया है तथा मानवता की रक्षा के लिए भी उन्मुख है। उन्होंने रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस कार्य से अन्य लोग भी प्रेरित होंगे। राज्यपाल ने 117 बार रक्तदान करने वाले सतपाल सिंह, 111 बार रक्तदान करने वाले एमबी प्रसाद, 103 बार रक्तदान करने वाले एडवर्ड कुजूर, 102 बार रक्तदान करने वाले कुमारेस हाजरा, 101 बार रक्तदान करने वाले मनोरंजन गौर एवं सुखबीर सिंह, 91 बार रक्तदान करने वाले आनंद प्रसाद तथा 87 बार रक्तदान करने वाले अनुपम घोष को सम्मानित किया।

## व्यापार-उद्यमिता विकास की व्यापक संभावनाएं

**पूर्वी सिहंभूम/रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड में व्यापार और उद्यमिता के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। जरूरत है दृढ़ इच्छा शक्ति की। यदि सरकार एवं उद्यमी इसको बढ़ाने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति रखते हैं तो निश्चित ही व्यापार एवं उद्योग विकसित होंगे। शनिवार को चेंबर भवन पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि इनके विकसित होने से झारखंड भी विकसित होगा। विकास कि अवधारणा को फलीभूत करने के लिए विधि-व्यवस्था का होना जरूरी है। विधि-व्यवस्था के ठीक होने से बाहरी निवेशक यहां निवेश करने के लिए इच्छुक होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन, उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सड़क मार्ग, रेल मार्ग एवं वायु मार्ग को भी विकसित करना पड़ेगा। राज्यपाल ने कहा कि एमएसएमई के विकास के लिए उद्यमी को नित्य हो रहे बदलाव पर ध्यान आकृष्ट करना पड़ेगा। उन्हें अनुभवी लोगों का साथ लेना पड़ेगा एवं अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ उद्यमियों के साथ संयुक्त रूप से उद्यम भी स्थापित करना पड़ेगा। उन्हें बाजार की मांग के अनुसार अपने उत्पादों में विविधता लानी होगी। राज्यपाल ने कहा कि आज पूरी दुनिया का वैश्वीकरण हो चुका है और वैश्वीकरण के इस युग में स्पर्धा करने के लिए एक समान दृष्टिकोण रखने वाले लोगों द्वारा साझा प्रयास करने की भी जरूरत है।

# आरएनआई का नाम बदलकर पीआरजीआई किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्र सरकार ने प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)- 2023 और इसके नियमों को अपने राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही यह अधिनियम एक मार्च से लागू हो गया है। अधिसूचना के अनुसार आरएनआई का नाम बदलकर प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (पीआरजीआई) कर दिया गया है। अब से पत्रिकाओं का पंजीकरण प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)-2023 और प्रेस एवं पत्रिकाओं के पंजीकरण नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार नये अधिनियम के तहत देश में समाचार पत्रों और अन्य पत्रिकाओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करता है। इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नए अधिनियम के अनुसार

**2023 और प्रेस एवं पत्रिकाओं के पंजीकरण नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगा।**

विभिन्न आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रेस रजिस्ट्रार जनरल का ऑनलाइन पोर्टल, प्रेस सेवा पोर्टल (presssewa.prgi.gov.in) लॉन्च किया था। इस पोर्टल के जरिए पत्रिका के मुद्रक द्वारा दी गई सूचना सहित सभी आवेदन, किसी विदेशी पत्रिका के प्रतिकृति संस्करण के पंजीकरण के लिए आवेदन, किसी पत्रिका के पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रकाशक द्वारा आवेदन, पंजीकरण के प्रमाण पत्र में संशोधन के लिए आवेदन, स्थानांतरण के लिए आवेदन पत्रिकाओं का स्वामित्व, पत्रिका के प्रकाशक द्वारा वार्षिक विवरण प्रस्तुत करना और पत्रिका के प्रसार के सत्यापन के लिए डेस्क ऑडिट की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी।

## एक नजर

### ट्रेलर-टेंपो में जोरदार टक्कर, महिला घायल

**बानो।** बानो के जीतू टोली में शनिवार को ट्रेलर ने टेम्पो को जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला घायल हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बानो से जितुटोली टेम्पो से कुछ लोग जा रहे थे।तभी स्टेशन रोड में सामने से आ रहे ट्रेलर ने मोड़ पर मोड़ नही पाने के कारण टेम्पो रगड़ा गया ।ट्रेलर से टेम्पो रगड़ाने से टेम्पो का एक साइड छतिग्रस्त हो गया।इस घटना में एक महिला भी घायल हो गया।महिला का शिवम अस्पताल बानो में प्राथमिक इलाज व एक्सरे कराया गया।ट्रेलर के मालिक द्वारा इलाज के लिए पैसे नही देने से परिजन नाराज थे। टेम्पो में जितुटोली में आयोजित महिला सम्मेलन में भाग लेने के लिये महिलाओं को लेकर जितुटोली जा रहा था।

### भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद की बैठक आज

**बानो।** बानो प्रखंड के डाक बंगला में 3 मार्च को अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद की बैठक रखी गई है । बैठक में सामाजिक बिंदुओं पर चर्चा किया जाएगा ।प्रखंड समिति को मजबूत बनाने पर बल दिया जायेगा ।बैठक में सभी क्षेत्रीय समिति और प्रखंड समिति के सदस्यों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है.उक्त जानकारी प्रखंड अध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने दी।

### किसानों का दल प्रशिक्षण के लिए बेंगलुरु रवाना

**सिमडेगा।** जनजातिया कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार अर्जुन मुंडा के पहल पर कृषि मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा सिमडेगा जिले के किसानों को प्रशिक्षण के लिए बेंगलुरु रवाना किया गया। इसकी जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की केंद्रीय मंत्री के पल पर कृषि मंत्रालय द्वारा समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण हेतु बेंगलुरु भेजा जाता है। इसी क्रम में आज किसानों का एक दल को भी बेंगलुरु रवाना किया गया, जहां वैज्ञानिक तरीके से कृषि कार्य का प्रशिक्षण लेंगे एवं यहां के किसानों को उसका लाभ देंगे। किसानों को रवाना करने के समय जिला महामंत्री दीपक पुरी, ठेठईटांगर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक मौजूद थे।

### अधिकारी व कर्मियों ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ

**कोडरमा।** आत्मा सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों और कर्मियों ने मतदाता प्रतिज्ञा के तहत मतदान का शपथ लिया। अधिकारियों और कर्मियों ने हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी कुल आस्था रखते हुए शपथ लेते हैं कि हम अपने देश के लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

---

सांसद ने ट्वीट कर चुनावी राजनीति से मुक्त करने का पार्टी नेतृत्व से किया आग्रह

# पार्टी कार्यकर्ता हैं आहत, सांसद से पुनर्विचार करने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा द्वारा 2 मार्च को एक ट्वीट किया गया है। जिसमें उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से अपने आप को चुनावी राजनीति से मुक्त करने का आग्रह किया है। जब पार्टी कार्यकर्ताओं ने यह खबर सुनी की सांसद जयंत सिन्हा अब चुनाव नहीं लड़ेंगे तो उनके इस निर्णय से सभी कार्यकर्ता आहत हैं और उनसे निवेदन कर रहे हैं की सांसद अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें। जयंत सिन्हा ने हजारीबाग में अपनी लगन और मेहनत से काफी विकास के पथ लाया है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी काम किया है। कार्यकर्ताओं ने साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संसदीय बोर्ड से पार्टी कार्यकर्ताओं ने निवेदन किया है सांसद जयंत सिन्हा के



प्रस्ताव को अस्वीकृत करते हुए एक बार फिर हजारीबाग लोकसभा का सेवा करने का अवसर उन्हें प्रदान किया जाए। यह मांग करने वालों में रामगढ़ के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोोक प्रसाद मंडल, गोला मंडल

**कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संसदीय बोर्ड से निवेदन किया जयंत सिन्हा के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर चुनाव लड़ाएं**

अध्यक्ष बबलू शाह, चितरपुर मंडल अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, घाटो मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह, मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेष सिंह, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा मंडल, उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो मंडल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुमन सिंह,पूर्व महामंत्री देवेंद्र सिंह, पूर्व जिला महामंत्री रंजीत पांडे, दिलीप सिंह, जगतार सिंह, संतान सिंह, भोला कुशवाहा, महेश चौधरी, अभिषेक चौधरी, मुकेश झा सहित कई पार्टी कार्यकर्ता शामिल हैं।

# पत्र लेखन प्रतियोगिता में बच्चों ने बापू की जीवनी पर प्रकाश डाला




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने बापू की जीवनी, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में बापू की भूमिका, उनके सत्य और अहिंसा के आदर्श और आजादी बाद भारतीय राजनीति में उनकी भूमिका पर चर्चा की। बच्चों ने पत्र लेखन के माध्यम से बताया कि किस तरह बापू के सत्य और अहिंसा के आदर्श हमें आज भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने अहिंसा के मार्ग को अपनाकर भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एक घंटे तक चले प्रतियोगिता के अंत में स्कूल के शिक्षकों ने मूल्यांकन किया। विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने कहा कि निजी या व्यापारिक सूचनाओं को प्राप्त करने तथा भेजने के लिए पत्र व्यवहार विषय अत्यंत कारगार है। प्रेम, क्रोध, जिज्ञासा, प्रार्थना, आदेश, निमंत्रण आदि अनेक भावों को व्यक्त करने के लिए पत्र लेखन का सहारा लिया जाता है। विद्यालय की प्राचार्या स्वाती ने कहा की निश्छल भावों और विचारों का आदान-प्रदान पत्रों द्वारा ही सम्भव है। पत्रलेखन दो व्यक्तियों के बीच होता है। इसके द्वारा दो हृदयों का संबन्ध दृढ़ होता है। अंत में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में घायल छात्र अरुणित केरकेट्टा का निधन, शोक



**सिमडेगा।** सड़क दुर्घटना का शिकार छात्र अरुणित केरकेट्टा की इलाज के क्रम में रांची स्थित अस्पताल में मौत हो गई। उनका पैतृक शरीर गुरुवार को आसनबेड़ा लाया गया। जहाँ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा शामिल हुई। साथ ही दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की दुआ मांगी। वहीं जोसिमा ने इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। जोसिमा खाखा ने अरुणित के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। मौके पर पंसस प्रतिमा कुजूर, तरसिला खड़िया, माइकल खड़िया, जोसेफ बिलुंग, जोसफा सोरेंग, समीर आदि उपस्थित थे।

### बानो में कृषक जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन



**बनो।** बानो कृषि विज्ञान केंद्र में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा कृषक जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया, प्रखंड के सभी पंचायत से आए हुए किसान हिस्सा लिया इस कार्यशाला मैं राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (दिल्ली)के उपनिदेशक अशोक कुमार ने दिया.इस अवसर पर रांची बागवानी बोर्ड के उपनिदेशक ,एस एस पुर्ति पंकज कुमार सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक बानो डॉक्टर हिमांशु सिंह बानो, एवं किसान बहुरन सिंह दामोदर सिंह भीष्म सिंह रामेश्वर सिंह नेवालाल साहू मीरा देवी ज्योति देवी सुरसेन सुरीन रमेश साहू अन्य किसान उपस्थित थे ।किसानों के बीच पलक बी गाजर मूली एवं धनिया का बीज वितरण किया गया संयुक्त रूप से कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह एवं ग्राम पंचायत बानो के मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने बीच का वितरण किया।

### कोचे मुंडा ने सदन में बानो प्रखंड की हुरदा पंचायत को प्रखंड का दर्जा दिलाने की मांग की

**सिमडेगा।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिमडेगा जिला के बानो प्रखंड के हुरदा पंचायत को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कोचे मुंडा ने झारखंड विधानसभा में प्रखंड का दर्जा दिलाने की मांग की।ज्ञात हो कि बानो प्रखंड क्षेत्र से हुरदा पंचायत की दूरी लगभग 40 किलोमीटर है। जिससे उधर के लोगों को किसी भी काम कराने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ता है वहीं अगर 1 दिन में काम नहीं बना तो आम किसान गरीब लोग परेशान हो जाते हैं इससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता हैं।मेरा सदन और राज्य सरकार से आग्रह है की सिमडेगा जिला अंतर्गत प्रखंड बानो के छह पंचायत हुरदा, गेनमेर, रायकेरा, साहूबेड़ा, बिंतुका, जामतई, डुमरिया को मिलाकर हुरदा को प्रखंड बनाया जाए। वर्तमान में हुरदा से बानो की दूरी 40 किलोमीटर लगभग है। इस 40 किलोमीटर की दूरी तय कर प्रखंड में काम कराने में आम जनता को भारी कठिनाई होती है,जिससे जनता का समय एवं पैसा दोनों बर्बाद होता है।अतएव व्यापक लोकहित में छः पंचायत को मिलाकर हुरदा में प्रखंड की स्थापना की जाए, जिससे विकास के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं मिले और बेरोजगारी भी दूर हो।

### पीएम मोदी के विकसित भारत की कल्पना को हम मिलकर साकार करें : मुनेश्वर तिर्की




**बोलबा।** भाजपा बोलबा के द्वारा मण्डल अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंत नारायण मांझी ने बैठक को संबोधित करते हुए पूरे जिले में एसटी मोर्चा के द्वारा लाभार्थी कार्यक्रम युवा चौपाल चलाया जा रहा है।जिसमे सभी पार्टी से जुड़ कर पार्टी हित मे काम करने को कहा।वहीं एसटी मोर्चा जिला मंत्री मुनेश्वर तिर्की ने लोगो से विनम्रता पूर्वक अपील करते हुए कहा की आने वाले लोकसभा चुनाव मे प्रचंड बहुमत के साथ हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फिर से एक बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पीएम मोदी सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास को साथ लेकर कार्य कर रहे हैं।पीएम मोदी के इस कार्य हम सभी के सहयोग से पूर्ण करना है।पीएम मोदी के विकसित भारत की कल्पना को हम सबको पूर्ण करना है। हमारी केंद्र की एनडीए सरकार आम गरीब किसानों के लिए दिन रात काम कर रही है,कई प्रकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है, मौके पर कोलेबिरा विधानसभा विस्तारक हिमांशु कुमार ललन सिंह, सरवन साहू,जोगेंद्र मांझी, राधेश्याम सिंह,एतवा बड़ाईक,कौशल्या देवी, हीरालाल प्रधान राम,सुभग प्रधान,नरेंद्र सिंह,मूस्कू धोभी, रमेश दास,दिलीप सिंह,महेश सिंह,सुकरा केरकेट्टा,भूणेश्वर सिंह,कमलजीत सिंह, नित्यानंद सिंह,इत्यादि मौजूद रहे।

### पालकोट प्रखंड में विकास एवं खनन संबंधी कार्य शुरू करे सरकार : विधायक

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा के मानसून सत्र में पालकोट प्रखंड में रोजगार मुहैया कराने हेतु सभी पथों को दुरुस?त करने, उत?खन?न कार्य व विकास कार्य कराने की मांग की है। विधायक ने कहा कि पालकोट प्रखंड को पिछले 40 वर्षों से वण?य आश्रैणी क्षेत्र घोषित किया गया है। वण?य आश्रैणी क्षेत्र घोषित किये जाने के बाद से प्रखंड में संपूर्ण विकास कार्य ठप है। पथों एवं उत?खन?न संबंधी कार्य एवं विकास कार्य ठप होने से यहां के लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। प्रखंड के लोगों के लिए रोजगार का एक मात्र साधन विकास कार्य है। रोजगार नहीं मिलने से गरीबों की रोजी रोटी पर आफत आ गई है। इस कारण लोग पलायन भी कर रहे हैं। विधायक ने प्रखंड में उत्खनन एवं विकास कार्य शुरू कराते हुए लोगों के लिए रोजगार मुहैया कराने हेतु उचित व्यवस्था कराने की सरकार से मांग की है। विधायक ने कहा कि पालकोट प्रखंड में उत्खन्न संबंधी कार्य एवं विकास कार्य ठप होने से इसका सीधा असर गरीब जनता पर पड़ रहा है। क्षेत्र की जनता रोजगार के लिए इधर उधर भटकने को विवश हैं। काम नहीं मिलने से मजबूरी में लोग दूसरे शहरों में पलायन कर रहे हैं। दूसरे शहर में जाने के बाद न सिर्फ परदेश जाने वाले लोगों की बल्कि उनके परिजनों की भी परेशानी बढ़ जाती है।

---

### स्वास्थ्य शिविर में 70 से अधिक लोगों की हुई जांच

चंदवारा। प्रखंड के बेंदी पंचायत अंतर्गत गांव कुंभियातरी में संस्था समर्पण, आरएमआई और सदर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान से एक दिनी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गांव के 70 से भी ज्यादा लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाईयां और उचित परामर्श दी गई। जबकि पांच मरीजों को सदर हॉस्पिटल रेफर किया गया। आयुष चिकित्सक डॉ. ब्यूटी कुमारी ने कहा कि माइका क्षेत्र होने के कारण यहां के लोगों में कुपोषण, एनीमिया के साथ साथ कमजोरी, बीपी, चर्म रोग,घात समस्या, गैस, एनीमिया, थैलेसीमिया, साइटिका, जोड़ों का दर्द, बदन दर्द, आंख में रौशनी की समस्या जैसी मरीजों की संख्या अधिक है। उन्होंने स्वच्छता को अपनाने और प्रत्येक घरों में पोषण बगिया लगाने की बात कही। कैंप में परियोजना समन्वयक नवीन कुमार, असिस्टेंट फार्मासिस्ट दीपू कुमार, एएनएम मंजू, सेविका संजू देवी, समाजसेवी रमण यादव, सीएफ मनीष लहेरी, राजेश कुमार, क्षेत्रीय कार्यकर्ता जितेंद्र अगेरी, राहुल भुइयां आदि मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# डाटा बेस की तैयारियों से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित निर्देश दिए। उपायुक्त ने आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कहीं। इस दौरान उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईवीएम प्रबंधन, मीडिया



मॉनीटरिंग, कम्युनिकेशन प्लान, मोबलाइजेशन, ट्रांसपोर्ट, स्वीप प्लानिंग, मेडिकल प्लान समेत अन्य कोषांग आदि के दायित्व के निर्वहन और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने चुनाव स्थल तक मतपेटिकाओं को ले जाने हेतु वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही चुनाव कार्य कर रहें अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए इसके लिए उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण देने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुणा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरॉव, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

### कोडरमा में 14 हजार टन मछली का हुआ उत्पादन

**कोडरमा।** जिले में इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में 16 हजार पांच सौ टन मछली उत्पादन के विरूद्ध अभी तक 14 हजार टन मछली का उत्पादन किया गया है। जिले में तिलैया डैम और मरकच्चो के प्रखंड के पचखेरो जलाशय के अलावा जिले में 152 तालाब बंदोबस्त किए गए हैं। हालांकि जिले में 207 सरकारी तालाब हैं, जिसमें सतगावां में 30, कोडरमा प्रखंड में 35, डोमचांच में 34, जयनगर में 47, चंदवारा में 23 और मरकच्चो प्रखंड में 38 तालाब शामिल हैं। हालांकि आज भी करीब 55 तालाब स्थानीय ग्रामीणों के हस्तक्षेप के कारण विभाग इसकी बंदोबस्ती नहीं करा पा रहा है। जिले राजस्व को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिला मतस्य विभाग को इस वित्तीय वर्ष में आठ लाख 62 हजार रू तालाब बंदोबस्ती के तहत राजस्व प्राप्त हुई थी। जिले में इस वित्तीय वर्ष प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना के तहत मछली उत्पादन के क्षेत्र में मतस्य पालकों को 60 प्रतिशत सब्सिडी पर कई योजनाएं दी गई थी।

### वर्तमान विधायक के झूठे वादे से परेशान ग्रामीणों ने झापा पर भरोसा जताया : संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड अंतर्गत रैसिया पंचायत के बोकबा में झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ग्रामीणों की समस्या सुनने पहुंचे ।जहां पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया ।ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के ऊपर झूठे वादे करने का आरोप लगाया ,ग्रामीणों ने कहा पिछले साल बोकबा गांव में 27 मार्च 2023 को झुमझार महत्सव कार्यक्रम हुआ था जिसमे विधायक ने बोकबा गांव में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आश्वासन दिया था लेकिन सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पाया ग्रामीणों ने कहा कि उनके इस झूठे वादे से परेशान ग्रामीणों ने अब झारखंड पार्टी पर भरोसा जाताया है वहीं ग्रामीणों ने कहा कि विधायक यहाँ आते ही नहीं है तो हमारा काम कहाँ से होगा ।ग्रामीणों ने कहा एनोस



एक्का मंत्री थे तो यहां पूरे क्षेत्र में विकास की धारा बहती थी ।अब तो विधायक से मुलाकात होती है ना उनका कोई काम दिखता है। इन सबके बाद झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी हमारा क्षेत्रीय पार्टी है यह हर दुख सुख का पार्टी है। माटी का पार्टी है जल जंगल जमीन का पार्टी है ।राष्ट्रीय पार्टियां जनता के बीच सिर्फ धर्म के नाम पर लड़ाई लगाने की काम करते हैं ।साथ ही संदेश एक्का ने कहा कि आप हमें जीता कर हमारा हाथ मजबूत करें। जिससे हम हर संभव आपकी क्षेत्र का विकास करेंगे और आपके गांव को पक्की सड़क देने का वादा करते हैं।

# विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने सदन में उठाया बिजली, पानी व सड़क का मुद्दा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखण्ड विधानसभा के सदन पर शुन्यकाल में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने ठेठईटांगर से बोलबा केरसई होते हुए किनकेल सिमडेगा तक कुरडेग पथ में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य खत्म हुए पांच वर्ष बीतने के बाद भी रैयतों को मुआवजा नहीं मिलने का आवाज उठाया है इसके अलावा सिमडेगा कॉलेज रोड से रेंगारिह केरसई पथ में रैयतों को उनके भूमि का मुआवजा निर्धारण में त्रुटियों के साथ अनेकों विशंगतियो के कारण मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है ।उन्होंने सदन में कहा विशंगतियो को दूर करते हुए मुआवजा का भुगतान किया जाए ।वही विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार जानना चाहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अघरमा एवं बोलबा में वृहद जल नल योजना



पर कार्य किया गया। किन्तु उक्त वृहद जल नल से घर घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है ।और ये बन्द है ।और तो और बहुत से घरों में तो पानी का नल पहुंचा ही नहीं है जो अति दुर्भाग्य पूर्ण है। विधायक ने बोलबा ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण जिला में बेगैर सोचे समझे बिजली उपभोक्ताओं के उपर बिजली चोरी का आरोप लगाकर केस दर्ज करा दिया जा रहा है। जबकि उपभोक्ता द्वारा बिजली का भुगतान किया जा रहा है। फिर भी उन्हें परेशान और केश कर दिया जाता है ।उसी कड़ी में है बोलवा प्रखंड के हैं हरेंद्र प्रसाद। बिजली का भुगतान करने के बावजूद भी केश

**विधायक ने कहा, बोलबा ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में बिजली उपभोक्ता पर चोरी का आरोप लगा केस दर्ज करा दिया जा रहा है**

दर्ज करा दिया गया है ।आज वो व्यक्ति परेशान हैं जबकि वो व्यक्ति पैसे का भुगतान कर चूका है ।ये एक उदाहरण है , बल्कि गलती विभाग का है परन्तु बिना कसूर का लोगों पर केश दर्ज करा दी गई है। इसलिए हरेंद्र कुमार को जो परेशानी है बिजली का उसके कनेक्शन को जोड़ते हुए भुक्तभोगी को राहत प्रदान की जाए। साथ ही साथ सरकार से मांग किया कि सिमडेगा जिला में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को भयादोहन किया जाता है गलत बिजली बिल भेज कर एफ आई आर दर्ज करा दिया जाता है।

---

विधायक ने विस में उठाया जंगली हाथियों का मामला

# सरकार ग्रामीणों को बचाने के लिए कोई ठोस कदम उठाये

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने शनिवार को विधानसभा के सदन में गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से सरकार से कहा कि सिमडेगा जिला के अनेकों प्रखण्ड के साथ साथ कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में हाथी का प्रकोप बहुत अधिक है। आय दिन हाथी एवं मानव के बीच खाने को लेकर टकराव होते रहता है। मानव में जान माल का खतरा सदैव बना रहता है। लोग हाथी से बचने के लिए रतजग्गा करते हैं। नतीजा लोगों में बीमारी का खतरा भी बना रहता है। जिससे लोगों के कार्य क्षमता में निरंतर कमी आ रही है तो क्या सरकार हाथी से बचाव के लिए स्थायी समाधान करने की घोषणा करती है। सरकार इसे बचने के लिए कोई ठोस कदम उठाये। विधायक कोलेबिरा के गैर



सरकारी संकल्प के जवाब में विभाग द्वारा बताया गया है कि हाथी और मानव टकराव से बचने के लिए वन विभाग द्वारा अनेकों कार्य किए गए हैं। जैसे 2022-23 में 1022 हेक्टेयर वन भूमि पर 788580 पौधारोपन किया गया है। जिसमें 50 हेक्टेयर में बांस का पौधरोपण किया गया। उसी प्रकार 2021-22 में भी पौधारोपण कार्य हुआ है साथ ही साथ पानी की व्यवस्था चेकडैम बनाकर किया गया है। विभाग अपने बचने के लिए सीधा सीधा निरीह ग्रामीणों पर ये लगा दिया कि मानव और हाथी के टकराव का मूल कारण महुआ, हाड़ी दारू को लेकर है। जो बेबुनियाद और बेतुका लगता है। विभाग कहती हैं कि वनकर्मियों के द्वारा ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया गया है, उनके बीच हाई पावर का टॉर्च,पटाखा, मोबिल जूट आदि का वितरण किया जाता है। जबकि ग्रामीणों को हल्का फुल्का मोबिल और जूट देकर अपना पीठ थपथपा ले रही है। विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने सरकार और विभाग से मांग किया है कि अगर उक्त जंगल क्षेत्र में पौधारोपण, चेकडैम आदि कार्य को सम्पादित किया गया है। तो इसकी अध्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि कहां कहां चेकडैम और पौधारोपण किया गया है और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है।

### हीरोडीह बाजार में महिलाओं के लिए नहीं है शौचालय सुविधा

**कोडरमा/ जयनगर।** हीरोडीह स्टेशन के बगल में दो दिन सप्ताहिक हाट बाजार लगता है। प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को यह बाजार लगती है, जहां लाखों का कारोबार प्रत्येक बाजार में होती है। इसके बावजूद भी यहां महिलाओं के लिए शौचालय नहीं है, जिसके कारण दूर-दराज से आयी महिलाओं को काफी परेशानी होती है। बता दें कि बाजार में 300 से 400 महिलाएं खरीदारी करने और सब्जी समेत अन्य वस्तुओं की बिक्री करते हैं। इस बाजार में प्रखंड के हीरोडीह, रेभनाडीह, तेतरीयाडीह, कुशाहन, सुगासांख, बिहारो, पपराओं महेशमराय, गम्ह्रहबाद, कटहाडीह, गोदखर और बरही प्रखंड के कोलुआ, धोबियापहरी अलगडीहा, बाराडीह, कोडरमा प्रखंड के सलैया, पथलडीहा लरियाडीह, बेलगढा, सोंदेडीह चिगलाबर गांव से काफी संख्या में महिलाएं आती है। बाजार से सटे भी बैंक है और बैंक काम में कई घंटे लग जाते हैं। यहां महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट तो दूर की बात, यहां शौचालय भी नहीं है।

कई लोगों ने थामा झापा का दामन, एनोस ने किया स्वागत

# कल होगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में नगाड़ा पिटावन महारैली का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखंड पार्टी प्रखंड कमेटी की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में मुख्य रुप से पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का उपस्थित थे। बैठक में चार मार्च को जिला मुख्यालय के अल्बर्ट एक्का मैदान में होने वाले विशाल नगाड़ा पिटावन महारैली को लेकर चर्चा की गई। एनोस एक्का ने नगाड़ा पिटावन रैली में प्रखंड के लोगों को लाने की जिम्मेवारी सौंपते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को महारैली में शामिल करें। नगाड़ा पिटावन रैली ग्रामीणों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए की जा रही है। एनोस एक?का ने कहा कि भाजपा एवं कांग्रेस धर्म के नाम पर लोगों से वोट लेती है। जबकि जनता की समस्याओं को दूर करने, क्षेत्र का विकास कराने की दिशा में कोई दिचस्पी नहीं दिखाते है। क्षेत्र का विकास क्षेत्रिस पार्टी ही कर सकती है। उन्होंने लोगों से झारखंड पार्टी में जुड़ने की अपील की।

## एक नजर

### अवैध लॉटरी बेचने वाले तीन व्यक्तियों को बगोदर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बगोदर थाने क्षेत्र में अवैध तरीके से बेच रहे लॉटरी को लेकर पुलिस ने करवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को पुलिस ने धर दबोचा है। बीते 1 मार्च को गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सरिया बगोदर एसडीपीओ धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया. इस टीम में बगोदर थाना प्रभारी सुख सागर सिंह चौधरी, संजय कुमार एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे. गठित टीम ने सूचना के आधार पर बगोदर बस पडाव में छापे मारी कर लॉटरी का टिकट को बेचते तीन लोगों को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है गिरफ्तार व्यक्तियों में धनबाद जिले के गोविंदपुर लाल बाजार के 33 वर्षीय मोहम्मद गुफरान भेलेज रोड के 38 वर्षीय अप्पु सोनार लाल बाजार के ही 29 वर्षीय पंकज रवानी शामिल हैं

### सीएचसी गांडेय में विकलांग चिकित्सा शिविर का आयोजन



**गिरिडीह।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गांडेय में विकलांग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में गांडेय प्रखंड के विभिन्न गांवों से मरीज पहुंचे, जहां पर गिरिडीह से आए चिकित्सक फैजल अहमद और उनके सहयोगी ने मरीजों को जांचकर विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने संबंधित जांच की शिविर में 50 मरीजों की जांच की गई। मौके पर गांडेय चिकित्सा प्रभारी अबुल कासिफ हसन, बीरेंद्र कुमार, अमित कुमार, रंजन कुमार सहित कई स्वास्थकर्मी मौजूद थे।

### बोकारो में लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो।** चास थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर में पुलिस ने छापेमारी कर लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार कर अन्य कई सामग्री जब्त की गई है। चास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीन कुमार ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि एक मार्च को पुलिस अधीक्षक के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि चास थानान्तर्गत शांति नगर स्थित किराये के एक मकान में बाहर से आये हुए कुछ व्यक्तियों के द्वारा फर्जी पहचान पत्र एवं दस्तावेज तैयार कर आम लोगों के साथ लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने का काम किया जा रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शांतिनगर स्थित नयन कुमार के मकान में किराये पर रहने वाले अविनाश कुमार के कमरे में छापेमारी किया गया, जहां उनके अलावा एक अन्य व्यक्ति रवि कुमार सहनी उपस्थित पाया गया। दोनों व्यक्तियों एवं कमरा की तलाशी लेने पर संबंधित कई दस्तावेज बरामद हुए।

# गिरिडीह में वाहन दुर्घटना वाद के सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ कार्यशाला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्रीमति वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति वीणा मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक कौशर अली एवं जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह, शैलेश कुमार प्रियदर्शी, वरीय अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा के पावन कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय , जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्रीमति वीणा मिश्रा ने कहा कि मोटर वाहन दुर्घटना वाद में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश सभी स्टेकहोल्डर के लिए प्रदान किया गया है। इन दिशा निर्देशों का अनुपालन विभिन्न स्तरों पर किए जाने से मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित पीड़ितों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम श्री राजेश कुमार बग्गा के द्वारा बताया गया की आज का वर्कशॉप सभी स्टेकहोल्डर के लिए जैसे पुलिस पदाधिकारियों, बीमा कंपनियों, चिकित्सकों बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं, क्लेमेंट के अधिवक्ताओं के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से अपील किया कि आज के इस वर्कशॉप के तकनीकी सत्र में विद्वान न्यायिक पदाधिकारियों एवं रिसोर्स पर्सन के द्वारा बताए जा रहे दिशानिदेर्शों का अनुपालन मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों में करें, ताकि इन मामलों के पीड़ितों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान किया जा सके। पुलिस उपाधीक्षक कौशर अली कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोटर वाहन दुर्घटना वाद में पुलिस पदाधिकारियों की संवेदनशीलता एवं उनके कर्तव्यों के बारे में उन्हें जागरूक किया। जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिडीह शैलेश कुमार प्रियदर्शी ने हिट एंड रन केस में परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने वाले मुआवजा की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बतलाया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में वरीय अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा ने मोटर वाहन दुर्घटना वाद के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर विस्तार पूर्वक बतलाते हुए इसमें न्यायिक पदाधिकारियों की भूमिका, पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका, बीमा कंपनियों की भूमिका इत्यादि विषयों पर बिंदुवार उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन विषय प्रवेश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम बिश्नोई के द्वारा किया गया।

### स्पेनिश महिला से दुष्कर्म की घटना बेहद शर्मनाक : शालिनी



**गिरिडीह।** दुमका में विदेशी महिला के साथ हुई बर्बरता ने झारखंड समेत पूरे देश को शर्मसार किया है। भाजपा नेत्री शालिनी बैसखियार ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर कहा की इस घटना से राज्य की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल हो रही है। पार्ट -2 वाली इस सरकार ने प्रदेश को जंगल राज की ओर धकेल दिया है। आज अपराधियों के मन से कानून का भय खत्म हो गया है। इस घटना ने फिर एक बार शासन-प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। इस अराजकतापूर्ण माहौल में जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। पिछले साढ़े चार सालों में महिलाओं से जुड़े आपराधिक मामलों में बढ़ोतरी इस बात की गवाही देती है कि यह सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रही है। भाजपा नेत्री शालिनी ने आगे कहा कि राज्य सरकार इस मामले की गंभीरता को समझते हुए उच्च स्तरीय जांच कराए और अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करे।

## न्यूज बॉक्स

### लघु सिंचाई विभाग की टीम ने 'उसरी बचाओ' अभियान टीम के सदस्यों के साथ किया नदी का सर्वे



शनिवार को अरविंद अग्रवाल जी के बरगंडा स्थित प्रतिष्ठान में उसरी बचाओ कोर कमिटी की एक आवश्यक बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता कोर कमिटी सदस्य श्री अरविंद अग्रवाल ने तथा संचालन श्री आलोक मिश्रा ने किया। बैठक में श्री राजेश सिन्हा जी के द्वारा उसरी पदयात्रा कार्यक्रम के आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसमें लगभग 3500 रु बचे रहने की बात बताई गई। आय व्यय लेखा जोखा को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। उसरी बचाओ अभियान के मीडिया प्रभारी पद के लिए अधिवक्ता श्री सूरज नयन का नाम प्रस्तावित व ध्वनि मत से पारित किया गया। बैठक में छिलका डैम निर्माण सम्बंधित आगे की योजना पर चर्चा हुई। यह भी चर्चा हुई कि इस अभियान के तहत उसरी नदी किनारे पौधारोपण किया जाएगा। पौधारोपण अभियान में शहर के कुछ सम्मानित व्यक्तियों द्वारा पौधा देने की बात कही गई है। इस बैठक में कोर कमिटी के सदस्यगण अरविंद अग्रवाल जी, राजेश सिन्हा जी, आलोक मिश्रा जी, विनय कुमार सिंह जी,मुकेश चन्द्रवँशी जी, बबलू शानू जी, विकास कुमार जी, रंजय बरदियार जी,अशोक राम जी, कृष्णमुरारी शर्मा जी, सूरज नयन जी फिजिकल उपस्थित थे तथा संगीता सिन्हा जी, गुड्डू सिंह जी, प्रभाकर जी वर्चुवल रूप से शामिल थे। आज दिनांक 2 मार्च 2024 को लघु सिंचाई विभाग की टीम ने उसरी बचाओ अभियान के सदस्यों के साथ उसरी नदी का सर्वेक्षण किया और प्रस्तावित छिलका डैम के निर्माण सम्बंधित भौगोलिक सर्वेक्षण करने का काम किया जिसमें कोर कमिटी के सदस्यगण रामजी यादव, राजेश सिन्हा एवं रंजय बरदियार ने सहयोग किया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के प्राचार्य अभिनव को दी गई विदाई



**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के एटीएल (सभागार )में समारोह का आयोजन कर प्राचार्य भैया अभिनव कुमार को विदाई दी गयी। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भैया अभिनव कुमार एवं आये हुए अतिथियों को तिलक लगाकर वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ एवं अभिनन्दन किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री अर्जुन कुमार ने भैया अभिनव कुमार की पत्नी मिसेस भैया अभिनव और उनके बच्चे एवं अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनन्दन किया। स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित विदाई समारोह में सम्मानित किया गया। भैया अभिनव कुमार को स्कूल के विकास में उनके योगदान के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में एक शॉल, एक स्मारक पत्र और एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगीत शिक्षक ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। जीएम सर ने भैया अभिनव कुमार के मार्गदर्शन और समर्थन की सराहना की और उन्हें एक शिक्षा प्रेमी के रूप में स्वीकार किया। अपने संबोधन में भैया अभिनव कुमार ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उनके जीवन में मजबूत नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपना विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षा व्यक्तियों के उज्वल भविष्य को आकार देने, उन्हें समाज में सम्मान और पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान भैया अभिनव कुमार की शैक्षणिक यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। डीएवी गिरिडीह के प्रिंसिपल के रूप में उनके योगदान से स्कूल में महत्वपूर्ण सर्वांगीण विकास हुआ। सेवानिवृत्त प्राचार्य के सेवानिवृत्ति के बाद के कार्यकाल को डीएवी संस्थान नई दिल्ली के निदेशक बीरसिंह, तथा सहायक क्षेत्रीय अधिकारी जोन (एच ) के डॉ. प्रवीर हाजरा,और सीसीएल प्रबंधक बासब चौधरी, एन के सिंह (प्रोजेक्ट ऑफिसर )और गिरिडीह के नागरिकों सहित विभिन्न अधिकारियों से सराहना मिली। मंच का संचालक मिसेस एस. रब्बानी ने किया इस मौके पर विद्यालय में ओपी.गोयल. एन पी सिंह, सपन बनर्जी, के सेठ, बी.घोषाल, विजय पाठक, श्रीमती इला कुमारी, श्रीमती शाश्वती मुखर्जी, अमित कुमार आदि शिक्षक -शिक्षकेतर उपस्थित रहे।

# महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में जमशेदपुर महिला विवि का विशेष स्थान : राज्यपाल

रांची । राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का कोल्हान क्षेत्र में एक विशेष स्थान रखता है। एक इंटरमीडिएट कॉलेज के रूप में अपनी शुरूआत से लेकर एक पूर्ण विश्वविद्यालय के रूप में विकसित होने तक जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। राज्यपाल-सह- झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति शनिवार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम विकास की ओर बढ़ रहे हैं वैसे-वैसे हमारे विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को हमारी लड़कियों को सर्वोत्तम संभव शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। हमारा उद्देश्य ऐसा माहौल बनाना होना चाहिए जहां विश्वविद्यालय को हमारे राज्य और देश भर में लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए एक आदर्श केंद्र के रूप जाना जाय। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में हमारा प्राथमिक ध्यान महिला छात्रों को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि उपाधि धारक बेटियों के लिए आज का दिन आपके जीवन में एक नए अध्याय की शुरूआत का प्रतीक है। सदा याद रखें, जीवन इस क्षण से भी आगे है। जैसे ही आप पेशेवर दुनिया में प्रवेश करें, अपना रास्ता समझदारी से चुनें और अनुशासन बनाए रखें। खुद पर विश्वास रखें और चुनौतियों को विकास के अवसर के रूप में देखें। आपने यहां जो मूल्य सीखे हैं वे भविष्य में आपका मार्गदर्शन करेंगे।

# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 4 मार्च को गिरिडीह दौरे पर, तैयारी में जुटा जिला प्रशासन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह आगामी 4 मार्च को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गिरिडीह दौरे पर आने वाले हैं। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद हो गया है। विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार को समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। सीएम के कार्यक्रम को लेकर सारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व दुरुस्त किया जा रहा है। कार्यक्रम के मद्देनजर नगर भवन की पूरी साफ सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया है। साथ ही कार्यक्रम में आने वाले मुख्य अतिथि के अलावा सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, झंडा मैदान में पेयजल आपूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया गया है।

इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले में यातायात व्यवस्था, हवाई अड्डा से परिसदन भवन तक सभी आवश्यक तैयारियों को दुरुस्त रखा जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न कमिटी का गठन किया गया है तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। कमिटी में परिसदन भवन प्रबंधन समिति, भोजन प्रबंधन समिति, प्रोटोकॉल/स्वागत प्रबंधन समिति, लाबुक प्रबंधन समिति, सभा मैदान प्रबंधन समिति, ट्रैफिक व रूट प्रबंधन समिति, जनसंपर्क और आईटी समिति शामिल है। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

# लोगों की जिंदगी पर मौत का ब्रेक लगा रहे हैं बेतरतीब ढंग से बने स्पीड ब्रेकर

**खूंटी ।** दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर गति अवरोधकों जिन्हें आम तौर पर ठोकर कहा जाता है का निर्माण कराया जाता है, लेकिन ये गति अवरोधक ही दुर्घटनाओं का सबब बन जाए, तो इसे क्या कहा जाए। सड़कों पर बेतरतीब ढंग से बनाये गये स्पीड ब्रेकर लोगों की हंसती खेलती जिंदगी में मौत का ब्रेक लग रहे हैं। खूंटी जिले में ऐसी कई सड़कें हैं, जहां भारी संख्या में बेतरतीब ढंग से ठोकरों का निर्माण करा दिया गया है, जो आये दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते जा रहे हैं। उदाहरण के लिए हम खूंटी-तोरपा रोड को ही लें। खूंटी और तोरपा के बीच की दूरी 28 किलोमीटर है और इतनी दूरी में 28 सें अधिक ठोकर बना दिये गये हैं। इसके कारण आये दिन लोग इसका शिकार होकर मौत के मुंह में समा रहे हैं। कुछ दिन पहले ही तोरपा के दो शिक्षक निर्णय सिंधु बेंहरा और मुस्कु बड़ाईक इन बेतरतीब स्पीड के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। तोरपा और खूंटी के बीच 28 किलोमीटर में 28 से अधिक अधिक ठोकर बनाये जाने का औचित्य लोगों की समझ से परे है। तोरपा से खूंटी के बीच ठोकरों की गणना करें तो कुजंला गांव के पास दो और मुंडा कुंजला गांव के पास दो ठोकर बनाये गये हैं। इसी प्रकार रिलायंस पेट्रोल पंप के पास दो, बनई नदी के दोनों छोर पर दो, बिचना गांव के पास दो, अंगराबारी में तीन, डोडमा में तीन, चुरगी पेट्रोल पंप के पास एक, दियांकेल गांव के पास एक, तोरपा रेफरल अस्पताल के पास एक, देवी मंडप के पास एक, नगर भवन के पास एक, स्टेट बैंक के पास एक, पोस्ट ऑफिस के पास एक, तोरपा थाना के पास एक, प्रखंड कार्यालय के पास एक, कर्रा रोड के पास दो और तोरपा पेट्रोल पंप के पास दो ठोकरों का निर्माण कराया गया है।

**मानकों का पालन नहीं किया गया: संतोष जयसवाल**

सड़कों पर बने गति अवरोधकों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जयसवाल कहते हैं कि ठोकरों के निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया गया। इसके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। तोरपा क व्यवसायी रोशन जयसवाल कहते हैं कि जहां स्पीड ब्रेकर बनाये जाते हैं।

### माहुरी वैश्य महामंडल के 111वें वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित हुईं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरीडीह माहुरी वैश्य महामंडल का 111 वां वार्षिक अधिवेशन का पहला दिन भागीरथ राम तरवे, राजकिशोर राम, नरसिंह राम गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, रंजीत राम तरवे , ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट अध्यक्ष सुखदेव राम जी एवं घुज्जी मंडल सचिव दयानंद राम तरवे, नवयुवक समिति अध्यक्ष पंकज कुमार के द्वारा ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ । जहां आज के पुजारी टुन टुन राम सह पत्नी के द्वारा मथुरासिनी की प्रतिमा में विधिवत पूजा किया गया।इस पावन अवसर पर कोडरमा लोकसभा सांसद महोदया अन्नपुर्णा देवी जी का आगम हुआ जिसे केन्द्रीय महिला समिति अध्यक्षा पुनम प्रकाश सेठ द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया। जहां श्रीमती महोदया ने अपनी बातों को रखतें हुए कही कि माहुरी समाज का धर्म प्रचार, राष्ट्र निर्माण में एक अहम भूमिका निभाती है, उन्होंने कहा कि कोरोना काल जैसे गम्भीर स्थिति में देश को माहुरी समाज के द्वारा अतुल्य योगदान मिला है।

## बाल विवाह निषेध पदाधिकारियों का उन्नमुखीकरण कार्यशाला संपन्न

# पंचायतों को बजट का 5 फीसदी हिस्सा बाल संरक्षण पर खर्च करना अनिवार्य



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
उपायुक्त गिरिडीह के आदेशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई गिरिडीह के तत्वाधान में सरिया अनुमंडल के सभी बाल विवाह निषेध पदाधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु अपने दायित्व एवं कर्तव्यों के निर्वहन हेतु सरिया अनुमंडल के सरिया कालेज सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमे 40 प्रतिभागी उपस्थित हुए। उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक बनवासी विकास आश्रम व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से सुरेश कुमार शक्ति, चाइल्ड हेल्प लाइन के सुपरवाइजर रंजीत कुमार साव, बाल विवाह मुक्त अभियान के जिला समन्वयक उत्तम कुमार एवं कम्युनिटी सोशल वर्कर ओमप्रकाश महतो शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान सुरेश कुमार शक्ति ने बाल विवाह अधिनियम 2006, बाल विवाह शून्य करार किये जाने की स्थिति, बाल विवाह रोकथाम के घटक, बाल संरक्षण हेतु गठित स्थायी समितियों के कार्य एवं दायित्व, पंचायतों के बजट का 5% राशि बाल संरक्षण हेतु खर्च किये जाने हेतु दिशा , निर्देश के साथ - साथ बाल विवाह निषेध पदाधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही कहा की राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य परिवार सर्वे रिपोर्ट - 5 के आंकड़े बताते हैं की देश में 20 से 24 आयु वर्ग की 23.3 % लड़कियों का विवाह 18 वर्ष की आयु पूरा करने के पहले हो चूका था। झारखण्ड की बात करें तो यह आंकड़ा 32.3 फीसदी है जिनका विवाह 18 वर्ष के पहले हो चूका था। गिरिडीह जिला झारखण्ड के चौथे पायदान पर है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है। बाल विवाह रोकथाम हेतु सरकारें चाहे केंद्र की हो या राज्य की। सभी इस मुद्दे पर गंभीर हैं। इसलिए झारखण्ड सरकार ने अधिसूचना जारी कर, अधिसूचना संख्या 645 दिनांक 13/3/2023 के तहत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं पंचायत सचिवों को बाल विवाह निषेध पदाधिकारी नियुक्त किया है ताकि बाल विवाह पर रोक लगाया जा सके। बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने में इन नियुक्त बाल विवाह निषेध पदाधिकारिओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का सपना तभी साकार होगा जब सभी स्टेक होल्डर समन्वित प्रयास करेंगे। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा), सरिया, मुकेश कुमार ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामाजिक दायित्व है कि बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाते एवं सबको जागरूक करें।

### लोस चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर हुई बैठक

**बिरनी।** बिरनी प्रखण्ड के थाना परिसर में एसडीएम संतोष गुप्ता एवं एसडीपीओ धनन्जय राम ने बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार एवं भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए विस्तृत चर्चा किया। एसडीएम संतोष गुप्ता ने बताया कि अचार संहिता की घोषणा होते ही प्रशासन पूरी तैयारी के साथ क्षेत्र में उतर जाएगी। अधिकारियों के साथ बूथ स्तर पर प्रशासन की तैयारी से लेकर फोर्स मुवमेंट के लिए समीक्षा किया गया। इस बार बिरनी के सभी 160 बूथ क्रिटिकल एवं नन क्रिटिकल में है। कोई भी बुध सेंसेटिव नहीं हैं इसलिए मतदान के दिन मतदान कर्मी सीधा बुध पर पहुंचेंगे एवं सुबह से शांतिपूर्वक मतदान करवाएंगे। कहा कि स्वच्छ,पारदर्शी एवं भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने की कोशिश की जा रही है। साथ ही इस बार राष्ट्रीय औसत से अधिक मतदान प्रतिशत करवाने की दिशा में कोशिश होगी।


**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
email – eedwsd.ranchiwest@gmail.com

**ई – प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या – DWSD/RW/SR-35/2023-24 दिनांकः– 02.03.2024

1. Name of Work :- Relocation of T/W by Drilling 125/115 mm dia drilled Tube-Well in all kinds of soil rock for installation of hand pump with D.T.H Rig machine all complete including supplying all materials, labours, tools, drilling, rigs, air compressor and equipments as well as fuel lubricant for making 125/115 mm dia boring etc and cost of transporting rig machine and other vehicle up to site work "TurnKey Basis" Under D. W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi for the Year 2023-24

| ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| SR/RW-I | 33 nos. | 28.09290 | 56200.00 | 5,000.00 | 01 माह |
| SR/RW-II | 33 nos. | 28.09290 | 56200.00 | 5,000.00 | 01 माह |
| SR/RW-III | 33 nos. | 28.09290 | 56200.00 | 5,000.00 | 01 माह |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02/03/2024 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– 07/03/2024 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मत्रांलय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में अन्तिम तिथि एवं समय :– 07/03/2024 / 04.00 बजे अपराहन तक।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– 09/03/2024 / 04.00 बजे अपराहन में।
6. तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

PR 321265 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

**वन्य-जीव**

## विलुप्त होने से पहले इन्हें बचा लो!


आयुषी दवे

**जब** हम वन्यजीव या वाइल्डलाइफ जैसे शब्द सुनते हैं तो अमूमन हमारे दिमाग में सबसे पहले जंगल और वहां रहने वाले शेर, चीता, भालू जैसे बड़े जानवरों का ख्याल आता है। दरअसल वन्यजीव उन सभी जीवों को कहा जाता है जिन्हें मनुष्य ने पालतू न बनाया गया हो। वन्यजीवों में न केवल जानवर बल्कि वह सभी पेड़-पौधे, कीड़े-मकोड़े, कवक और सूक्ष्म जीव भी आते हैं जो अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना मनुष्य के दखल के रहते हैं। वन्यजीव पृथ्वी के हर महाद्वीप और लगभग सभी देशों में पाये जाते हैं। ये हमारी प्राकृतिक धरोहर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं, क्योंकि पृथ्वी में पाये जाने वाले हर पारितंत्र यानी इको सिस्टम जैसे वन, रेगिस्तान, घास भूमि, मैदान, पर्वत, समुद्री क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है। पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन्य जीवन प्रकृति की विभिन्न प्रक्रिया को स्थिरता प्रदान करता है। प्रत्येक जीवित वस्तु आपस में जुड़ी हुई है। यदि केवल एक जीव भी खतरे में पड़ जाता है या विलुप्त हो जाता है, तो इसका पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। यह खाद्य श्रृंखला यानी फूड चेन को भी बाधित करता है, जिससे पर्यावरण में सदमे की लहर फैल जाती है। इसीलिए इनका संरक्षण बेहद अहम हो जाता है। इस दिशा में विश्व के बहुत सारे सरकारी, गैर-सरकारी संगठन निरंतर प्रयासरत हैं। यह संगठन अपने तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को इनके संरक्षण के प्रति जागरूक भी करते हैं। ऐसे ही बड़े प्रयास के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर, 2013 को 68वें सेशन में हर साल तीन मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। तीन मार्च की तिथि को इसलिए निर्धारित किया गया, क्योंकि तीन मार्च, 1973 में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्सेर्वेटिव ऑफ नेचर के 80 सदस्यों ने सीआईटीईएस (साइट्स) समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। साइट्स जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन सरकारों के बीच अहम अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जानवरों और पौधों के नमूनों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा न हो। इस साल इसका विषय है 'लोगों और ग्रह को जोड़नाः वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज'। विश्व वन्यजीव दिवस का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें जानवरों और पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। भारत में भी इस दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। 1972 में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गया। नेशनल पार्क, वन्यजीव अभयारण्य, टाइगर रिजर्व, हाथी रिजर्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किये गये। समय-समय पर इनकी गणना भी की जाती है। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफैंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लैपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि शुरू किये गये। वन्यजीव और प्रकृति बड़े पैमाने पर भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्य से जुड़े हुए हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें। पौधों की विस्तृत विविधता का अर्थ है अधिक उत्पादकता और बेहतर स्वास्थ्य। यदि पौधों की प्रजातियां कम होंगी तो उन्हें प्रभावित करने वाली बीमारी तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से फैलती है। अधिक विविधता का अर्थ है बेहतर प्रतिरोध। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा वन्यजीव और प्रकृति में माध्यम से आता है। बहुत से लोग अपनी जीविका के लिए कहीं न कहीं वन और वन्यजीवों पर आश्रित हैं। इसीलिए इनका संरक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। वन्यजीवों का न केवल आर्थिक और सामाजिक महत्व बल्कि सांस्कृतिक महत्व भी है।

# आयुर्वेद को आलोचना नहीं शोध की है जरूरत


हृदयनारायण दीक्षित

**आनंदपूर्ण** जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतसंगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था। शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, ''भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।''अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, ''भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था। एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका



चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं। आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत

> **स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है।**

जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं, ''यहां बताये गये स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।'' फिर रोगों का कारण बताते हैं, ''इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।'' रोगों से बचने के लिए जीवनशैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, ''कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।'' कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, ''रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए।' आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड इफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यूं भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतरराष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान-प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है।

# अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है


ललित गर्ग

**अधिकतम** वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गये मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जायेगा। अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा

> **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है।**

तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाय, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाय। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है। अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

**आर्थिक**

## दुनिया जीडीपी से हटकर अब मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर


किशन भावनानी

**राष्ट्रीय** सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 29 फरवरी 2024 को जारी आंकड़ों के मुताबिक अपने पहले अग्रिम पूवार्नुमान में, वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है, जिसका अर्थ होगा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखेगा। दिसंबर तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बड़ा उछाल देखा गया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की जीडीपी दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत बढ़ी। पीटीआई ने सरकारी आंकड़ों का हवाला दिया। भारत की जीडीपी में आया यह उछाल उम्मीद से कहींअधिक है। 17 अर्थशास्त्रियों के मिंट पोल के अनुसार, एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था दिसंबर तक तीन महीनों के दौरान 6.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद थी, जो पिछली जुलाई-सितंबर तिमाही की 7.6 प्रतिशत गति से धीमी थी। नवीनतम तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की वृद्धि वित्त वर्ष 23 की इसी अवधि में दर्ज 4.4 प्रतिशत से एक बड़ा कदम है। साथियों हम अगर इसके पहले देखे तो वैश्विक स्तरपर कोरोना महामारी के दौरान करीब करीब हर देश के स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, विज्ञान सहित अनेक तकनीकें भी पीड़ितों और मृतकों की संख्या कम नहीं कर पाई। याने सभी तथाकथित सुदृढ़ संसाधन इस महामारी के सामने पंगु नजर आये। परंतु इसमें हमने एक बात नोट किये कि लगभग सभी देशों नें मिलकर दवाइयां, मेडिकल, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट, खाद्य सहित अनेक क्षेत्रों की सहायता कुछल कल्याणकारी मानवीय चैन बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर, एक दूसरे की मदद कर रहे थे। भारत में भी करीब 150 देशों को वैक्सीन की आपूर्ति की तो भारत को भी भारी विपत्ति के समय विकसित और विकासशील देशों द्वारा मेडिकल इंस्ट्रूमेंट की मदद की गई थी। यह बात हम आज इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि भारत में 9-10 सितंबर जी-20 शिखर सम्मेलन वसुधैव कुटुम्बकम हुआ। इसके पहले 5-7 सितंबर 2023 को आसियान शिखर सम्मेलन, 9 वा रायसीना डायलॉग 21-24 फरवरी 2024 इसके पहले जी-10, शंघाई इत्यादि शिखर सम्मेलनों सहित अनेक वैश्विक शिखर सम्मेलनों में एक बात उभर कर आई है कि मानवीय मूल्यों पर अधिक महत्व दिया जा रहा है। चूंकि भारत आदि अनादि काल से मानवीय मूल्यों की तरफदारी करता रहा है, अब इसमें चार कदम आगे बढ़कर जी-20 शिखर सम्मेलन को वसुधैव कुटुम्बकम यानें पूरा विश्व एक परिवार है की थीम बनाकर अब जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण से मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का काम जोरों पर किया जा रहा है। इसपर पूरी दुनियां को साझा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है, जिससे वैश्विक मानव निर्मित व प्राकृतिक विपरीताओं से निपटने के लिए मजबूत मानव श्रृंखला उपाय की सटीकता को रेखांकित किया जाना चाहिए। चूंकि अब पूरी दुनियां का अब वसुधैव कुटुम्बकम पर ध्यान है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय मंचों रूपी प्लेटफार्मस से सशक्त कल्याणकारी मानवीय श्रृंखला बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम भारत की आदि अनादि काल से सोच और जलवायु परिवर्तन के संबंध में दृष्टिकोण की करें तो, वसुधैव कुटुम्बकम, हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, पूरी दुनिया एक परिवार है। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो।

# बिहारी क्रिकेटर कब करेंगे टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व ?


आके सिन्हा

**मौजूदा** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में बिहार के दो नव युवा खिलाड़ी आकाशदीप और मुकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। पर यह बिहार का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि दोनों खिलाड़ी बिहार की टीम से नहीं खेलते। यह दोनों खेलते हैं बंगाल की टीम से रणजी ट्रॉफी में। इसकी वजह यह है कि बिहार में क्रिकेट मैनेजमेंट तार-तार हो चुका है। आकाशदीप का संबंध बिहार के रोहतास जिले से है। आकाशदीप ने रांची टेस्ट मैच में अपनी सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड टीम के तीन खिलाड़ियों को आउट करके सनसनी मचा दी थी। उनके दादा निशान सिंह स्वाधीनता सेनानी थे। अब आकाशदीप 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए हिमाचल प्रदेश जायेंगे और भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे। उनकी तरह ही मुकेश कुमार भी हैं। बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे। मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही, वह बायें हाथ के बल्लेबाज भी हैं। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी भोजपुरिया हैं क मुकेश के पिता कोलकाता में टैक्सी चलाते थे। साल 2019 में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब मुकेश ने बंगाल में ही खेलते-खेलते कई लोगों से संपर्क बनाया और अपने मेहनत के बल पर नई पहचान बनाई। अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है। इसलिए, बिहार के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गईं। पटना के

> **बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे। मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही, वह बायें हाथ के बल्लेबाज भी हैं। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी भोजपुरिया हैं कमुकेश के पिता कोलकाता में टैक्सी चलाते थे। साल 2019 में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब मुकेश ने बंगाल में ही खेलते-खेलते कई लोगों से संपर्क बनाया और अपने मेहनत के बल पर नई पहचान बनाई। अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है। इसलिए बिहार के प्रतिभाशली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गई। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गये रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया। पर यह खबर नहीं थी।**

मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गये रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया। पर यह खबर नहीं थी। खबर यह थी कि मुंबई की टीम जिस स्टेडियम में मैच खेल रही थी उसकी हालत बेहद खराब थी। वहां पर दर्शकों के लिए बैठने तक की जगह नहीं थी। मैच को देखने के लिए रोज हजारों दर्शकों को भारी कठिनाई में मैच देखना पड़ा। जब देश में एक से बढ़कर एक बहुत सारे स्टेडियम बन चुके हैं, तब सारे बिहार में एक भी कायदे का स्टेडियम नहीं है। यह कोई बहुत अच्छी बात नहीं मानी जा सकती। इस बीच, ईशान किशन तो बीते कई सालों से भारतीय टीम में हैं। लेकिन वे भी झारखंड के लिए खेलते हैं। उन्हें 2016 में अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम का कप्तान बनाया गया था। ईशान 2018 से इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा हैं। ईशान का जन्म बिहार के नवादा जिला में हुआ था। उनके जन्म के बाद उनका परिवार पटना शिफ्ट हो गया था। उन्हें भी झारखंड शिफ्ट होना पड़ा क्यों बिहार में क्रिकेट का कोई इंफ्रास्टक्रर नहीं है। क्रिकेट प्रेमियों को याद होगा कि संयुक्त बिहार के दौर में दिल्ली की टीम के कई बड़े खिलाड़ी बिहार से खेलने के लिए दिल्ली को छोड़ देते थे। इस लिहाज से रमेश सक्सेना का नाम सबसे पहले जेहन में आता है। उन्होंने एक टेस्ट मैच भी खेला। रमेश सक्सेना ने 1960-61 में अपना पहला प्रथम श्रेणी का मैच खेला था। उन्होंने 1966-67 में दिल्ली को अलविदा कह कर बिहार का रुख कर लिया था। रमेश सक्सेना के अलावा हरि गिडवाणी भी दिल्ली के बाद बिहार चले गये थे। उन्होंने लंबे समय तक बिहार की नुमाइंदगी की। यह दोनों क्लासिक बल्लेबाज थे। हरि गिडवाणी की पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मिठाई की एक बहुत मशहूर दुकान भी है। बिहार को क्रिकेट ही नहीं बल्कि सभी खेलों में अपने जौहर दिखाने होंगे। बिहार सरकार को भी राज्य में खेलों के विकास के लिए इनवेस्ट करना होगा। सारे बिहार के समाज को सोचना होगा कि वे खेलों के संसार में किसी मुकाम पर क्यों नहीं पहुंच सके? आपको सारे बिहार में हॉकी के एक-दो एस्ट्रो टर्फ से ज्यादा हॉकी मैदान नहीं मिलेंगे। राष्ट्रीय नायक दादा ध्यान चंद के देश में इस तरह के राज्य भी हैं जहां पर एस्ट्रो टर्फ के मैदान न के बराबर ही हैं। सारे बिहार में दो-तीन भी स्वीमिंग पूल मिल जाएं तो बड़ी बात होगी। हां, सेना और अर्ध सैनिक बलों के कुछ स्वीमिंग पूल जरूर हैं। पर वे तो सबके लिए नहीं होते। अब बताएं कि बिहार से कैसे खिलाड़ी निकलेंगे। उन्हें न्यूनतम सुविधाएं तो मिलनी ही चाहिए। बिहार में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने को लेकर कोई बात भी नहीं होती। बिहार को अपने पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से ही कुछ प्रेरणा ले लेनी चाहिए। अब योगी सरकार के कालखंड में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी क्रिकेट और अन्य खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने लगे हैं। वहां खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर उचित ध्यान दिया जा रहा है। सफल खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ अच्छे तरीके से पुरस्कृत भी किया जा रहा है। पिछले एशियाई में भाग लेने वाली भारत की टोली में उत्तर प्रदेश से 36 खिलाड़ी थे। एशियाई खेलों में उत्तर प्रदेश के एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के बाद सभी राज्य के खेलों से जुड़ी एसोसिएशन और कोच कसकर मेहनत करने लगे हैं। राज्य सरकार खेलों को गति देने को लेकर कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इस तथ्य से लग सकता है कि अब गांवों के स्कूलों में भी कोचिंग की व्यवस्था शुरू हो गई है। जिन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में पदक जीते थे, उनकी झोलियां भर गईं हैं इनामों से। बिहार ज्ञान का प्रदेश है। बिहारी सारे देश में अपने ज्ञान से सबको प्रभावित करते हैं। बिहार में पढ़ने-लिखने की बहुत समृद्ध परंपरा है। पर इतना ही काफी नहीं है। बिहार को खेलों में भी लंबी छलांग लगानी होगी। इसके लिए बिहार सरकार और बिहार के समाज को साथ एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। **(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

## एक नजर

### नेहरू युवा केंद्र ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**बरकट्ठा।** नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के तत्वावधान में बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में 18 साल के नए युवाओं को वोटर कार्ड बनवाने देश के प्रति अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने और मतदान की महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही लोगों को ईवीएम मशीन से वोट देने के लिए भी सिखाया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक संदीप कुमार, आकाश कुमार, सचिन कुमार समेत आदि लोग शामिल थे।

### एचपीसीएल के मॉक ड्रिल में शामिल हुए बरही एसडीओ व एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट



**बरही ।** शनिवार को रियाडा-जियाड़ा स्थित एचपीसीएल गैस प्लांट में मॉक ड्रिल आयोजित की गई. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ जोहन टुडू और विशिष्ट अतिथि कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा खलखो शामिल हुए. जिनका स्वागत सेफ्टी अधिकारी नौशाद सहित उपस्थित अधिकारियों ने किया. प्लांट के वर्करों ने दोनो अधिकारियों का गॉर्ड ऑफ ऑनर से भी सम्मानित किया. इस दौरान अधिकारीद्वय ने कर्मियो सहित प्लांट के वर्किंग एक्टिविटी को जाना. साथ ही प्लांट कर्मियों के कार्य करने के तरीके, गैस रिफिलिंग से लेकर लोडिंग व अनलोडिंग सिस्टम को देखा. एसडीओ श्री टुडू ने बताया कि यह प्लांट की ओर से आयोजित किया गया एक रूटीन वर्क था।

### वर्षों से बंद है मुख्यमंत्री जल नल योजना आधारित जल मीनार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत शिलाडीह के ग्राम तुर्कडीहा में मुख्यमंत्री जल नल योजना आधारित जलमिनर वर्षो से बंद हैं। इस बाबत समाजसेवी शमीम अंसारी, ग्रामीण जॉन पीटर, बबलू मुर्मू ने बताया कि वर्षो से यह बंद पड़ा है। इसे कोई देखने वाला नहीं है। वही स्थानीय ग्रामीणों ने वर्षो से बंद मुख्यमंत्री जल नल योजना आधारित चालू करने की मांग की हैं। इसके तहत अनुसूचित जाति बाहुल्य टोला में सोलर आधारित से लोगों को जल आपूर्ति हो सके और महिलाओं को घर से कोसों दूर तक पानी लाना न पड़े। साथ ही लोगों को शुद्ध जल मिल सके। लेकिन वर्षो से खराब रहने के कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

### यूथ विंग के प्रयास से महिला को उपलब्ध हुआ रक्त

# नारी शक्ति स्वरूप सोनल सोनी ने प्रथम बार किया रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शनिवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में देखने को मिला वक्त था जब लातेहार निवासी संजय सिंह की धर्मपत्नी सावित्री देवी को ऑपरेशन के लिए रक्त की अत्यंत आवश्यकता थी। चिकित्सकों के द्वारा तत्काल रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके बाद परिजनों ने रक्त की खोजबीन प्रारंभ कर दी कहीं रक्त उपलब्ध न होने पर परिजनों ने हजारीबाग यूथविन से संपर्क कर रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिसके बाद हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया, उसके बाद पदाधिकारी एवं सदस्यगण रक्तदाता की खोज में जुट गए, कोई रक्तदाता उपलब्ध न होने पर हजारीबाग की नारी शक्ति स्वरूप सोनल सोनी से



रक्तदान करने का विशेष आग्रह किया गया। इसके बाद उन्होंने बगैर संकोच किए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक परिसर पहुंचकर रक्तदान कर सावित्री देवी की जान बचाई। इस अवसर पर सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, अनुराग नाग, राकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने रक्तदाता सोनल सोनी के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि प्रथम बार सोनल सोनी के द्वारा रक्तदान किया गया है उनके चेहरे की मुस्कुराहट और उत्साह हम सभी को सेवा के कार्य के लिए प्रोत्साहित करती है।

### मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्कूल किट का वितरण

## बच्चे समय पर विद्यालय आएं और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें : अब्बास



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अडवार स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा में बच्चों के बीच स्कुली कीट का वितरण किया गया। कक्षा एक से लेकर आठवीं कक्षा तक के कुल 455 बच्चों के बीच पेन, पेंसिल,रबर,कटर, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण करते हुए स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि शिक्षा के प्रति सरकार हर जरूरी सामग्री उपलब्ध करा रही है। ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बच्चों से समय से स्कूल आने और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य हासिल करने के गुर भी सिखाए। वितरण समारोह में प्रधानाध्यापक महेश चौधरी, शिक्षक कोलेश्वर महतो, अशोक विश्वकर्मा, सुखदेव साव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय ठाकुर, विजय मोदी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### अनिकेत कुमार को न्याय दिलाने के लिए समिति करेगी जोरदार आंदोलन

**रामगढ़।** पिछले दिनों रामगढ़ थाना के हाजत में मिलोनी क्लब निवासी मनोज राम का पुत्र अनिकेत कुमार की मौत हो गई थी। इसे लेकर काफी बबाल मचा था। इस कड़ी में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, विधायक सुनिता चौधरी सहित अन्य कई नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ मनोज राम से मिले। इस दौरान नेताओं ने मृतक के परिजनों को यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि मृतक के पिता मनोज राम ने जिला प्रशासन को पिछले दिनों एक मांग पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने परिवार को मुआवजा के रूप में 15 लाख रुपए, आवास योजना के तहत आवास, अनुबंधित नौकरी एवं गरीबी राशन कार्ड आदि देने की मांग की है। इधर, शुक्रवार को ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ मनोज राम से मुलाकात की। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मनोज राम की ओर से सौंपे गए मांग पत्र पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें।

### चुनाव में सबकी भागदारी सुनिश्चित करने को ले उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार महत्वपूर्ण : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में आमजनों की चुनावी भागीदारी बढ़ाने में मिडिया की महत्तवपूर्ण भूमिका। यह बातें उपायुक्त ने सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से कही। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मीडिया के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार से इसके सकारात्मक परिणाम देखे जा सकते है। उन्होंने कहा प्रायः यह देखा गया है कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं रहने के कारण वे मतदान करने नहीं जाते हैं, उपायुक्त ने बताया की इसके लिए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को घर-घर भेजकर सभी मतदाताओं के पास पहचान पत्र उपलब्ध है या नहीं के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है




तथा जिनके पास इपिक कार्ड उपलब्ध नहीं उनका नया रिप्लेसमेंट एपिक कार्ड बनाने की प्रक्रिया अब भी जारी है। 4 मार्च प्रातः 10 बजे से सोशल मिडिया में हैस्टैग अभियान का होगा आयोजन। उक्त अभियान के तहत जिले के प्रत्येक मतदाता से यह अपील है कि वह अपना नाम मतदान केंद्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाइन या वोटर्स के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लेंगे कि उनका नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, अथवा कोई त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि के लिए आवेदन संबंधित बीएलओ अभियान दिवस को अपने मतदान केंद्र पर प्रपत्र 6,7 एवं 8 के साथ उपस्थित होंगे।

### गोला में सड़क दुर्घटना में छात्रा एवं दो युवक गंभीर रूप से घायल

**रामगढ़/ गोला।** गोला मुरी मुख्य मार्ग पर पूरबडीह मस्जिद के पास एलपी ट्रक व बाइक की टक्कर में छात्रा सहित तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बूलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रेफर कर दिया गया। गोला निवासी यीशु नायक व केनके गांव की निधि कुमारी व लकी नायक एक बाइक पर सवार होकर तीनों डीमरा की ओर जा रहे थे। इस क्रम गोला की ओर से जा रहे एलपी ट्रक नंबर जेएच12जे-2008 ने बाइक को धक्का मार दिया। जिससे तीनों बीच सड़क में गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद गोला मुरी मुख्य मार्ग करीब एक घंटा तक जाम रहा। बताया जाता है कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं बाइक को धक्का मारने के बाद ट्रक बिजली के खंभा को टक्कर मारते हुए गड्ढा में फंस गया। सीएचसी के डॉक्टरों ने यीशु नायक व निधि कुमारी को रिम्स और लकी नायक को सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया है।

## प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 66324 विद्यार्थियों का हुआ पंजीकरण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की वित्तीय वर्ष 2023- 24 में अब तक कुल 66324 विद्यार्थियों के द्वारा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पंजीकरण कराया गया है। जिसके उपरांत जिला स्तरीय समिति द्वारा पूर्व में 37446 विद्यार्थियों को अनुमोदन दिया जा चुका है वहीं वर्तमान में कल 28878 विद्यार्थियों को जिला स्तरीय समिति द्वारा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत अनुमोदन दिया जाना है। इस दौरान उपायुक्त ने जिला स्तरीय समिति के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा के उपरांत प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 10% विद्यार्थियों का सत्यापन सुनिश्चित करने के उपरांत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लाभ से लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया।

### विधायक लोबिन हेंब्रम से मिला खतियानी परिवार का शिष्टमंडल, कहा

# झारखंड को अपना चारागाह बना चुनाव जीत रहे हैं गैर झारखंडी

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शनिवार को पुराने समाहरणालय के समीप धरनास्थल पर खतियानी परिवार की बैठक सईद अख्तर की अगुवाई में हुई। बैठक में गत दिनों विधायक लोबिन हेंब्रम से मुलाकात कर झारखंड के वर्तमान परिदृश्य पर हुई चर्चा से परिवार के अन्य सदस्यों को अवगत कराया गया। यानी परिवार का एक शिष्टमंडल विधायक लेबीन हेम्ब्रमे से भेंट कर पूरे झारखंड की राजनीतिक परिदृशय पर विस्तार से हुई चर्चा पर सहमति जताई गई। उन्होंने कहा कि हमेशा से गैर झारखंडियों ने झारखंड को अपना चारागाह बनाया और धार्मिक उन्माद फैला कर चुनाव जीतते रहे जो हम लोगों के लिए शर्मनाक है।



बैठक में सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक, अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, आगामी पर्व त्योहार में विधि व्यवस्था की बहाली पर भी चर्चा हुई। साथ हीं सरकार को इन समस्याओं से सख्ती से निपटने की मांग की गई। बैठक में वंशावली की सत्यता की जिम्मेवारी मुखिया से वापस लेने की मांग भी की गई। विचार विमर्श मे वोटिंग के लिए ईवीएम के उपयोग के खिलाफ भी आन्दोलन करने का फैसला लिया गया। बैठक मे मो हकीम, मो साबिर, बाबु भाई विद्रोही, सुरेश महतो, शम्भु ठाकुर, मह्बुब आलम, मो खलील, अनिल राम, बोधी साव, मो निसार,तनवीर, अहमद, महेश विश्व कर्मा, रामवअवतार भगत, सुबोध कुमार समेत कई अन्य उपस्थित हुए।

### आईसेक्ट विवि में प्रो चांसलर अरविंद चतुर्वेदी ने की बैठक, कहा

# आईसेक्ट विवि सफल इंसान बनाने में मददगार साबित होगा


**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं एवं मटवारी स्थित सिटी ऑफिस सभागार में कार्यरत कर्मियों के साथ विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अरविंद चतुर्वेदी ने अलग अलग औपचारिक बैठक की और वर्तमान के विश्वविद्यालय गतिविधियों की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय में हर दिन सीखने की चाहत, सफल इंसान बनने में मददगार साबित होगा। साथ ही विद्यार्थी हित में कर्मियों से कई महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए। इससे पूर्व प्रो चांसलर के आगमन पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बुके देकर उनका



स्वागत किया। बैठक के दौरान श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हर काम को करते वक्त सीखने की चाहत जागृत रहनी चाहिए, इससे ना केवल कार्य बेहतर होते हैं बल्कि हममें परिपक्वता भी आती है। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरूआती दिनों से ही विद्यार्थी हित को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है, जिसका परिणाम है कि महज 8 वर्षों के दरम्यान ही नेशनल एजुकेशन अवार्ड, सीएसआर युनिवर्सीटी ऑफ इंडिया अवार्ड, एसोचैम एजुकेशन एक्सिलेंस सम्मिट कम अवार्ड, झारखंड का गौरव अवार्ड, झारखंड की शान अवार्ड, वर्ल्ड एजुकेशन सम्मिट अवार्ड सहित कई नेशनल के साथ साथ इंटरनेशनल अवार्ड अपने नाम किए हैं। उन्होंने आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिन उद्देश्यों के साथ आईसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी, उन उद्देश्यों को पूरा करने में विश्वविद्यालय निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि ना केवल पढ़ाई के क्षेत्र में बल्कि यूथ फेस्टिवल जैसे बड़े मंच पर भी यहां के विद्यार्थियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है और खेलकूद में भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बेहतर कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक भी एकेडमिक क्षेत्रों में बेहतर कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## सोशल मीडिया पर मतदाता करेंगे हैश टैग : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
आगामी लोकसभा चुनाव सुरक्षा पारदर्शी करवाने के उद्देश्य से नगर भवन बरही में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे बरही प्रखंड के सेक्टर मजिस्ट्रेट/ बीएलओ/ बीएलओ और सुपरवाइजर शामिल हुए. जिन्हे बीडीओ, सीओ और बीपीआरओ ने संयुक्त रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण दिया. बीपीआरओ ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित लोगों को प्रखंड के सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण और सत्यापन करने का निर्देश दिया गया. साथ ही बूथ पर उपलब्ध सुविधाओं और समस्याओं से भी अवगत कराने की बात कही गई. इसके लिए सभी आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी दी गई. जिससे मतदान के दौरान मतदाताओं या मतदान पदाधिकारियों को कोई परेशानी नहीं हो. जिससे आयोग को स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग मिले. इसके साथ ही सोमवार 4 मार्च को मतदाता संतुष्टि को लेकर विशेष हैश टैग अभियान चलाने की जानकारी दी गई. बीडीओ ने सभी से उक्त तिथि को प्रत्येक मतदाताओं से मतदाता सूची से अपने डिटेल्स मिलान करके आई एम सेटिस्फाइड वोटर का हैश टैग सोशल मीडिया पर अपलोड करने का अपील की।

## न्यूज बॉक्स

### ऑटो पलटने से पांच घायल

**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र के पोचरा में शनिवार को एक ऑटो के पलटने से 5 लोग घायल हो गए। बताया जाता है की उक्त ऑटो पर इंटर की परीक्षा देने के लिए छात्राएं जा रही थीं। उसी दौरान 9:15 बजे बंजारी मंदिर के निकट ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। जिसमें 4 छात्राओं सहित 5 लोग घायल हो गए। दुर्घटना में दो छात्राएं आंशिक रूप से घायल हुई। दोनो दूसरे वाहन से परीक्षा में शामिल होने के लिए गई। वहीं, सृष्टि कुमारी व रौशनी कुमारी व एक महिला सरिता देवी को घटनास्थल पहुंचे लोगों ने स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ। दुर्घटना के बाद पहुंची बरकाकाना ओपी पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया।

### डॉ सुनील कुमार कश्यप को श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**रामगढ़।** प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान सह प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर डॉ सुनील कुमार कश्यप को दो दिवसीय राष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठी में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डॉक्टर कश्यप ने 26 और 27 अगस्त 2023 को अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया था। जिसपर विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र मिलने पर उन्होंने कह कि इससे कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। इसके पूर्व डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने बड़ोदरा विश्वविद्यालय बड़ोदरा, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली, विनोबा विश्वविद्यालय हजारीबाग, रांची विश्वविद्यालय रांची, बनारस विश्वविद्यालय बनारस के अलावे रांची विश्वविद्यालय में कई बार शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान में भारतीय ज्ञान परंपरा संस्कृत में प्रस्तुत किया है।रांची विश्वविद्यालय के अलावे अन्य विश्वविद्यालय से आए हुए विद्वानों ने उनके शोध कई काफी प्रशंसा किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप समय-समय पर संस्कृत भाषा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में लगे रहते हैं और शोध प्रस्तुत करते रहते हैं।

### धनंजय कुमार पुटूस ने नए लोगों को संगठन से जोड़कर कमेटी का विस्तार किया



**रामगढ़।** रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति द्वारा पूरे रामगढ़ जिला में स्वच्छ छवि के लोगों को संगठन से जोड़कर जिला कमेटी का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी व रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ जिला के सिरका, अरगड्डा, बिंझार, हेसला आदि के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जनसंपर्क कर नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया। जिनमें शिक्षक रतन कुमार ऋषि को जिला प्रवक्ता का मनोनयन किया गया। साथ ही साथ धनंजय कुमार पुटूस ने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं से भी अवगत हुए व इनकी समस्याओं के समाधान को लेकर जल्द ही संबंधित पदाधिकारियों से कर उसका समाधान कराने का आश्वासन दिया। धनंजय कुमार पुटूस कहा कि आरबीएसएस के प्रति जनता का भरोसा बहुत बढ़ा है यही कारण है कि भारी संख्या में लोग संगठन से जुड़ रहे है। ऐसी स्थिति में हमारा फर्ज बनता है कि संगठन के लोग हमेशा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तैयार रहें।

### जदयू की बैठक में एनडीए उम्मीदवार बदलने की मांग की गई



**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड की बैठक शनिवार को पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा के कार्यों मूल्यांकन किया गया। वक्ताओं ने आशा के अनूरूप विकास नहीं होने की बात कही। कार्यकताओं ने कहा कि वर्तमान सांसद हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में कम समय देते हैं। दिल्ली में ज्यादा रहते हैं। इससे एनडीए गठबंधन कमजोर हुआ है। इसलिए एनडीए उम्मीदवार बदले और नए उम्मीदवार का चयन करें। तभी एनडीए उम्मीदवार की जीत होगी। कई वक्ताओं ने प्रसिद्ध व्यवसायी और हजारीबाग चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल के भाजपा और एनडीए में समर्पण की भावना को देखते हुए हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाने की मांग की। इस बाबत जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को पार्टी की स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल,उपाध्यक्ष भीम मेहता, बसंत मेहता, जिला सचिव सह प्रवक्ता राकेश ठाकुर और शंभू नाथ अग्रवाल शामिल हुए।

### टीकाकरण केंद्र में अंदर से जड़ दिया ताला बाहर से दरवाजा खटखटाते रहे लोग

**हजारीबाग।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित टीकाकरण केंद्र में पिक वर्क समय में ताला जड़ दिया गया था और बाहर कई महिला अपने नौनिहाल बच्चों के साथ टीकाकरण के लिए इंतजार करती रही। दूर-दराज से रूटीन टिका लगवाने पहुंची कई महिलाओं के बार-बार दरवाजा खटखटाना के बाद भी अंदर में बैठे टीकाकरण केंद्र के कर्मियों ने ताला नहीं खोला तो यहां एक ट्रॉमा मरीज को देखने पहुंचे हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी की नजर इसपर पड़ी। उन्होंने भी देखा की टीकाकरण केंद्र के दरवाजे पर ताला जड़ा है और अंदर आवाज देने के बाद भी कोई सुन नहीं रहा है। जिसके बाद विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अंदर की एक कर्मी को कॉल किया जिसके बाद ताला खोलकर सभी बच्चों को टीका लगाया गया। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इसकी जानकारी जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. कपिल मुनि और सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह को देते हुए वर्किंग समय में ताला जड़कर रखने और बाहर नौनिहालों के साथ माता पिता को इंतजार कराने की शिकायत करते हुए इसपर कारवाई करने की मांग की।

### जेएम कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**भुरकुंडा।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ है। झारखंड के आदिवासी समाज के विकास में समकालीन अनुसंधान पद्धति का प्रभाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू ने किया। टूकैन रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेंगलुरू के सहयोग से आयोजित संगोष्ठी के प्रथम सत्र में बतौर मुख्य वक्ता डॉ सिद्धेश्वर काश्यप ने कहा कि आज भी आदिवासी समाज का दोहन जारी है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं मुख्य अतिथि कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आज जनजातीय समाज कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है, जबकि यह समाज आज भी कुरीतियों से दूर है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण दहेज का विरोध है, जो आरंभ से इनकी परंपरा रही है।

# मुंबई चैंपियंस ने रेड कार्पेट दिल्ली को हरा फाइनल में प्रवेश किया



**ग्रेटर नोएडा (यूपी)।** 2 मार्च (आईएएनएस) संयुक्त बल्लेबाजी प्रयास और कुछ कसी हुई गेंदबाजी के दम पर मुंबई चैंपियंस ने शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले सेमीफाइनल में शनिवार को रेड कार्पेट दिल्ली को 60 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फिल मस्टर्ड (34 गेंदों पर 73 रन), निर्वाण अत्री (27 गेंदों पर 56 रन) और अभिषेक झुनझुनवाला (29 गेंदों पर 51 रन) ने अर्धशतक जमाये, जिससे मुंबई चैंपियंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 253/3 रन बनाए। विशाल स्कोर का पीछा करते हुए रेड कार्पेट दिल्ली बुरी तरह लड़खड़ा गई और 193/8 पर ही सिमट गई। मस्टर्ड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ मुंबई चैंपियंस ने आईवीपीएल के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फाइनल रविवार को यहां ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई चैंपियंस ने सेमीफाइनल में शानदार शुरूआत की और पहले 10 ओवर में 105 रन बनाए। टीम ने पहला विकेट 105 रन पर खोया। बल्लेबाजी करने आए अभिषेक झुनझुनवाला ने रन बनाना जारी रखा। झुनझुनवाला, पीटर ट्रेगो और रजत सिंह (15 गेंदों में 43 रन) सभी ने भूमिका निभाई और मुंबई चैंपियंस को निर्धारित 20 ओवरों में 253/3 तक पहुंचाया। जवाब में रेड कार्पेट दिल्ली को बड़ा झटका लगा जब स्टार ओपनिंग बल्लेबाज रिचर्ड लेवी पहले ही ओवर में रन आउट हो गए। लेवी रन लेने के लिए दौड़े लेकिन बीच में एक बड़े गड़बड़झाले के कारण उन्हें आउट होना पड़ा। वहां से रेड कार्पेट पर दिल्ली कभी उबर नहीं पाई क्योंकि फरमान अहमद, असेला गुणरत्ने और तिषारा परेरा सभी सस्ते में आउट हो गए। एश्ले नर्स ने कुछ उम्मीदें जगाने की कोशिश की लेकिन 16 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हो गईं। अंत में रेड कार्पेट दिल्ली 20 ओवर में 193/8 रन ही बना सकी। दूसरे सेमीफाइनल में वीवीआईपी उत्तर प्रदेश का मुकाबला छत्तीसगढ़ वॉरियर्स से होगा। लीग चरण में जहां वीवीआईपी उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा, वहीं छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। पिछली बार जब ये दोनों टीमें आईवीपीएल में भिड़ी थीं तो वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को 16 रन से हराया था। अंतिम मुकाबला रविवार को ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा।

## हमें वापसी का था पूरा विश्वास : दीप्ति शर्मा



**बेंगलुरु।** यूपी वारियर्स की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने 2024 डब्ल्यूपीएल के शुरूआती भाग में दो हार के बाद वापसी करने की अपनी टीम की इच्छाशक्ति की प्रशंसा की, जिसे वे मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स पर जीत के साथ बदलने में कामयाब रहे। दीप्ति ने जियोसिनेमा से कहा, हमें विश्वास था कि भले ही हम एक मैच हार जाएं, हम वापसी करेंगे। एक अच्छी टीम हमेशा लड़ती है और आगे बढ़ती है, इसलिए यही हमारी योजना थी। हम पहले दो मैचों से सीखना चाहते थे और उन चीजों को करना बंद करना चाहते थे जो हमें नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा,साथ ही, हम उन चीजों को अपने साथ लेकर आगे बढ़ते हैं जो हम अच्छा कर रहे हैं। जाहिर तौर पर मुंबई पर हमारी जीत है क्योंकि यह सीजन की हमारी पहली जीत थी। इसके अलावा, मुंबई एक अच्छी टीम है। आप जितनी बेहतर टीम को हराएंगे, उतना ही बेहतर होगा। आप आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। हम हमेशा अपने साथियों पर भरोसा करते हैं। श्रीलंका की हरफनमौला खिलाड़ी चामरी अथापथु ने प्रसारकों से कहा कि वह डब्ल्यूपीएल में पदार्पण करने से बहुत खुश हैं, ग्रेस हैरिस ने आसानी से 143 रनों का पीछा करते हुए 33 गेंदों में नाबाद 60 रन बनाए। आखिरकार मुझे खेलने का मौका मिला। मैं इन लड़कियों के साथ आनंद ले रही हूं। सहयोगी स्टाफ भी मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद कर रहा है। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट था, मैंने गेंदबाजी के साथ अपनी योजनाओं को क्रियान्वित किया। सही योजनाओं को सही समय पर क्रियान्वित किया। ह्लबल्लेबाजी में अच्छा महसूस हुआ, दुर्भाग्य से मैं अधिक समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकी। ग्रेस हैरिस ने अच्छा प्रदर्शन किया, मैं टीम के प्रदर्शन से सचमुच खुश हूं। वह हमेशा मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए कहती है, मैं उसे खुलकर खेलने के लिए कहती हूं। उनमें बड़ी क्षमता है और वह अपना खेल जानती हैं। मैं केवल उसका समर्थन कराती हूं। वारियर्स की जीत का मतलब यह भी है कि तीनों मौकों पर हारने के बाद भी गुजरात अभी भी प्रतियोगिता में अपनी छाप नहीं छोड़ पाई है।

# विश्व रिकॉर्ड धारक कोलमैन ने एथलेटिक्स इंडोर वर्ल्ड्स में 60 मीटर रेस जीती

**एजेंसी। ग्लासगो।**



**ग्लासगो।** अमेरिकी धावक क्रिश्चियन कोलमैन ने शुक्रवार को यहां विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की 60 मीटर दौड़ का खिताब जीतने के लिए 6.41 सेकंड का विश्व-अग्रणी समय निकाला।समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 27 वर्षीय कोलमैन ने छह साल से 6.34 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड कायम किया हुआ है, लेकिन उनके साथी नोआ लायल्स ने ग्लासगो में अधिक ध्यान आकर्षित किया, क्योंकि 200 मीटर विशेषज्ञ ने 6.43 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ यूएस इंडोर चैंपियनशिप जीती।

पिछले अगस्त में बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीतकर धूम मचाने वाले लायल्स शुक्रवार को दो ठोस जीत के साथ आसानी से फाइनल में पहुंच गए। हालाँकि, इंडोर दुनिया का नवोदित खिलाड़ी अधिक अनुभवी कोलमैन की बराबरी नहीं कर सका क्योंकि 2018 विश्व इंडोर चैंपियन ने शुरूआत के ठीक बाद नेतृत्व किया और 0.03-सेकंड के अंतर से जीत हासिल की। 22 वर्षीय जमैका के एकीम ब्लेक 6.46 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कोलमैन ने कहा, आपको अपने आप में आत्मविश्वास महसूस करना होगा। मैंने अपने शरीर को वही करने देने का मन बना लिया है जो मैं अभ्यास में कर रहा हूं और मैं जीत कर आया। कोलमैन के हमवतन रयान क्राउसर ने चैंपियनशिप रिकॉर्ड को 22.77 मीटर तक सुधारकर पुरुषों के शॉट पुट में जीत पक्की कर दी। विश्व रिकॉर्ड धारक, दो बार के ओलंपिक चैंपियन और दो बार के विश्व चैंपियन के रूप में, क्राउसर ने अपने अंतिम थ्रो के साथ अपना पहला इंडोर विश्व खिताब जीता।

न्यूजीलैंड के टॉम वॉल्श ने 22.07 मीटर में रजत पदक जीता, जबकि इटली के लियोनार्डो फैब्री ने 21.96 मीटर में कांस्य पदक जीता। महिलाओं की ऊंची कूद में ऑस्ट्रेलिया की निकोला ओलिस्लागर्स ने 1.99 मीटर के साथ जीत हासिल की, जबकि विश्व चैंपियन यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख को 0.02 मीटर पीछे रहकर दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा टूर्नामेंट के शुरूआती दिन, कनाडा की सारा मिटन ने महिलाओं के शॉट पुट में अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ 20.22 मीटर के साथ जीत हासिल की। महिलाओं के पेंटाथलॉन के पोडियम में बेल्जियम की नूर विड्स शीर्ष पर रहीं।

## पेरिस हॉकी ओलंपिक टूनार्मेंट के मैच शेड्यूल 6 मार्च को ओलंपिक हाउस में घोषित किए जाएंगे

**एजेंसी। लुसान।**



अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने यह घोषणा की है कि पेरिस 2024 हॉकी ओलंपिक टूनार्मेंट (महिला और पुरुष) के मैच शेड्यूल का अनावरण 6 मार्च को आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक और एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम द्वारा लुसाने में ओलंपिक हाउस में किया जाएगा। ओलंपिक के हॉकी टूनार्मेंट पेरिस के पास, कोलंबस में यवेस-डु-मनोइर स्टेडियम के ऐतिहासिक स्थल में खेले जाएंगे - जो 1924 में ओलंपिक खेलों का मैदान था। 12 पुरुषों और 12 महिलाओं की राष्ट्रीय टीमें अत्यधिक प्रतिष्ठित ओलंपिक पदक जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। एफआईएच के अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने कहा, एफआईएच की ओर से और अपने व्यक्तिगत नाम से, मैं पेरिस 2024 की तैयारी में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति के लिए अध्यक्ष बाक के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं। एक ओलंपिक खेल के रूप में 1908 से और ओलंपिक आंदोलन के एक सक्रिय सदस्य के रूप में, हम सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि आईओसी अध्यक्ष हमें अपना कुछ कीमती समय देंगे। "ये ओलंपिक खेल हमारे शताब्दी वर्ष के दौरान हो रहे हैं, जो इसे वैश्विक हॉकी समुदाय के लिए और भी खास बनाता है। हम कुछ ही महीनों में पेरिस में एक शानदार आयोजन की आशा कर रहे हैं !ह्व 6 और 7 मार्च को लुसाने में होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग कार्यशाला के साथ, पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग लेने वाले अधिकांश हॉकी राष्ट्रीय संघ अनावरण समारोह में भाग लेंगे।

## पांच बार के विश्व चैंपियन प्रमोद भगत का नायक की तरह स्वागत

**नई दिल्ली।** ओडिशा के गोल्डन बॉय प्रमोद भगत, जिन्होंने हाल ही में लिन डैन के पांच विश्व चैंपियनशिप के रिकॉर्ड की बराबरी की, जब वह अपने राज्य वापस गए तो हवाई अड्डे पर उनका नायक की तरह स्वागत किया गया। विमान से उतरते समय भगत का स्वागत खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, सिद्धार्थ शंकर साहू ओएसडी खेल और युवा सेवा विभाग, ओडिशा सरकार के अधिकारियों ने किया। उनके गर्मजोशी भरे स्वागत से अपने खेल नायकों के प्रति राज्य के अटूट समर्थन की झलक मिली। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के अध्यक्ष कमला कांता रथ और कोषाध्यक्ष सुनील प्रधान की उपस्थिति से हवा में स्पष्ट उत्साह और बढ़ गया। उनकी उपस्थिति ने वैश्विक मंच पर भगत की असाधारण उपलब्धियों के लिए स्थानीय समुदाय द्वारा महसूस किए गए सामूहिक गौरव और प्रशंसा को रेखांकित किया।

## उस्मान ख्वाजा को अपने बल्ले से ब्लैक डव स्टिकर हटाने के लिए होना पड़ा मजबूर

**एजेंसी। वेलिंगटन।**



ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने ब्लैक डव स्टीकर को लेकर विवाद को फिर से हवा दे दी है, क्योंकि उन्हें वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपने बल्ले से ब्लैक डव स्टीकर हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। दुर्भाग्य से, शनिवार सुबह ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के दौरान ख्वाजा का बल्ला टूट गया। छत्तीस वर्षीय खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी जारी रखने से पहले अपने बल्ले पर से जैतून की शाखा को पकड़े हुए कबूतर के चित्र को हटाना पड़ा, जबकि मैट रेनशॉ एक अतिरिक्त बल्ले के साथ मैदान पर आ गए। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान कबूतर का चित्र लगाने के ख्वाजा के अनुरोध को खारिज कर दिया, इसे ₹राजनीतिक विरोध₹ कहा। इसके बावजूद, क्वींसलैंडर ने अपने नेट सत्र के दौरान इसे पहनना जारी रखा है। इसके बावजूद, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस्लामाबाद में पैदा हुए खिलाड़ी को अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया है। इस अनुभवी खिलाड़ी की खेल की सर्वोच्च संस्था द्वारा फिर से निंदा की गई जब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती मैच के दौरान काली पट्टी पहनी थी।

## केटी बोल्टर सीधे सेटों में जीत के साथ सेमीफाइनल में

**एजेंसी। सैन डिएगो।**



ब्रिटिश नंबर 1 केटी बोल्टर ने सातवीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच पर सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से जीत के बाद सैन डिएगो ओपन में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सातवीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच के खिलाफ मुकाबला करते हुए, बोल्टर को शुरूआत में ही कड़ी परीक्षा देनी पड़ी क्योंकि वेकिच आगे बढ़ी और बोल्टर की सर्विस तोड़कर पहले सेट में 3-1 की बढ़त ले ली। हालाँकि, बोल्टर ने मैच को हाथ से जाने नहीं दिया और शानदार वापसी करते हुए स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच एक-दूसरे को झटका लगने के बाद, बोल्टर को दृढ़ता का फल मिला क्योंकि उसने कई तीव्र रैलियों के बाद एक कठिन संघर्षपूर्ण शुरूआती सेट जीत लिया। पहले सेट में अपनी जीत से उत्साहित बोल्टर ने दूसरे सेट में अपनी गति जारी रखी और धमाकेदार सर्विस और सटीक शॉट मेकिंग के प्रदर्शन से 4-0 की शानदार बढ़त बना ली। फिर भी, जब जीत करीब दिख रही थी, वेकिच ने पलटवार करते हुए बोल्टर की सर्विस तोड़ दी और अंतर को 5-2 तक कम कर दिया। यह उनके करियर में पहली बार है कि बोल्टर ने लेसिया सुरेंको और बीट्रिज हद्दाद माइया पर अपनी पिछली जीत के बाद किसी टूनार्मेंट में शीर्ष 50 में शामिल कई खिलाड़ियों को हराया है। दबाव बढ़ने के साथ, बोल्टर को मैच के लिए सर्विस करते समय एक महत्वपूर्ण क्षण का सामना करना पड़ा।

## भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय स्टैंड अप पैडलिंग इवेंट लॉन्च किया

**मंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग कार्यक्रम लॉन्च किया। यह घोषणा कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादर, कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और दक्षिण कन्नड़ के जिला प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव और सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन के अध्यक्ष धनंजय शेट्टी की मौजूदगी में की गई। इसके अतिरिक्त, इस अवसर पर इंडिया पैडल फेस्टिवल लोगो का अनावरण भी किया गया। 2024 एपीपी वर्ल्ड टूर के लॉन्च से पहले तीन दिवसीय एसयूपी चैंपियनशिप 8-10 मार्च, 2024 तक ससिहित्थलू बीच पर होने वाली है। हमें अपने समुद्र तट, संस्कृति और व्यंजनों की सुंदरता को उजागर करने के लिए दक्षिण कन्नड़ में इस तरह के और अधिक आयोजनों की जरूरत है। हम मंगलुरु में उद्घाटन भारत पैडल महोत्सव की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं।

# भारतीय मुक्केबाजों की नजरें इटली के पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**नई दिल्ली।** पहला विश्व क्वालीफिकेशन टूनार्मेंट रविवार को इटली के बस्टो अर्सिजियो में शुरू हो रहा है, अनुभवी शिव थापा, दीपक भोरिया और निशांत देव सहित नौ भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में जगह पाने की लड़ाई के लिए तैयार हो रहे हैं। भारत के सात पुरुषों और दो महिलाओं का लक्ष्य ओलंपिक कोटा सुरक्षित करना है, ऐसे में पेरिस 2024 बॉक्सिंग यूनिट (पीबीयू) द्वारा आयोजित क्वालीफायर में दांव ऊंचे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड द्वारा बनाई गई एक तदर्थ संस्था है जो 49 कोटा स्थानों की पेशकश करती है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाला मुक्केबाज पेरिस का टिकट हासिल कर लेगा। महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में, केवल तीन स्थान उपलब्ध होने के कारण हारने वाले सेमीफाइनलिस्टों के बीच मुकाबला ओलंपिक बर्थ का निर्धारण करेगा। जबकि कुछ मुक्केबाजों ने महाद्वीपीय स्पधार्ओं के माध्यम से पहले ही कोटा स्थान हासिल कर लिया है, कोलंबिया के युबरजेन मार्टिनेज, जापान के टोमोया त्सुबोई, कजाकिस्तान के मखमुद सबिरखान और वेनेजुएला के योएल फिनोल जैसे विश्व स्तरीय प्रतियोगी इटली में स्थान पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत की उम्मीदें मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) जैसे सभी 2023 विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं के साथ-साथ अनुभवी शिव थापा और पूर्व एशियाई चैंपियन संजीत पर टिकी हैं। दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन सर्जरी के बाद रिंग में लौट आए हैं, जबकि थापा (63.5 किग्रा) और संजीत (92 किग्रा) से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें अधिक हैं।

## खबरें व्यापार जगत की

### कैप्टिव, वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 27 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** मौजूदा वित्त वर्ष में 1 अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 तक देश में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से कुल कोयला उत्पादन और प्रेषण क्रमशः 12.68 करोड़ टन और 12.888 करोड़ टन हो गया। कोयला मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में इनमें क्रमशः 27.06 प्रतिशत और 29.14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कोयला उत्पादन में वृद्धि बढ़ी हुई दक्षता और एक मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को दर्शाती है जो देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और आयातित कोयले पर देश की निर्भरता कम करने में मदद कर रही है। मंत्रालय ने कहा कि ये प्रयास आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और 'मेक इन इंडिया' अभियान का समर्थन करने की सरकार की पहल के अनुरूप हैं। उत्पादन में वृद्धि सरकार द्वारा नीतिगत सुधारों के सफल कार्यान्वयन के कारण हुई है जिसमें वाणिज्यिक खानों की पारदर्शी ई-नीलामी जैसे उपाय शामिल हैं। उत्पादक खदानों की कुल संख्या 29 फरवरी तक 54 थी, जिनमें से 35 बिजली क्षेत्र को, 11 गैर-विनियमित क्षेत्र को और आठ खुले बाजार में कोयले की बिक्री के लिए आवंटित की गई है। वाणिज्यिक कोयला नीलामी के तहत 91 खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है, जिनमें से सात खदानों ने पहले ही कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है। फरवरी 2024 के महीने में कुल कोयला उत्पादन और प्रेषण क्रमशः 1.485 करोड़ टन और 1.295 करोड़ टन था, जो फरवरी 2023 में क्रमशः 1.085 करोड़ टन और 97.2 लाख टन की तुलना में क्रमशः 37 प्रतिशत और 33 प्रतिशत अधिक है। औसत दैनिक कोयला उत्पादन और प्रेषण दर क्रमशः 5.12 लाख टन और 4.46 लाख टन प्रति दिन थी। कोयला मंत्रालय ने कहा कि देश की बढ़ती ऊर्जा मांग पूरी करने के लिए परिचालन को और अधिक सुव्यवस्थित करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### प्ले स्टोर विवाद पर आईटी मंत्रालय ने गूगल को अगले सप्ताह बैठक के लिए बुलाया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय आईटी एवं दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि उन्होंने गूगल को अगले सप्ताह एक बैठक के लिए बुलाया है। इससे पहले कंपनी ने अपने प्ले स्टोर से हटा दिये गये भारतीय डिजिटल कंपनियों के कुछ ऐप दोबारा वहाँ उपलब्ध करा दिये थे। वैष्णव ने कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और कोई बड़ी कंपनी उसके भाग्य का फैसला नहीं कर सकती। मंत्री ने कहा, मुझे उम्मीद है कि गूगल का रवैया उचित होगा। हमारे पास एक बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है और उनके हितों की रक्षा करना महत्वपूर्ण है। आईटी मंत्री ने कहा, हम अपने स्टार्टअप इकोसिस्टम की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे और मुझे भरोसा है कि गूगल इस मामले पर उचित तरीके से विचार करेगा। सीरियल निवेशक और उद्यमी रितेश मलिक ने एक्स पर पोस्ट किया: उनकी त्वरित प्रतिक्रिया के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद। स्टार्टअप इंडिया नीति निमार्ताओं के समर्थन के लिए आभारी है। सूत्रों ने पहले पुष्टि की थी कि टेक दिग्गज ने कुछ ऐप्स जैसे शादी डॉट कॉम, इंफो एज के नौकरी ऐप, 99एकड़ और नौकरी गल्फ तथा अन्य को बहाल कर दिया है। इन्फो एज के सह-संस्थापक संजीव बिकचंदानी ने भी एक्स पर एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की। उन्होंने पोस्ट किया, इन्फो एज के कई ऐप्स प्ले स्टोर पर वापस आ गए हैं। हितेश और पूरी इन्फो एज टीम के नेतृत्व में एक प्रयास बहुत अच्छा रहा। लोग इसके लिए पूरी रात जागते रहे। शानदार संकट प्रबंधन। इससे पहले दिन में, इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने भारतीय कंपनियों के ऐप्स को हटाने की आलोचना की थी और गूगल से उन हटाए गए ऐप्स को अपने प्ले स्टोर पर फिर बहाल करने के लिए कहा था। गूगल ने मैट्रिमोनी और शादी डॉट कॉम सहित प्रमुख भारतीय डिजिटल कंपनियों के एक दर्जन से अधिक ऐप्स को प्ले स्टोर से हटा दिया था। यह कदम गूगल द्वारा उन 10 डेवलपर्स के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना की घोषणा के बाद आई है, जिन्होंने अन्य ऐप स्टोर की भुगतान नीतियों का पालन करने के बावजूद इसकी भुगतान नीति का पालन करने से इनकार कर दिया था। ऑल्ट, स्टेज और अहा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, ट्रूली मैडली और क्वैक क्वैक डेटिंग ऐप्स, कुकू एफएम ऑडियो कंटेंट प्लेटफॉर्म और एफआरएनडी सोशल नेटवर्किंग ऐप जैसी कंपनियों के एप्लिकेशन को भी गूगल ने हटा दिया है।

### टेक कंपनियों के लिए केंद्र की एडवाइजरी, एआई मॉडल लॉन्च करने से पहले लेनी होगी अनुमति



**नई दिल्ली।** केंद्र ने शनिवार को एआई के दुरुपयोग पर बड़े इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की कड़ी आलोचना की और कहा कि सभी मध्यस्थों को किसी भी पूर्वाग्रह या भेदभाव की अनुमति नहीं देनी चाहिए या चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को खतरे में नहीं डालना चाहिए। उसने कहा कि देश में कोई भी एआई मॉडल लॉन्च करने से पहले सरकार की अनुमति अवश्य लें। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि आईटी मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि मध्यस्थ या प्लेटफॉर्म नए आईटी नियम, 2021 के तहत उल्लिखित उचित जाँच दायित्वों को पूरा नहीं कर रहे हैं। पिछले साल दिसंबर में जारी एडवाइजरी के अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने अब कहा है कि सभी मध्यस्थों/प्लेटफॉर्मों को सलाह दी जाती है कि वे एआई के कारण यूजरों को होने वाले नुकसान और गलत सूचना, विशेष रूप से डीपफेक संबंधी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। डिजिटल प्लेटफार्मों को तत्काल प्रभाव से नए दिशानिर्देशों का पालन करने और इस एडवाइजरी के 15 दिन के भीतर मंत्रालय को की गई कार्रवाई-सह-स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। मंत्री ने कहा, हाल ही में गूगल जेमिनी एआई विवाद के आलोक में, एडवाइजरी अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर नहीं बच सकते कि ये एआई मॉडल परीक्षण के चरण में हैं। सोशल मीडिया मीडिएटर्स को परीक्षण के तहत एआई प्लेटफार्मों को लेबल करना होगा, सरकार की अनुमति लेनी होगी और अंतिम यूजरों की सहमति भी लेनी होगी कि उनके एआई मॉडल और सॉफ्टवेयर में त्रुटियां होने की संभावना है ताकि नागरिकों को उनके परिणामों के बारे में पता चल सके। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी मध्यस्थों या प्लेटफार्मों को यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई मॉडल/एलएलएम/जेनरेटिव एआई, सॉफ्टवेयर या एल्गोरिदम का उपयोग अपने यूजरों को किसी भी चीज को होस्ट, प्रदर्शित, अपलोड, संशोधित, प्रकाशित, प्रसारित, स्टोर, अपडेट या साझा करने की अनुमति नहीं देता है। नए दिशानिर्देशों में कहा गया है कि परीक्षण से गुजर रहे/अविश्वसनीय एआई मॉडल का उपयोग और भारतीय इंटरनेट पर यूजरों के लिए इसकी उपलब्धता भारत सरकार की स्पष्ट अनुमति के साथ की जानी चाहिए और उत्पन्न आउटपुट की संभावित और अंतर्निहित गलतियों या अविश्वसनीयता को उचित रूप से लेबल करने के बाद ही ऐसा किया जाना चाहिए। इसके अलावा, सहमति पॉपअप तंत्र का उपयोग यूजरों को उत्पन्न आउटपुट की संभावित और अंतर्निहित गलतियों या अविश्वसनीयता के बारे में स्पष्ट रूप से सूचित करने के लिए किया जा सकता है।

## एक नजर

### सचिदानंद त्रिपाठी की पुण्यतिथि 8 मार्च को

**मेदिनीनगर ।** भूतपूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी के 37वीं पुण्यतिथि व अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन 8 मार्च को अधिवक्ता संघ भवन में 11 बजे से किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी स्वर्गीय सचिदानंद त्रिपाठी के नाती व कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने दी। बिदित हो कि स्वर्गीय सचिदानंद त्रिपाठी 1962 से 1967 तक डालटनगंज विधानसभा के विधायक रहे थे। 1950 में उन्होंने वकालत की शुरूआत की थी। वे फौजदारी मामले के जाने माने अधिवक्ता थे।

### अंचल प्रभार के भरोसे सुधार नहीं तो 15 से आंदोलन : राजीव

**हरिहरगंज ।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने शनिवार को सब्जी मंडी स्थित नयन रेस्टोरेंट भवन के हॉल में प्रेसकॉन्फ्रेंस कर कहा कि क्षेत्र में विकास की गति तेज करने के उद्देश्य घोषित हरिहरगंज आकांक्षी प्रखंड इन दिनों पदाधिकारी विहीन है. प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रभार के सहारे चल रहा है. वही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर भी पद स्थापना नहीं हो सकता है. साथ ही कहा कि नगर पंचायत में आवंटित 842 पीएम आवास अब तक पूर्ण नहीं हुआ है. वही नगर पंचायत द्वारा होल्डिंग टैक्स वसूली के साथ-साथ विलंब शुल्क लेना अन्याय पूर्ण है. उक्त मांगों को लेकर उन्होंने सरकार व विभागीय पदाधिकारी से आगामी 14 मार्च तक उक्त समस्या का समाधान करने की मांग की है. साथ ही कहा कि मांग नहीं मानी गयी तो विवश होकर 15 मार्च को प्रखंड व अंचल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन व चरणवद्ध आंदोलन की जाएगी।

### अर्बन हॉस्पिटल खुलने से शहर के लोगों को होगा लाभ : कमलेश

**हरिहरगंज ।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार ने हरिहरगंज शहर में अर्बन हॉस्पिटल खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी है. हरिहरगंज- हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि दौरे के क्रम में हरिहरगंज शहर के नागरिकों ने शहर के लिए अर्बन हॉस्पिटल की मांग करते हुए प्रस्ताव भेजा गया था. सरकार को प्रस्ताव भेजने के उपरांत स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव से इसे स्वीकृति दिलाने का काम किया. अर्बन हॉस्पिटल में ओपीडी समेत प्रसव आदि की सुविधाएं उपलब्ध होंगी. अर्बन हॉस्पिटल को स्वीकृति मिलने से हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के लोगों में खुशी है. एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, एनसीपी नेता सरोज मेहता, अखिलेश मेहता, अजय सिंह, जितेंद्र मेहता, मंटू मेहता, जनेश्वर भुइयां, प्रसाद भुइयां आदि ने अर्बन हॉस्पिटल की स्वीकृति दिलाने के लिए विधायक कमलेश कुमार सिंह का आभार जताया है।

# उपायुक्त ने पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित वज्रगृह का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शुक्रवार को उपायुक्त गरिमा सिंह ने ईवीएम-वीवीपैट के कमिशनिंग के लिए राजकीय पोलिटेक्निक संस्थान स्थित वज्रगृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने संस्थान के कमरों व अन्य उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के अलावा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. इस मौके पर कमिशनिंग कार्य में प्रतिनियुक्त किए गये तकनीकी पदाधिकारी, मास्टर ट्रेनर, सहायक व निवार्ची व सहायक निवार्ची पदाधिकारियों से आवश्यक जानकारियां ली. उन्होंने कहा कि ईवीएम कमिशनिंग निर्वाचन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है. इस पर ही मतदान निर्बाध संपन्न हो पाना निर्भर है. इसलिए पूरी ईमानदारी और तत्परता से कार्य करे. कमिशनिंग का कार्य अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील है. इसमें जरा भी कोताही या चूक की संभावना नहीं होनी चाहिए. गरिमा सिंह ने कहा कि टीम भावना से समय का पालन करते हुए कार्य पूरा कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी हैं.



**चुनाव की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक**

इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी मो परवेज, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे. उपायुक्त ने शहर के बनवारी साहु महाविद्यालय व गांधी कालेज का भी निरीक्षण किया और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया. इससे पहले उपायुक्त ने चुनाव को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया. उपायुक्त ने चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही. उपायुक्त ने शुक्रवार को श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के सफल संचालन के लिए समाहरणालय परिसर से जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### पूर्व विधायक ने चलाया लाभार्थी जनसंपर्क अभियान

**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बूथ नंबर 24 पर मंडल भाजपा ने लाभार्थी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की. पूर्व विधायक हरिकृष्णा सिंह ने इसका शुभारंभ किया. लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जाना गया. लाभुकों के बीच जाकर योजनाओं का लाभ और अनुभव को जानने का प्रयास किया गया. पूर्व विधायक ने एक बार फिर मोदी सरकार और 400 पार के नारे लगाकर लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में वोट करने की अपील की. इस मौके पर संसद के प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, अभियान के संयोजक उपेंद्र प्रसाद (ओपी), नारी शक्ति वंदन अभियान की संयोजक रूपाली सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, काफी सख्या में आमलोग मौजूद थे।

## पंचायती राज व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेंगे मुखिया



नवीन मेल संवाददाता

**जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष ने सभी मुखिया से न्यू टाउन हॉल में आयोजित बैठक में भाग लेने की अपील की**

**लातेहार।** न्यू टाउन हॉल में रविवार को पंचायतीराज व्यवस्था पर चर्चा को लेकर बैठक आयोजित की गयी है. जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सुभाष सिंह ने जिले के सभी मुखिया से इस बैठक में भाग लेने की अपील की है. इधर, बरवाडीह प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह पूर्व सैनिक आशीष सिंह के आवासीय परिसर में बरवाडीह मुखिया संघ की एक बैठक आयोजित की गयी. अध्यक्ष ने कहा कि रविवार को लातेहार के टाउन हॉल में आयोजित बैठक में बरवाडीह से भी मुखिया भाग लेंगे. उन्होंने बताया कि पंचायती राज को 29 अधिकारों में सिर्फ 14 अधिकार ही हमें दिया गया है. बैठक में इस पर विचार विमर्श किया जायेगा और अधिकारों की प्राप्ति के लिए रणनीति तैयार की जायेगी. बैठक में चुंगरू मुखिया बलदेव परहिया, कुचिला मुखिया सतरोहन सिंह, उकामाड़ मुखिया पूनम देवी, लात मुखिया ईश्वरी देवी, खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह, केड़ मुखिया अनिता देवी, छिपादोहर मुखिया वेरोनिका कुजूर, हरातु मुखिया सावित्री देवी समेत अन्य पंचायतों के मुखिया उपस्थित रहे।

# पुल के नीचे गिरने से बाइक सवार दो छात्रों की मौत, दो गंभीर

**घर से नौंवी का परीक्षा देने गए थे भरी स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय**

**सेंटर से निकलने के बाद एक ही बाइक पर सवार होकर चार छात्र गए थे घूमने**



नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** पलामू जिले के भरी छलका पुल के नीचे तेज रफ्तार बाइक सवार चार छात्र पेड़ से टकराते हुए नीचे गिर गए। इस घटना में एक छात्र की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। जबकि तीन अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी लाल सूरज कुमार पिता सुधीर पासवान के रूप में हुआ है। घायल सभी तीनों छात्र दीपक कुमार पिता अरविंद कुमार प्रजापति, छोटू कुमार पिता रामलाल भुइयां और हिमांशु कुमार पासवान पिता विरेंद्र पासवान भी परसिया के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि मृतक लाल सूरज कुमार अपने तीन अन्य दोस्त के साथ नौवीं कक्षा का परीक्षा देने पांकी रन्ने भरी स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय गए थे। बताया जाता है कि परीक्षा देने के बाद मृतक लाल सूरज कुमार समेत चार छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर सलगस की ओर घूमने गए थे। घर लौटने के दौरान रन्ने - भरी छलका पुल के नीचे बाइक सवार सभी छात्र गिर गए। दुर्घटना में लाल सूरज कुमार नामक छात्र की मौत घटना स्थल पर हो गया। जबकि तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने पर पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंच सभी घायल को पांकी समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दीपक कुमार को रेफर कर दिया गया। हिमांशु कुमार को सगालीम में ही इलाज किया जा रहा है। पांकी थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी ने बताया कि दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गया है जबकि तीन अन्य छात्र घायल हैं। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमास्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक और घायल सभी छात्र नाबालिग हैं।

### अज्ञात अपराधियों ने ठेकेदार की गोली मारकर की हत्या

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कांदू मोहल्ला निवासी ठेकेदार श्याम सुंदर साव उम्र 50 वर्ष की शनिवार की रात आठ बजे अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना के बारे में बताया जाता है शनिवार की शाम श्याम सुंदर साव अपने घर से कुछ दूरी पर खड़े थे। इसी बीच वहां पहुंचे अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी। बताया जाता है कि तीन गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर डीएसपी मणि भूषण प्रसाद,शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार सदल-बल सदर अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए शहर में छापेमारी कर रही है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म और मारपीट के बाद खेत में फेंका

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर मारपीट कर मरा समझकर उसे खेत में फेंक देने का मामला सामने आया है। किशोरी को गंभीर हालत देखते हुए उसे वारणसी उतर प्रदेश में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है। इस घटना को लेकर पीढ़ित के पिता ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है।लिखित आवेदन में कहा गया है कि मेरी पुत्री शौच के लिए बाहर खेत में गई थी, काफी देर बीत जानें के बाद जब वह नहीं लौटी तो परिवार के सभी सदस्य उसे खोजने लगे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। दोपहर करीब तीन बजे गांव की कुछ महिलाएं खेत में घास काटने गई तो देखा की अरहर के खेत में मेरी लड़की अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। उनलोगों ने इसकी जानकारी हमारे परिवार के लोगों को दी, ततपश्चात सूचना मिलते ही गांव के



कई लोगों के साथ जब वहां पहुंचा, तो देखा की उसके नाक कान से काफी खून बह रहा था और उसका गर्दन उसके दुपट्टा से कसा हुआ था, उसकी स्थिती को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी उत्तर प्रदेश के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। तीन माह पूर्व मेरी लड़की को गांव के एक युवक कुंडल कुमार उसे छेड़ छाड़ किया था। मुझे पूर्ण विश्वास है कि कुंडल कुमार अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गईं है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम गोपाल डीह निवासी नरेश यादव उम्र 45 वर्ष शुक्रवार की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की नरेश यादव शुक्रवार की दोपहर बाइक पर सवार होकर पांकी बाजार सामान खरीदने गए थे।इस बीच शाम को घर लौटते समय रास्ते में एक कुत्ता उनके बाइक के सामने आ गया।जिसमे बाइक से अनियंत्रित होकर वह गिर पड़े। इसके बाद राहगीरों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां इलाज के बाद भी घायल नरेश यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे है।

## बिहार में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर होटलों की हुई जांच

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला से सटे बिहार के औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट है। मेदिनीनगर शहर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी देवदत्त पोद्दार के नेतृत्व में पुलिस ने शहर के तमाम होटलों की गहनता पूर्वक जांच की।जांच के क्रम में होटलों में ठहरने वाले लोगों की रजिस्टर में इंट्री देखी गई। उन्हें ठहराने के लिए समुचित प्रक्रिया का पालन किया गया है या नहीं इसकी भी जानकारी ली गई। कमरा बुक कराने के लिए पहचान आईडी ली गई है या नहीं यह भी जांचा किया गया। होटलों में सीसीटीवी की व्यवस्था है या नहीं यह सब देखा गया। रजिस्टर मेंटेन नहीं होने को लेकर कई होटल संचालकों को पुलिस कर्मियों ने सख्त चेतावनी भी दी और कहा कि अगली बार से रजिस्टर मेंटेन नहीं पाया गया तो होटल संचालक के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही जिन होटलों में सीसीटीवी कैमरा खराब पाया गया उन होटल चालकों को सीसीटीवी कैमरा ठीक करवाने की सलाह दी गई।वही पुलिसकर्मियों द्वारा होटल में ठहरे लोगों की बैग और पहचान पत्र भी जांच की गई।मौके पर टिओपी 1,2,3 प्रभारी,टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह, रोहित कुमार,परवेज खान,सहायक पुलिस प्रफुल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## अबुआ आवास योजना को भ्रष्टाचार का अड्डा बनने नहीं दिया जाएगा : बिट्टू पाठक

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू ।** महागठबंधन सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास जो वैसे घर विहीन लोगों के लिए लागू किया गया जिनके पास अपना छत नहीं था जो ठंडा गर्मी बरसात का सामना खुली आसमान के नीचे किया करते हैं लेकिन कुछ पंचायत और प्रखंडों से ऐसा सूचना मिल रहा है कि यह योजना भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है उक्त बातें पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा आगे उन्होंने कहा कि झारखंड के महागठबंधन सरकार जिस उद्देश्य से अबुआ आवास योजना को लेकर आई लेकिन इस योजना को कुछ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि इस योजना को आपदा में अवसर तलाश रहे हैं जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पलामू जिला में भाजपा के विधायक के बिचौलियों ने भ्रष्टाचार को बढ़ाने का काम किया है प्रखंड स्तर मैं उपयुक्त



पलामू महोदय से आग्रह करते हैं कि वैसे पदाधिकारी को चिन्हित करने की कृपा की जाए जिस प्रकार केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाओं में लूट की खुली छूट मिली हुई है इस प्रकार से पदाधिकारी इस योजना में भी लूट करना चाहते हैं तो आप सभी को यह बता दे की कांग्रेस पार्टी जो गरीब गुरोबो के लिए हमेशा से उनके हक और अधिकार के लिए तत्पर रही है लड़ाई लड़ी है इस योजना को धरातल पर उतरने के लिए और जो सही लाभुक है उसकी योजना का लाभ मिले उनके हक की लड़ाई लड़ेगी इसके साथ ही उसमें उनको किसी प्रकार का भाग दोड या घुस नहीं देना पड़े इसके लिए लगातार कांग्रेस पार्टी संघर्ष करती रही है और आगे भी करेगी लाभुकों से अनुरोध करते हैं जो भी पदाधिकारी या कर्मचारी आपसे पैसे मांगने का काम कर रहा होगा तो बताने का काम करें इस प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहां की कुछ जनप्रतिनिधि और भाजपा मानसिक पदाधिकारी को कहना चाहता हूं कि आप जो मनसूबा पाल रखे हैं उसको हटा दें और अपने कार्य शैली में बदलाव लाए जनता सब देख रही है पत्रकार सम्मेलन में प्रमुख रूप से शमीम अहमद राइन सत्येंद्र सिंह मिथिलेश सिंह जितेंद्र कमलापुरी संतोष गुप्ता शैलेश मेहता इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### गर्मी के दस्तक देते ही कई इलाकों में पेयजल संकट

**छतरपुर/ पलामू।** हर साल गर्मी दस्तक देते ही छतरपुर नगर पंचायत के लोग पेयजल किल्लत से परेशान और हलकान हो जाते हैं। नतीजन नगर पंचायत को उस किल्लत को दूर करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और लोग इस समस्या से त्राहिमाम करने लगते हैं। पुनः गर्मी ने इलाके में अपनी दस्तक दे दी है पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी इलाके में पेयजल संकट गहराने का डर लोगों को सताने लगा है, क्योंकि इलाके के कई बोर और कुएं अभी से ही सूखने लगे हैं।

## पेज एक के शेष

### स्पेनिश महिला से ...

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रात करीब 11 बजे पुलिस की गश्ती टीम को महिला ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जब सर्च अभियान चलाया तो अरहर के खेत में महिला के कपड़े मिले।

मामले की जांच के लिए जरमुंडी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। दुमका पुलिस ने बताया कि महिला ने जंगल में कैंप लगाने की कोई जानकारी नहीं दी थी। महिला को देर रात एक हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। शनिवार को वह पुलिस संरक्षण में अपनी बाइक से दुमका मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां उसका मेडिकल टेस्ट किया गया। इधर, इस मामले को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार पर हमला बोला है।

### भाजपा ने 195 प्रत्याशियों की...

मोदी इस बार भी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। पहली सूची में समाज के सभी वर्गों और जातियों को शामिल किया गया है। इसमें 34 केंद्रीय मंत्री और राज्यमंत्री के साथ दो पूर्व मुख्यमंत्री, 28 महिलाएं, 50 से कम से उम्र के 47 उम्मीदवार, 18 अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार, पिछड़ा वर्ग से 57 उम्मीदवारों को शामिल किया गया है। तावड़े ने बताया कि पहली सूची में उत्तर प्रदेश से 51, पश्चिम बंगाल से 20, मध्यप्रदेश से 24, गुजरात-15, राजस्थान-15, केरल -12, तेलंगाना -09, असम-11, झारखंड-11, छत्तीसगढ-11, दिल्ली-5, जम्मू-2, उत्तराखंड-3, अरुणाचल प्रदेश -2, गोवा-01, त्रिपुरा-01, अंडमान एंड निकोबार -01 सीट पर उम्मीदवार घोषित किए गए। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से पांच पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इसमें प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक, उत्तर-पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत और दक्षिण दिल्ली से रामबीर सिंह बिधूड़ी को उम्मीदवार बनाया गया है। मालूम हो कि पहली सूची जारी होने के पहले ही शनिवार को पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और पूर्वी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा सांसद गौतम गंभीर और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड के हजारीबाग से लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने भी चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर दी थी। दोनों ने सेवा का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार जताया। वहीं झारखंड के लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया गया है उनके स्थान पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव को टिकट दिया गया है।

### उग्रवादियों ने पिठौरिया में ...

उपस्थित मुंशी से मालिक के बारे में पूछताछ की। सही जवाब नहीं मिलने पर क्रशर के कार्य में लगे तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजे को फूंक डाला। मौके पर कार्य कर रहे मजदूर ने कहा कि क्रशर के पूर्व दिशा की ओर से पैदल चार-पांच की संख्या में नकाबपोश हथियारबंद लोग क्रशर पहुंचे थे और कहा, काम बंद करो। इसके बाद गाड़ी से उतार कर, मोबाइल स्विच ऑफ करवा कर मोबाइल अपने पास लेकर वाहनों पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। उग्रवादियों ने कहा कि हम लोग कृष्ण यादव उर्फ सुल्तान के आदमी हैं। मालिक को कह देना यहां पर काम नहीं करना है। यह कहते हुए कार्य कर रहे मजदूरों के छह मोबाइल को जब्त कर लिया और साथ लेकर चल दिये। मालिक को फोन पर इसकी सूचना हमलोगों ने दी।

## जिला प्रशासन की ओर से सर्किट हाउस में समारोह का आयोजन

# निवर्तमान आयुक्त व आईजी को अधिकारियों ने दी विदाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सेवानिवृत पलामू के आयुक्त दशरथ चंद्र दास एवं पलामू से स्थानांतरित पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा को विदाई दी गई। जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की शाम स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में आयोजित विदाई-सह-सम्मान समारोह में पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के अधिकारियों ने उपरोक्त दोनों अधिकारियों को उपहार प्रदान किया और उनके कार्यकाल की सराहना की। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि निवर्तमान आयुक्त ने अपनी सेवा काल की लंबी यात्रा तय की है। उनके कार्यकाल के अनुभव से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इनकी बातों से हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता रहा है। कहा कि आयुक्त का सेवाकाल स्वर्णिम रहा है। उन्होंने पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा के स्थानांतरण पर उन्हें




शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि इनका मार्गदर्शन आगे भी मिलता रहेगा। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने निवर्तमान आयुक्त एवं आईजी के कार्यों से प्रेरणा लेने की सलाह युवा पदाधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि काम के बदौलत दोनों ही अधिकारियों ने अपनी पहचान बनाते हुए सभी के लिए अमिट छाप छोड़ी है। आयुक्त के पद को सुशोभित करते हुए सेवानिवृत होना गर्व का विषय है। उन्होंने पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के कार्यों की तारीफ करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निवर्तमान आईजी से तनाव मुक्त एवं ठंडे दिमाग से सोचने की शक्ति मिलती रही है। उन्होंने सरल स्वभाव से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। यह हमसब पदाधिकारियों को हमेशा के लिए प्रेरित करता रहेगा। पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र के आईजी की पहचान ड्रीम आईजी के रूप में होती है। यह इनके सकारात्मक सोच, सरल व्यवहार, इमानदारी पूर्वक काम करने की चाहत और पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए काम लेने की बात काफी प्रेरित करता है। आईजी सर से पुलिस प्रशासन को बहुत कुछ सीखने को मिला और उम्मीद है कि आगे भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। पलामू में लंबे समय तक रहने के उपरांत स्थानांतरण हुआ है। इससे पलामू को ज्यादा उम्मीद बनती है। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त के कार्यकाल से प्रेरणा लेने की बातें कही। गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने निवर्तमान आयुक्त की सेवानिवृत्ति एवं पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के स्थानांतरण पर उनके द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन एवं अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने कार्य अनुभव के बदौलत जो ख्याति प्राप्त की है, उससे हम सभी साथियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने आईजी के संबंध में कहा कि विकट-से- विकट परिस्थितियों में भी खुशी के साथ कार्य करते रहने और लोगों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते रहने की सीख मिली है।

## 17 को भगवान परशुराम मंदिर के प्रांगण में होली मिलन समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा दिन शुक्रवार मंदिर प्रांगण में बैठक रखी गई, जिसमें सर्व सममिति से 17 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने किया बैठक को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि इस बार की होली पलामू प्रमंडल के विप्र परिवारजनों के लिए बहुत ही खाश होने वाली है, इस आत्मीय होली मिलन समारोह में सभी से आग्रह किया गया है आप इस समारोह में उपस्थित हों एवं अपनी भूमिका अवश्य सुनिश्चित करें। प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी ने कहा कि इस होली मिलन के जरिए उन सभी कलाकारों को एक मंच भी देने का प्रयास किया जाएगा, जो अभी तक मंच न मिलने के कारण अपनी प्रतिभा को निखार न पाये है। युवा समाजसेवी एवं आप पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि होली खुशी एवं उमंग का त्योहार इस होली मिलन समारोह में सभी पलामू प्रमंडल के गांव एवं शहरो में रहने वाले विप्र परिवार को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि इस कार्यक्रम को एक भव्य रूप दिया जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संरक्षक बसंत तिवारी, प्रदेश संरक्षक परमेस तिवारी, प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी, कई अन्य गणमान्य रहे उपस्थित ।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More "
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शनिवार को मुरैना में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा। (फोटो: आईएएनएस)

## नक्सलियों ने की भाजपा नेता तिरुपति कटला की हत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने भाजपा नेता तिरुपति कटला की धारदार हथियार से हत्या कर दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कटला की हत्या पर दुख जताया है। एक्स हैंडल पर जारी शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है, 'नक्सलियों से हमारी लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है। उनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने दिया जाएगा।' बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र यादव ने बताया कि भाजपा मंडल संयोजक और जनपद सदस्य तिरुपति शुक्रवार रात शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रास्ते में नक्सलियों ने घात लगाकर उनपर जानलेवा हमला किया। लोगों ने उन्हें बीजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

**डांसर अमरनाथ घोष की हत्या का मामला**

# भारत ने अमेरिका के साथ जोरदार ढंग से उठाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास के कार्यालय ने शनिवार को कहा कि वह कोलकाता के कुचिपुड़ी डांसर अमरनाथ घोष के रिश्तेदारों और मृतकों को हर संभव मदद दे रहा है। घोष की यहां गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक्स पर एक पोस्ट में वाणिज्य दूतावास ने कहा कि उसने सेंट लुइस पुलिस के साथ मामले को दृढ़ता से उठाया है। पोस्ट में कहा गया, वाणिज्य दूतावास मृतक अमरनाथ घोष के रिश्तेदारों को हर संभव मदद दे रहा है। हमले की जांच के लिए सेंट लुइस पुलिस और विश्वविद्यालय के साथ मामले को जोरदार तरीके से उठाया। शुक्रवार को, वाणिज्य दूतावास ने घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना व्यक्त की और पोस्ट किया: हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान कर रहे हैं। इस मामले को लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने उठया था, जिन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मदद मांगी और अपने दोस्त के शव को जल्द से जल्द भारत वापस लाने की मांग की।

## बदलापुर स्टेशन के पास एक्सप्रेस ट्रेन की 3 बोगियों में लगी आग

**मुंबई।** ठाणे जिले में बदलापुर रेलवे स्टेशन के पास साइडिंग में खड़ी एक एक्सप्रेस ट्रेन की तीन बोगियों में अचानक आग लग जाने से खलबली मच गई। इस घटना की सूचना मिलते ही फायरब्रिगेड के जवान और रेलवे मरम्मत टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मध्य रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार एक एक्सप्रेस ट्रेन को बदलापुर रेलवे स्टेशन के पास साइडिंग पर पार्क किया गया था। शुक्रवार रात करीब 1 बजे अचानक इस एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी में आग लग गई। देखते ही आग तीन बोगियों में फैल गई। रेलवे प्रशासन ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और शनिवार को सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

**एक नजर**

### पाकिस्तान : ईशनिंदा में हिंदू शिक्षक पांच साल बाद बरी

**कराची।** ईशनिंदा मामले के आरोप में पांच साल से जेल में बंद एक हिंदू शिक्षक को तत्काल रिहा करने का आदेश पाकिस्तान की अदालत ने शुक्रवार को दिया। हिंदू शिक्षक को 2019 में सिंध प्रांत के घोटकी जिले से उसे गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सुबूत पेश करने में असफल रहा है। ऐसे में संदेह का लाभ आरोपित को मिलना चाहिए और यह उसका अधिकार भी है।

### युवराज सिंह गुरदासपुर से नहीं लड़ेंगे चुनाव, एक्स पोस्ट में किया साफ

**चंडीगढ़।** क्रिकेटर युवराज सिंह पंजाब के गुरदासपुर से चुनाव नही लड़ेंगे। युवराज सिंह ने शुक्रवार रात एक्स हैंडल पोस्ट पर इन अटकलों पर विराम लगा दिया। युवराज सिंह के गुरदासपुर से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ने की चर्चा कई दिनों से चल रही है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ युवराज सिंह की मुलाकात के बाद इस चर्चा ने जोर पकड़ा था। गुरदासपुर से अभिनेता सन्नी देओल भाजपा से सांसद हैं। देओल से पहले विनोद खन्ना भी इस सीट से सांसद रह चुके हैं।

# पटना में 213 करोड़ की लागत से बनेगा पीएम एकता मॉल

### 21,400 करोड़ से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

### प्रधानमंत्री ने गंगा नदी पर छह लेन वाले पुल की भी आधारशिला रखी

**एजेंसी। औरंगाबाद (बिहार)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बिहार के एकदिवसीय दौरे के क्रम में औरंगाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने 21,400 करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं का रिमोट के जरिए उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने पटना में महत्वकांक्षी पीएम एकता मॉल का भी शिलान्यास किया। 213 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली इस परियोजना की परिकल्पना एक अत्याधुनिक सुविधा केंद्र के रूप में की गई है। इसके साथ ही पीएम ने दानापुर-बिहटा खंड से 25 किमी लंबा चार लेन वाला एलिवेटेड कॉरिडोर और बिहटा-कोइलवर खंड के मौजूदा दो लेन से चार लेन कैरिजवे का उन्नयन का भी शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा नदी पर छह लेन वाले पुल की भी आधारशिला रखी। उन्होंने बिहार में नमामि गंगे के तहत लगभग 2,190 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की गई बारह परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में तीन रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित की, जिनमें पाटलिपुत्र से पहलेजा रेलवे लाइन के दोहरीकरण की परियोजना, बंधुआ-पैमार के बीच 26 किमी लंबी नई रेल लाइन और गया में एक एमईएमयू शेड भी शामिल है। इसके अलावा आरा बाईपास रेल लाइन का भी शिलान्यास किया गया।



### 18,100 करोड़ रुपए के राष्ट्रीय राजमार्ग

राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने 18,100 करोड़ रुपए से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने एनएच-227 का 63.4 किमी लंबा दो-लेन का पक्की सड़क वाला जयनगर-नरहिया खंड, एनएच-131जी पर कन्हौली से रामनगर तक छह लेन की पटना रिंग रोड का खंड, किशनगंज शहर में मौजूदा फ्लाईओवर के समानांतर 3.2 किमी लंबा दूसरा फ्लाईओवर, 47 किलोमीटर लंबी बख्तियारपुर-रजौली को चार लेन और एनएच -319 के 55 किमी लंबे अर्रा-पररिया खंड को चार लेन का निर्माण शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी। इसमें आमस से ग्राम शिवरामपुर तक 55 किमी लंबे चार लेन वाला नियंत्रित सुगमता का ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण और शिवरामपुर से रामनगर तक 54 किमी लंबा चार लेन वाला नियंत्रित सुगमता का ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल है।

### बंगाल में अपराधी खुद तय करते हैं कि उन्हें कब गिरफ्तार होना है

**कोलकाता।** पीएम मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि यहां पुलिस नहीं बल्कि अपराधियों को खुद यह तय करने की छूट है कि उन्हें कब गिरफ्तार होना है। हालांकि प्रधानमंत्री ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा अप्रत्यक्ष रूप से तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शेख शाहजहां की ओर था, जिसे संदेशखाली में ईडी टीम पर हमले के 55 दिन बाद बुधवार रात गिरफ्तार किया गया था। पीएम पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कृष्णानगर में राज्य इकाई द्वारा आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्षों के उत्पीड़न और हिंसा के विरोध में अंततः सड़कों पर आने के लिए संदेशखाली की महिलाओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा, यह संदेशखाली में महिलाओं की शक्ति थी जिसने अंततः सत्तारूढ़ पार्टी को बैकफुट पर धकेल दिया।

## यूक्रेन, नीदरलैंड ने सुरक्षा सहयोग पर किया समझौता



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और डच प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। यह समझौता 10 साल के लिए है, जो यूक्रेन के लिए समर्थन की जी7 की संयुक्त घोषणा पर आधारित है। समझौते पर पूर्वी यूक्रेन के खार्किव शहर में हस्ताक्षर किए गए। दस्तावेज में कहा गया है कि नीदरलैंड 2024 में यूक्रेन को 2 बिलियन यूरो (लगभग 2.17 बिलियन डॉलर) की सैन्य सहायता प्रदान करेगा और भविष्य में भी अपना समर्थन जारी रखेगा।

**पाक राष्ट्रपति चुनाव**

# जरदारी, महमूद अचकजई ने नामांकन पत्र दाखिल किये

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पीपीपी और पीएमएल-एन के संयुक्त उम्मीदवार आसिफ अली जरदारी और पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई ने पाकिस्तान में 9 मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किये हैं। नामांकन पत्रों की जांच सोमवार को होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख 5 मार्च है और उम्मीदवारों की अंतिम सूची 6 मार्च को प्रकाशित की जाएगी। इससे पहले दिन में, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख महमूद खान अचकजई को अपने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। महमूद खान अचकजई ने बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला-सह-चमन में एनए-266 निर्वाचन क्षेत्र से नेशनल असेंबली सीट जीती थी। विभिन्न मामलों में जेल में बंद पीटीआई के संस्थापक इमरान खान ने अपने सांसदों से महमूद खान अचकजई के लिए वोट करने का आग्रह किया है।

# नेपाली कांग्रेस राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष का पद माओवादी पार्टी के लिए छोड़ने को तैयार

**एजेंसी। नेपाल**

सत्तारूढ़ घटक दलों में आई दरार को पाटने के लिए नेपाली कांग्रेस राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष का पद माओवादी पार्टी के लिए छोड़ने को तैयार हो गई है। यह कदम गठबंधन को टूटने से बचाने के लिए उठाया गया है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा ने कहा है कि राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद के कारण गठबंधन को टूटने नहीं दिया जाएगा। शनिवार सुबह पदाधिकारियों की बैठक में देउवा ने राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद माओवादी पार्टी को देने पर अपनी सहमति जता दी । मंत्रिमंडल फेरबदल पर भी सकारात्मक रुख दिखाया। प्रधानमंत्री प्रचंड का खेमा सरकार के एक वर्ष पूरे होने के बाद से ही कुछ मंत्रियों को बदलने के लिए दबाव बना रहा था। जब बात गठबंधन के टूटने पर आई तो पार्टी मंत्रिमंडल में शामिल अपने मंत्रियों के बदलने को तैयार हो गई। नेपाली कांग्रेस का यह संदेश लेकर पार्टी के तीन नेता प्रधानमंत्री प्रचंड से मुलाकात करने वाले हैं। नेपाली कांग्रेस के तरफ से सरकार में नेतृत्व कर रहे उपप्रधानमंत्री एवं रक्षामंत्री पूर्ण बहादुर खड्का, संसदीय दल के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक और पूर्व मंत्री ज्ञानेन्द्र कार्की को देउवा ने प्रचंड से बात करने के लिए अधिकृत किया है।

# गाजा में मानवीय राहत सामग्री भेजेगा अमेरिका : बाइडेन



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका गाजा में तत्काल मानवीय राहत सामग्री भेजेगा। यह निर्णय मौजूदा हालात को देखते हुए लिया गया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले गाजा में राहत और खाद्य सामग्री का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सुरक्षाबलों की गोलीबारी से सारी दुनिया चिंतित हो गई है। इस गोलीबारी में बड़ी संख्या में फिलिस्तीन के नागरिक मारे गए हैं। बाइडेन ने इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मुलाकात से पहले कहा, गाजा में निर्दोष लोग अपने परिवारों का भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं। यह लोग भीषण युद्ध में फंस गए हैं। इनको भोजन सामग्री और अन्य राहत सामग्री की जरूरत है। संयुक्त राज्य अमेरिका इनको भरपूर सहायता मुहैया कराएगा।

बाइडेन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका जॉर्डन के साथ काम करेगा। जार्डन गाजा में हवाई मार्ग से मदद पहुंचाने में सबसे आगे रहा है। गाजा में मदद समुद्र मार्ग से भी पहुंचाई जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, गाजा में भेजी जा रही मदद मौजूदा हालात को देखते हुए पर्याप्त नहीं है। वहां हर व्यक्ति की जिंदगी खतरे में है।

रिपोर्ट के अनुसार, बाइडेन और सुश्री मेलोनी ने गाजा में युद्ध रोकने के प्रयासों के साथ यूक्रेन के लिए समर्थन पर चर्चा की। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ अधिकारी जॉन एफ. किर्बी ने अमेरिका सबसे पहले विमानों से खाद्य सामग्री के पैकेट भेजेगा। इसके बाद पानी और दवा की आपूर्ति की जाएगी।

**भारत की तारीफ** | **अमेरिकी थिंक टैंक ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन की रिपोर्ट**

# मजबूत पुनर्वितरण नीति से खत्म हुई अत्याधिक गरीबी

### गरीबी अनुपात 2011-12 के 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2 प्रतिशत रह गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में अत्याधिक गरीबी लगभग खत्म हो गया है, जिसे गरीबी अनुपात में हुई तेज कमी और घरेलू खपत में दर्ज भारी वृद्धि के से समझा जा सकता है। यह कहना है अमेरिकी थिंक टैंक ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन का। सुरजीत भल्ला और करण भसीन द्वारा लिखित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पुनर्वितरण पर सरकार के मजबूत नीतिगत जोर का परिणाम है, जिससे पिछले दशक में भारत में मजबूत समावेशी विकास हुआ है। भारत में गरीबी को खत्म करने में उच्च विकास और असमानता में हुई बड़ी गिरावट ने सम्मिलित



योगदान दिया है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गरीब लोगों की संख्या विश्व बैंक के अनुमान से काफी कम है। क्रय शक्ति समता 1.9 डॉलर के स्तर पर, गरीब लोगों की संख्या की दृष्टि से गरीबी अनुपात 2011-12 के 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2 प्रतिशत रह गया है। लेखकों की राय है कि सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित कार्यक्रमों की एक विस्तृत व विविध श्रृंखला के माध्यम से पुनर्वितरण पर मजबूत नीतिगत जोर को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत उच्च खपत वृद्धि को आश्चर्य से नहीं देखा जाना चाहिए।

ब्रूकिंग्स की टिप्पणी में कहा गया है कि इन सार्वजनिक कार्यक्रमों में शौचालयों के निर्माण से संबंधित एक राष्ट्रीय मिशन तथा सभी के लिए बिजली एवं खाना पकाने के आधुनिक ईंधन और हाल ही में पाइप से पानी की सुलभता सुनिश्चित करने के प्रयास शामिल हैं। 15 अगस्त, 2019 तक भारत के ग्रामीण इलाकों में पाइप से पानी की सुलभता 16.8 प्रतिशत थी, जबकि वर्तमान में यह 74.7 प्रतिशत है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत, देश के 112 जिलों की पहचान सबसे कम विकास संकेतक वाले जिलों के रूप में की गई थी। सरकारी नीतियों द्वारा इन जिलों को लक्षित करके उनके विकास पर स्पष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है।

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन एक उत्साहजनक बदलाव है जिसका वैश्विक स्तर पर गरीबी की गणना की दर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च गरीबी रेखा की दिशा में बदलाव खासतौर पर इच्छित लाभार्थियों की बेहतर पहचान और वास्तविक गरीबों को अधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मौजूदा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को फिर से परिभाषित करने का अवसर प्रदान करता है।

**फिल्म जगत**

# रिहाना ने इंडिया छोड़ने से पहले जीता दिल, पैपराजी संग दिए पोज बोलीं- आई लव इंडिया




**प्रसिद्ध** उद्योगपति मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। फिलहाल उनका प्री-वेडिंग फंक्शन गुजरात के जामनगर में चल रहा है। अनंत अंबानी-राधिका की प्री वेडिंग सेरेमनी में कई मशहूर हस्तियां शामिल हुईं। 1 से 3 मार्च तक होने वाले इस इवेंट के लिए पॉप सिंगर रिहाना को भी बुलाया गया था। रिहाना ने अनंत-राधिका की प्री-वेडिंग में शानदार परफॉर्मेंस दी है। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। इसके साथ ही उनके व्यवहार ने नेटिजन्स का दिल भी जीत लिया है। अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग फंक्शन में गाना गाकर रिहाना घर लौटने के लिए एयरपोर्ट आईं। इस बार एयरपोर्ट पर उनके व्यवहार ने सभी का दिल जीत लिया। एयरपोर्ट पर रिहाना ने पैपराजी को पोज दिया। उस वक्त सिंगर का क्रेज देखकर पैपराजी ने पूछा, "क्या हम आपके साथ एक तस्वीर लें?" इसके बारे में सोचे बिना, रिहाना ने अपने सुरक्षा गार्डों को पीछे हटने के लिए कहा और पपराजा और हवाई अड्डे पर आए सभी आम लोगों के साथ तस्वीरें लीं। रिहाना ने भी 'आई लव इंडिया' कहकर भारत के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।